ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शनिवार 3 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 31 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 जिलकदा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


तापमान: अधिकतम :35°C न्यूनतम: 25°C

सेंसेक्स: 80,501.99 / 24,346.70

सोना: 96,750 चांदी: 98,000



## इजरायल ने दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के निकट किया हमला

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## केसीए पर विवादित टिप्पणी: श्रीसंत पर लगा तीन साल का प्रतिबंध

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर गरजे भारतीय सेना के विमान

**शाहजहांपुर।** उप्र में शाहजहांपुर के जलालाबाद में बनी हवाई पट्टी पर शुक्रवार को भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने लैंडिंग ट्रायल करते हुए अपना दम दिखाया।

शाहजहांपुर के गंगा एक्सप्रेसवे पर साढ़े तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है। यह देश की पहली ऐसी हवाई पट्टी है, जहां वायुसेना के लड़ाकू विमान दिन और रात में उतर सकेंगे। भारतीय वायुसेना के जंगी जहाजों ने शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेसवे पर अपनी ताकत दिखाई। शाहजहांपुर स्थित साढ़े तीन किलोमीटर एयर स्ट्रिप पर राफेल, मिराज और जगुआर ने एयर शो किया। इन लड़ाकू विमानों ने गंगा एक्सप्रेसवे पर टच एंड गो प्रैक्टिस की। इस एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करना है। मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का बदायूं से लेकर प्रयागराज तक 464 किलोमीटर के एक्सप्रेसवे का निर्माण अग्रणी औद्योगिक समूह अदाणी ग्रुप के द्वारा किया जा रहा है। बदायूं से हरदोई तक 151.7 किमी, हरदोई से उन्नाव तक 155.7 किमी और उन्नाव से प्रयागराज तक 157 किमी के तीन समूहों का निर्माण कर रहा है, जिसे आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है। गंगा एक्सप्रेस का लगभग 80 प्रतिशत से ऊपर काम पूरा हो गया है। जलालाबाद तहसील के गांव पीरू के पास गंगा एक्सप्रेस वे 3.5 किलीमीटर लंबी आधुनिक नवनिर्मित नाइट लैंडिग हवाई पट्टी पर शुक्रवार को मौसम खराब होने के कारण अपराह्न 12:47 मिनट पर भारतीय वायुसेना ने ऐतिहासिक शौर्य दिखाते हुए मालवाहक विमान सहित राफेल, मिराज, जगुआर मिग-24 समेत 16 लड़ाकू विमानो को हवाई पट्टी पर लैंडिंग करके यहां से उड़ान भरी। नाइट लैंडिंग शो के लिए कटरा जलालाबाद राज्य मार्ग शाम 7:00 बजे से रात्रि 10 बजे तक पूरी तरह से बंद किया गया है। यहां सुरक्षा के लिए इस पूरे क्षेत्र में 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। भारतीय वायुसेना का शक्ति प्रदर्शन देखने के लिए स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीणों भारी संख्या में जुड़े।



■ वायुसेना के जंगी जहाजों ने किया लैंडिंग ट्रायल

# वैदिक मंत्रोच्चार व विधि विधान से खुले बाबा केदार के कपाट



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कपाट खुलने के अवसर पर मौजूद रहे 20 हजार से अधिक भक्त
■ पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई संपन्न
■ कपाट खुलने की मुख्यमंत्री धामी ने दी देशवासियों को बधाई

**रुद्रप्रयाग।** पौराणिक परंपराओं, रीति-रिवाजों व विधि-विधान के साथ द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अग्रणी भगवान केदारनाथ के कपाट शुक्रवार प्रात: सात बजे आम भक्तों के दर्शनों के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलने के साक्षी बीस हजार से अधिक भक्त बने। कपाट खुलने के बाद समाधि में लीन बाबा केदार को जागृत किया गया और फिर विशेष पूजा-अर्चना की गई। अब भक्त धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शनों का पुण्य अर्जित कर सकते हैं।

शुक्रवार प्रात: सात बजे केदारनाथ भगवान के कपाट आम भक्तों के लिए खोल दिए गए हैं। मंदिर समिति के अधिकारी- कर्मचारियों की मौजूदगी में केदारनाथ धाम के रावल भीमा शंकर लिंग और पुजारी बागेश लिंग ने कपाट खोलने की प्रक्रिया पूरी। इस दौरान सम्पूर्ण केदारनगरी जय श्री केदार के उदघोषों से गूंज उठी। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कपाट खुलने के अवसर पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कपाट खुलने पर केदारनाथ धाम में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। केदारनाथ धाम में सबसे पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य के साथ ही संपूर्ण देश को इस पल की प्रतीक्षा रहती है। केदारनाथ धाम सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ ही भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। हमारे राज्य के लिए यह उत्सव का समय है। मुख्यमंत्री ने बाबा केदार से सभी यात्रियों की मंगलमयी यात्रा की प्रार्थना की।

## छह लोगों के पाकिस्तान डिपोर्टेशन पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को श्रीनगर के अहमद तारिक बट्ट के परिवार के 6 सदस्यों को पाकिस्तान डिपोर्ट करने पर रोक लगा दी। कहा कि जब तक इन लोगों के आइडेंटिटी डॉक्यूमेंट्स वेरिफाई नहीं हो जाते, तब तक उनको डिपोर्ट नहीं किया जाए। दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया था। बट्ट परिवार को भी देश छोड़ने का नोटिस मिला। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने परिवार को यह स्वतंत्रता दी कि यदि वे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन आदेश से खुश नहीं हैं, तो जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं। कोर्ट ने ये भी कहा है कि इस मामले में दिया कोर्ट का आदेश मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाए।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में बादल फटा, एनएच-44 बंद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के रामबन में शुक्रवार को बादल फट गया। सड़क पर मडस्लाइडिंग (कीचड़) के चलते जम्मू- श्रीनगर हाईवे (एनएच-44) दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि हाईवे क्लियर हुआ या नहीं, सोशल मीडिया पर इसका स्टेटस चैक करके ही निकलें। इससे पहले दिल्ली-एनसीआर-यूपी और छत्तीसगढ़ में गुरुवार रात आंधी-बारिश और बिजली-पेड़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली, उत्तर प्रदेश में 4-4 और छत्तीसगढ़ में 2 लोगों ने जान गंवाई है। दिल्ली-एनसीआर के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। दिल्ली एयरपोर्ट से 200 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हो गई हैं। 3 को डायवर्ट भी करना पड़ा। 2 को जयपुर और एक को अहमदाबाद में लैंड करवाया गया। दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेट करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने कहा कि फ्लाइट ऑपरेशन नार्मल है। दिल्ली एयरपोर्ट से रोज करीब 1,300 उड़ानों की आवाजाही होती है।

# पाक पीएम शहबाज का यूट्यूब चैनल ब्लॉक

## पाक ने दो दिन बाद खोला वाघा बॉर्डर, 21 पाक नागरिक लौटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक कर दिया। इसके अलावा क्रिकेटर बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन आफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद कर दिए हैं।

इस बीच, पाकिस्तान ने 2 दिन बाद शुक्रवार को वाघा बॉर्डर खोल दिया है। 30 अप्रैल से बॉर्डर बंद कर दिया था। इसके बाद कई पाक नागरिक स्वदेश नहीं लौट पाए थे। शुक्रवार को 21 पाक नागरिकों को देश लौटने की इजाजत दी गई। ये लोग वीजा सस्पेंड होने के बाद भारतीय सीमा में फंसे थे। पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों की गोलीबारी में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। पहलगाम की बैसरन घाटी में एनआईए और फोरेंसिक टीम शुक्रवार को जांच करने पहुंची। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि -शेष पृष्ठ दो पर



चार क्रिकेटरों के इंस्टाग्राम अकाउंट भी किए बंद, नौ को वापस लेने से किया इन्कार, बैसरन में NIA जांच जारी

पहलगाम हमले के बाद इंडियन सिस्टम पर 10 लाख साइबर अटैक, वेबसाइट व पोर्टल्स को टारगेट किया

## सैन्य प्रतिष्ठानों की वेबसाइट हैक करने की पाकिस्तान की कोशिश लगातार विफल

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत की घेराबंदी से हताश पाकिस्तान भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की वेबसाइटों को हैक करने की निरंतर कोशिश कर रहा है, लेकिन भारत की साइबर सुरक्षा एजेन्सियां इन कोशिशों को निरंतर विफल कर रही हैं। सुरक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि भारत द्वारा निरंतर उठाए जा रहे कदमों से बौखलाए पाकिस्तान प्रायोजित हैकर समूह , 'साइबर ग्रुप एचओएएक्स1337' और 'नेशनल साइबर क्रू' भारतीय वेबसाइटों पर निरंतर साइबर हमले कर रहे हैं।

# नैनीताल: दुष्कर्म के आरोपी के घर पर नहीं चलेगा बुलडोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ नैनीताल हाईकोर्ट ने दी राहत, पालिका व पुलिस को लगाई फटकार

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट से नैनीताल में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी मोहम्मद उस्मान व रुक्कुट वासियों को बड़ी राहत मिली है । अब नगर पालिका मोहम्मद उस्मान व अन्य को अतिक्रमण हटाने के सम्बंध में दिए गए नोटिस को वापस लेगी। नगर पालिका ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का पालन न करने पर अपनी गलती स्वीकार की है।

मोहम्मद उस्मान के अधिवक्ता डा. कार्तिकेय हरि गुप्ता ने नगर पालिका नैनीताल द्वारा मोहम्मद उस्मान को दिए नोटिस को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि अतिक्रमण हटाने से पूर्व 15 दिन का नोटिस देना होता है, लेकिन नगर पालिका ने केवल तीन दिन का समय दिया जबकि आरोपी जेल में है । इसके अलावा क्षेत्र के कई दर्जन अन्य लोगों को नोटिस दिए हैं । यह अपने आप में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना है। इस मामले की सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की स्पेशल बेंच बनी थी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व नैनीताल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रथम व द्वितीय कोर्ट में पेश हुए थे । सुनवाई के दौरान तीन दिन का समय दिए जाने के नोटिस पर नगर पालिका ने अपनी गलती -शेष पृष्ठ दो पर

# सोनिया व राहुल गांधी को कोर्ट का नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

नेशनल हेराल्ड केस



■ अदालत ने कहा- आरोपियों का पक्ष भी सुना जाएगा, मामले में अगली सुनवाई आठ मई को होगी

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस दिया। कोर्ट में मामले की दूसरी सुनवाई हुई थी।

कोर्ट ने मामले में सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, सुनील भंडारी, मेसर्स यंग इंडिया और मेसर्स डोटेक्स मर्केंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि किसी भी स्तर पर बात सुने जाने का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई में जान फूंकता है। मामले की अगली सुनवाई अब 8 मई को होगी। 25 अप्रैल को कोर्ट ने कहा था कि चार्जशीट में कुछ डॉक्यूमेंट्स गायब हैं, दाखिल करें। 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इन्कार कर दिया था।

## रामदेव ने वीडियो सिर्फ प्राइवेट किया

**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव के शरबत जिहाद मामले पर शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। हमदर्द ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि रूह अफजा के खिलाफ रामदेव का वीडियो यूट्यूब से हटाया नहीं गया है, बल्कि उसे प्राइवेट किया गया है यानी कि यूट्यूब चैनल सब्सक्राइबर इसे अभी भी देख सकते हैं। रामदेव की तरफ से पेश वकील ने कहा कि कोर्ट की तरफ से दिए गए 24 घंटे के समय के भीतर वीडियो हटा दिया जाएगा। हालांकि, हमदर्द ने यह भी दलील दी कि वीडियो को आस्था चैनल पर भी दिखाया जा रहा है। इस मामले पर कोर्ट में अब 9 मई को सुनवाई होगी। इससे पहले गुरुवार को कोर्ट ने योगगुरु के दूसरे वीडियो पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं।

# प्रेस फ्रीडम इंडेक्स: 180 देशों में भारत 151वीं रैंकिंग पर

पेरिस, वार्ता

■ चीन में मीडिया की हालत अफगानिस्तान से भी खराब

**पेरिस स्थित** इंटरनेशनल एनजीओ रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरडब्ल्यूबी) ने 2025 के वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत को 180 देशों में 151वीं रैंकिंग पर रखा है। इस लिस्ट में पिछले साल भारत की रैंकिंग 159 थी।

इंडेक्स में इरीट्रिया सबसे निचले पायदान पर और नॉर्वे पहले पायदान पर है। भूटान, पाकिस्तान, तुर्की, फलस्तीन, चीन, रूस, अफगानिस्तान, सीरिया और उत्तर कोरिया को भारत से नीचे रखा गया है। आरडब्ल्यूबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स के आज तक के इतिहास में इकोनॉमिक इंडिकेटर अपने सबसे निचले स्तर पर है। दुनिया भर का मीडिया फंडिंग की कटौती से जूझ रहा है। इंफर्मेशन के संसाधनों पर गूगल, एपल, फेसबुक, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी टेक कंपनियों के दबदबे की वजह से मीडिया को और ज्यादा आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहले जो विज्ञापन मीडिया आउटलेट्स को मिलते थे, अब उनका एक बड़ा हिस्सा इन टेक प्लेटफॉर्म्स को मिल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई देशों में मीडिया पर पॉलिटिकल नेताओं का कंट्रोल है।


S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Bhopa Road, Muzaffarnagar
Invites Application
for the Post of Asstt. Professor in
BBA | BCA
BFA | B.Sc (Comp.Science)
LIBRARIAN
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdcmsmzn@rediffmail.com
Or Contact: 8937095006




## संक्षिप्त समाचार

### अंबेडकर के अपमान पर एसटी कमीशन दर्ज कराएगा केस

**लखनऊ।** प्रदेश अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत कहा कि संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अपमान का स्वत: संज्ञान लेकर आयोग दोषियों के खिलाफ एफआईआर कराएगा। रावत ने कहा कि आयोग ने मामले का स्वत: संज्ञान लिया और लखनऊ के पुलिस आयुक्त को दोषियों के विरुद्ध मुक. दमा पंजीकृत करने को कहा। गौरतलब है कि समाजवादी लोहिया वाहिनी के पोस्टर जिसमें डा. अंबेडकर के चित्र के आधे भाग पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के चित्र को प्रदर्शित किया गया है। रावत ने इस कृत्य की निदा करते हुए कहा कि महापुरुषों का अपमान और राष्ट्र विरोधी तत्वों का महिमामंडन सपा की फितरत है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अनु.जाति और अनु. जनजाति आयोग की ओर से स्वत: संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त लखनऊ को पत्र लिखा कि दोषियों के विरुद्ध अनु. जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्रवाई करें।

### गोरखपुर के वरिष्ठ पत्रकार कृपा शंकर पांडे का निधन

**प्रतापगढ़।** समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) में चार दशक से अधिक समय तक अपनी सेवा दे चुके वरिष्ठ पत्राकार कृपा शंकर पांडे का शुक्रवार भोर यहां हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। वह करीब 82 वर्ष के थे। आज भोर उन्होंने अपने पैतृक निवास प्रतापगढ़ में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज में संगम तट पर किया जाएगा। पांडे के निधन पर सामाजिक संगठनो,राजनीतिक दलों और पत्रकार संगठनों ने दुख प्रकट किया है। हाल ही में पांडे के पुत्र का निधन लंबी बीमारी के बाद हो गया था, जिससे वह काफी व्यथित रहते थे। मृद भाषी और सरल स्वभाव रखने वाले पांडे ने करीब 42 वर्ष तक यूएनआई में अपनी सेवा दी। वर्ष 2005 में सेवानिवृत्ति से पहले वह गोरखपुर और कानपुर में यूएनआई के ब्यूरो प्रमुख भी रहे थे। वह 1993 में गठित प्रेस क्लब गोरखपुर की कार्यकारिणी में महामंत्री रहे और गोरखपुर के सर्वप्रथम पत्रकारिता संगठन गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन की पूर्ववर्ती संस्था गोरखपुर पत्रकार परिषद के अध्यक्ष और संरक्षक भी रहे थे।

### उत्तर प्रदेश में फूड एंड रेस्टोरेंट बिजनेस को मिली ऊंची उड़ान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा और व्यवसाय सुगमता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण में पिछले कुछ वर्षों में 200 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। यह उपलब्धि न केवल खाद्य व्यवसायियों के लिए बल्कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 1,16,316 फूड लाइसेंस और लगभग 7,43767 फूड रजिस्ट्रेशन सक्रिय हैं, जो प्रदेश में खाद्य व्यवसायों की बढ़ती संख्या और विभाग की सक्रियता को दर्शाता है। इसके साथ योगी मार्गदर्शन में प्रदेश का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग व्यापार सुगमता के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा के लिए भी पूरी सतर्कता से कार्यरत है।

## तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों को उद्योगों से जोड़ें: योगी

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी करें प्रतिभाग

**लखनऊ, वार्ता**

**तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा विभाग की समीक्षा**



■ राज्य सरकार द्वारा अनेक ठोस पहल की गई, जिनके उत्साहवर्धक परिणाम मिल रहे हैं, आवेदन से पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राविधिक एवं व्यावसायिक शिक्षा में नवाचारों के समावेश एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि विगत आठ वर्षों में तकनीकी शिक्षा को अधिक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, नवाचारपरक एवं परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक ठोस पहलें की गई हैं, जिनके उत्साहवर्धक परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्ताप. रक शिक्षा के लिए सभी प्राविधिक संस्थान नैक, एनबीए तथा एनआईआरएफ मूल्यांकन में प्रतिभाग करें, मगर आवेदन से पूर्व व्यापक तैयारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा के तहत राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों की रैंकिंग की सराहना करते हुए। इसके अंतर्गत निजी संस्थानों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए, ताकि समस्त संस्थानों में गुणवत्ता की समान मानक सुनिश्चित हो सकें। योगी शुक्रवार को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल तथा व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ में वर्ष 2024-25 हेतु कुल 1.64 लाख सीटों पर नामांकन हुआ है। विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें एमओओसी आधारित अध्ययन, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट तथा इंटीग्रेटेड प्रोग्राम सम्मिलित किए गए हैं। सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय के 12,739 छात्रों को रोजगार प्राप्त हुआ, जिसमें अधिकतम वार्षिक वेतन 59.91 लाख रुपये रहा। इसी प्रकार, एमएमएमयूटी, गोरखपुर में वर्ष 2023-24 में छात्रों को 52 लाख रुपये वार्षिक वेतन तक के पैकेज पर प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट मिला। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों एवं इंजीनियरिग कॉलेजों में व्यवहारिक अध्ययन को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए तथा गुणवत्तापूर्ण प्रयोगशालाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक श्रेणी के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। योगी ने निर्देशित किया कि नवस्थापित राजकीय इंजीनियरिग कॉलेज बस्ती, गोंडा, मीरजापुर एवं प्रतापगढ़ के भवन निर्माण तथा परिसर विकास से जुड़ी सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाएं, ताकि अगले शैक्षणिक सत्रा से यह कॉलेज अपने निजी परिसरों से संचालित हो सकें।

### 2030 तक निर्यात को तीन गुना करने का लक्ष्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक निर्यात को तीन गुना करने की है। निर्यात बढ़ाने के इस लक्ष्य में खेतीबाड़ी की अहम भूमिका होगी। राष्ट्रीय स्तर के निर्यात के आंकड़े भी यही कहते हैं। इन आंकड़ों के मुता. बिक कोविड-19 के बाद से ही कृषि एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में लगातार वृद्धि हुई है। 2023-2024 की तुलना में 2024-2025 में वृद्धि की यह दर करीब 10 फीसद रही। कई फलों एवं सब्जियों को नए बाजार मिले। वैश्विक स्तर की बेहतरीन कनेक्टिविटी और देश के इकलौते अंतर्राज्यीय जलमार्ग (प्रयाग से हल्दिया) के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों से खाड़ी के देशों को सब्जियों के निर्यात में वृद्धि हुई है। वैसे तो सेहत का सेक्टर शुरू से सर्वोपरि रहा है, पर कोविड के बाद यह क्रेज के रूप में उभरा है। लोगों के फूड बिहेवियर में आमूलचूल बदलाव आया है। यूरोप और अमेरिका में ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग बढ़ी है। इन देशों के निर्यात के मानक उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर बेहद सख्त हैं। इसलिए योगी सरकार निर्यात के मानकों को सुनिश्चित करने के लिए एशिया के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (जेवर) के पास एक्सपोर्ट हब विक. सित कर रही है। इस हब में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशाला भी होगी। ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग से प्राकृतिक खेती करने वाले किसान खुशहाल होंगे। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ सरकार का पफोकस कृषि विविधीकरण और प्राकृतिक खेती पर भी है।

उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत करते समय स्थानीय औद्योगिक आवश्यकताओं एवं संभावनाओं को प्राथमिकता दी जाए। तकनीकी शिक्षा के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 2139 पॉलीटेक्निक संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनमें 147 राजकीय, 18 पीपीपी मोड, 19 अनुदानित एवं 1948 निजी संस्थान शामिल हैं। इन संस्थानों में 2.68 लाख से अधिक प्रवेश क्षमता उपलब्ध है, जिनमें 1.15 लाख से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। विभाग द्वारा डिजिटल कक्षाएं, आधार आधारित बायोमैट्रिक उपस्थिति, उद्योग-संलग्न पाठ्यक्रम, तथा फंटियर टेक्नोलॉजी जैसे ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस एवं मशीन लर्निंग को पाठ्यक्रमों में समाहित किया गया है।

## बुजुर्ग होते हैं अतीत की कड़ी व भविष्य के मार्गदर्शक: मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सम्मान के साथ वृद्धावस्था कार्यक्रम में बोली राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुजुर्गों को अतीत की कड़ी और भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए कहा है कि सभी को उनके मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए। मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल- 'सम्मान के साथ वृद्धावस्था' नामक कार्यक्रम में भाग लिया।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक के लिए आवासों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण और सामा. जिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारी संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बहुत सहज होते हैं। बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं। जब बुजुर्ग अपने परिवार को फलते-फूलते देखते हैं, तो वे भी शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिदगी में वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी है। वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था आध्यात्मिक रूप से खुद को सशक्त बनाने, अपने जीवन और कार्यों का विश्लेषण करने तथा सार्थक जीवन जीने का भी एक चरण है। आध्यात्मिक रूप से सशक्त वरिष्ठ नागरिक देश और समाज को अधिक समृद्धि तथा प्रगति की ओर ले जा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बुजुर्ग अतीत की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम सुनिश्चित करें कि हमारे वरिष्ठ नागरिक अपना बुढ़ापा गरिमा और सक्रियता के साथ जिएं।

## पहलगाम आतंकी हमले में पाक का हाथ: फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर, वार्ता**

पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने पर जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कोई भी हो सकता है, क्योंकि जब तक हम उन्हें पकड़ नही लेते, तब तक हम पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकते, लेकिन हैंडलर वही हैं, उन्होंने पहले भी ऐसा किया है। यह कोई नई बात नहीं है। उरी के पीछे भी वे (पाकिस्तान) ही थे।

पुलवामा में जो हुआ, उसे देखिए, किसने किया? मुंबई, पठानकोट, बिलावर के पीछे कौन था? राजौरी और पुंछ में कौन काम कर रहा है? हैंडलर वही हैं। फारूख अब्दुल्ला से एक कार्यक्रम में जब पूछा गया कि क्या पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है, तो उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता, तो वे आज पीएम नहीं होते। प्रधानमंत्री के तौर पर हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है और वे उस जिम्मेदारी को निभा रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में स्थानीय लोगों की संभावित संलिप्तता पर कारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि



■ भारत में सभी हमलों का हैंडलर है पाकिस्तान

ऐसा हो सकता है। ऐसी घटनाएं स्थानीय समर्थन के बिना भी हो सकती हैं। वे यहां कैसे और किस तरह से आए? मैंने पहले भी यही कहा था, जब मौलाना अजहर को रिहा किया गया था, तो मैंने इसके खिलाफ चेतावनी दी थी। मैंने कहा था, उसे रिहा मत करो, वह रास्तों को जानता है और उन्हें मैप भी कर चुका है। लेकिन किसी ने मेरी बात नहीं सुनी, वे उसे सीमा पार ले गए। पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करने के बारे में फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैं वर्षों से कह रहा हूं कि इस संधि पर फिर से बातचीत होनी चाहिए।

## कानपुर के एसडीएम और तहसीलदार समेत चार पर केस दर्ज

**कानपुर।** कोर्ट का आदेश पालन नहीं करने पर कानपुर के एसडीएम और तहसीलदार समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कानपुर के पनकी क्षेत्र की एक भूमि विवाद में लाप. रवाही बरतने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) सूरज मिश्रा की कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है।

कोर्ट ने एसडीएम सदर, तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल के खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश दिया है। मामला भूमि की पैमाइश न किए जाने और कोर्ट के आदेशों की अनदेखी से जुड़ा हुआ है। ज्ञात हो कि पनकी निवासी सोबरन पाल ने मेवालाल से जमीन खरीदी थी, लेकिन अब तक पैमाइश नहीं हुई। आरोप है कि इसी बीच मेवालाल, सुरेश सिंह चौहान (निवासी गांधी गांव), सुरेंद्र सिंह (तात्याटोपे नगर) और सुभाष यादव (मेहरबान सिंह का पुरवा) ने मिलकर इस जमीन को अपनी जमीन में मिलाकर उसे अन्य लोगों को बेचना शुरू कर दिया। सोबरन पाल ने कई बार तहसीलदार को भूमि की पैमाइश के लिए आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत की, जिस पर डीएम ने तहसीलदार को पैमाइश कराने का निर्देश दिया, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा हटाई जाए: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना का स्वागत करते हुए 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा हटाने और निजी संस्थानों में आरक्षण लागू करने की मांग की है। इस जनगणना से आरक्षण नीति में बड़ा बदलाव आ सकता है और निजी स्कूल-कॉलेज पर भी असर पड़ेगा।

जातिगत जनगणना के फैसले का स्वागत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना पहला कदम है, ये दरवाजा खोलने का तरीका है। उसके बाद विकास का काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि 50 फीसदी आरक्षण की लिमिट खत्म की जानी चाहिए। इसके अलावा संविधान की धारा 15(5) के तहत प्राइवेट शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई, जिस तरह सरकारी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण कायम है। ऐसे में जातीय जनगणना और राहुल गांधी की मांग से निजी स्कूल और शिक्षण



■ निजी संस्थानों में आरक्षण लागू करने की मांग की

संस्थान पर पड़ेगा। देश में जातिगत जनगणना के आंकड़े सामने आने के बाद आरक्षण की सीमा बढ़ाने का दबाव सरकार पर पड़ेगा। जातिगत जनगणना से हर जाति की गिनती होगी और प्रमाणिक आंकड़ा सबके सामने होगा। ऐसे में जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार के फैसला लेने के बाद राहुल गांधी ने आरक्षण की लिमिट बढ़ाने की मांग उठा दी है। 1931 की जाति गणना में पिछड़ी जातियों की आबादी 52 फीसदी से अधिक बताम्र गई थी। मंडल आयोग में ओबीसी की आबादी 52 फीसदी मानी गई थी, पर राज्यों के सर्वे में ओबीसी की संख्या बढ़कर सामने आई है। जाति गणना से राष्ट्रीय स्तर पर हर जाति की जनसंख्या का पता लग सकेगा। राहुल गांधी ने कहा कि सामाजिक न्याय केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि निजी क्षेत्र में भी समान अवसर सुनिश्चित किए जाने चाहिए। इसके लिए उन्होंने बाकायदा अनुच्छेद 15(5) को लागू करने का सुझाव दिया, जिसके जरिए संविधान में ही प्राइवेट स्कूल और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था का जिक्र है। इससे साफ है कि जातिवार जनगणना के साथ प्राइवेट क्षेत्र में भी आरक्षण की मांग तेज हो सकती है। कांग्रेस ने अहमदाबाद के अधिवेशन में निजी क्षेत्र में आरक्षण की वकालत की थी और उसके लिए प्रस्ताव लाई थी। राहुल गांधी ने अनुच्छेद 15(5) की बात करके निजी स्कूल और कॉलेज में आरक्षण के मुद्दे को सियासी चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार
अर्थ व्यापार

## लिवाली के बल पर शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई, वार्ता**

वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर सर्विसेस, एनर्जी, तेल एवं गैस और टेक जैसे समूहों की कंपनियों में हुई लिवाली के बल पर शेयर बाजार सप्ताहांत पर उतार चढ़ाव के बीच बढ़त बनाने में सपफल रहा।

शुक्रवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 259.75 अंकों की बढ़त के साथ 80501.99 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 12.50 अंक बढ़कर 24346.70 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों में जहां लिवाली देखी गई, वहीं मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली का दबाव दिखा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप 0.41 प्रतिशत टूटकर



42707.87 अंक पर और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत फिसलकर 47365.54 अंक पर रहा। बीएसई में शामिल समूहों में से बढ़त में रहने वालों में सर्विसेस 1.67 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.69 प्रतिशत, एनर्जी 0.57 प्रतिशत, टेक फोक्सड 0.49 प्रतिशत और आईटी 0.45 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। गिरावट में रहने वालों में टेलीकम्युनिकेसंस 2.06 प्रतिशत, सीडी 1.66 प्रतिशत, पावर 0.96 प्रतिशत, रियल्टी 0.56 प्रतिशत और धातु 0.62 प्रतिशत शामिल है। बीएसई में कुल 4085 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2183 लाल निशान में जबकि 1761 हरे निशान में दिखी और 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर चीन के शंघाई कंपोजिट 0.23 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख समूहों में तेजी रही, जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.76 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 1.75 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.04 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.74 प्रतिशत शामिल है। बीएसई का संसेक्स 58 अंकों की बढ़त के साथ 80300.19 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 81177.93 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो गई, जिसके दबाव में यह 80168.59 अंक के निचले स्तर तक उतरा।

## पंडा ने सेल के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** डा. अशोक कुमार पंडा ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाला है। सेल ने आज यहां जारी बयान में कहा कि डा. पांडा ने 30 अप्रैल को कार्यभार संभाला था। डा. पंडा ने 1992 में सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया था। अपने करियर के दौरान, डा. पंडा ने सेल के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में विभिन्न पदों पर काम किया है। अपने वित्तीय एवं तकनीकी ज्ञान और प्रोएक्टिव अप्रोच के लिए व्यापक रूप से जाने जाने वाले डा. पंडा को वित्तीय लेखांकन, लागत और बजट, बिजनेस प्लानिग, राजकोष संचालन, टैक्सेशन व रणनीतिक प्रबंधन तक के क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल है।

## खाद्य तेलों व सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3971 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की गिरावट लेकर 49.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सोया रिफाइंड, पॉम आयल, सरसों तेल, मूंगफली तेल, वनस्पति तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव



नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850- 6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500- 4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पाक पीएम...**

पहलगाम हमला करने वाले आतंकी दक्षिण कश्मीर के जंगलों में छिपे हैं। उनके पास राशन-पानी है, ऐसे में ये इन पहाड़ी इलाकों में लंबे समय तक रह सकते हैं। 21 पाकिस्तानी नागरिक 2 मई को अटारी-वाघा बॉर्डर से अपने देश पहुंच गए। पाकिस्तानी नागरिकों के भारत छोड़ने की डेडलाइन खत्म होने के बाद ये लोग बॉर्डर पर फंसे हुए थे। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के हर तरह के वीजा रद्द कर दिए थे। उन्हें 30 अप्रैल तक भारत छोड़ने का आदेश था। इस बीच पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं।

पाकिस्तानी क्रिकेटरों बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन आफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने अटारी बॉर्डर पर पहुंचे 9 नागरिकों को वापस लेने से इन्कार कर दिया। भारत सरकार के आदेश के बाद ये लोग अटारी बॉर्डर से पाकिस्तान वापस जाने के लिए पहुंचे थे। पाकिस्तानी अधिकारियों ने इसका कारण नहीं बताया है। वहीं महाराष्ट्र साइबर ने शुक्रवार को बताया कि पहलगाम हमले के बाद इंडियन सिस्टम पर 10 लाख साइबर अटैक हुए हैं। महाराष्ट्र पुलिस की साइबर क्राइम डिटेक्शन विंग ने कहा कि 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद साइबर अटैक में तेजी आई है। महाराष्ट्र साइबर डिपार्टमेंट के डीजीपी यशस्वी यादव ने कहा कि इन अटैक्स में भारतीय वेबसाइट और पोर्टल्स को टारगेट किया गया। ज्यादातर हैकिंग ग्रुप्स ने खुद के इस्लामिक ग्रुप होने का दावा किया।

**नैनीताल: दुष्कर्म...**

स्वीकार करते हुए नोटिस वापस लेने की जानकारी कोर्ट को दी। हाईकोट ने दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी के बाद नैनीताल में हुए विरोध प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी जताई और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल सहित पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने ऐसे मामले ने सख्ती से निपटने की सलाह दी है। मामले की अगली सुनवाई की तिथि 6 मई (मंगलवार) को होगी। उस दिन पुलिस व नगर पालिका कोर्ट के आदेशों के पालन की रिपोर्ट देनी है। कोर्ट ने उस उस दिन महाधिवक्ता तथा मुख्य स्थायी अधिवक्ता तथा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सहित ईओ नगर पालि. का से भी पेश होने को कहा है।

सुनवाई पर कोर्ट ने कहा कि गाड़ी पड़ाव में घटना के समय लोग एक दूसरे की जान लेने के लिए उतारू थे लेकिन पुलिस उन्हें शांत करने के बजाय घूम रही थी। पुलिस के उच्चाधिकारी व प्रसाशन कई समय तक वहां मौजूद नहीं था। कोर्ट ने ईओ को फटकार लगाते हुए कहा कि आपको एक मई को ही कैसे पता चला कि मकान अवैध भूमि पर बना है। कोर्ट ने जब आरोपी को पेशी के लिए हल्द्वानी कोर्ट में पेश किया, तो अधिवक्ताओं ने वहां भी विरोध प्रदर्शन किया, जबकि आरोपी पुलिस की कस्टडी में पकड़ा गया है। अब धरना प्रदर्शन करने की क्या जरूरत थी?

## श्रेय लेना अखिलेश का बचकाना प्रयास: अंसारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि समा. जवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव जातिगत जनगणना के केंद्र सरकार के ऐतिहासिक फैसले का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं, जो निहायत ही बचकाना है।

अंसारी ने शुक्रवार को कहा कि जातिगत जनगणना का केंद्र सरकार का फैसला पिछड़े पसमांदा मुस्लिम समाज के सामाजिक न्याय को मजबूती देगा और समाज के सभी वर्गों के उत्थान और प्रगति में मददगार होगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का यह कहना कि पीडीए के दवाब में सरकार को यह फैसला लेना पड़ा, निहायत बचकाना और राजनीतिक स्वार्थ से परिपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़ा अल्पसंख्यकों के हितचिंतक बनने का ढोंग करने वाले अखिलेश को



■ जातिगत जनगणना पर बोले यूपी के मंत्री

पता होना चाहिए कि 2009 में केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार सपा और बहुजन समाज पार्टी के सहयोग से बनी थी, उस समय जातिगत जनगणना का फैसला क्यों नहीं लिया गया। भाजपा नेता ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के संकल्प के साथ देश को विकास के पथ पर ले जा रही है, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में समाज के सभी तबकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर पारदर्शिता के साथ अमल हो रहा है और प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

### अच्छी नीति का विरोध करती है मोदी सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को जातिगत जनगणना को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा जातिगत जनगणना पर सरकार का फैसला उसके उन तरीकों के जैसा है, जिसमें पहले तो वो हर अच्छी योजना या नीति का विरोध करती है, उन्हें बदनाम करती है और फिर जनता के दबाव एवं हकीकत का सामना करने पर उन्हीं नीतियों को अपना लेती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि मोदी सरकार के पास न तो अपना कोई दृष्टिकोण है और न ही समस्याओं को हल करने की कोई दिशा है, बल्कि वो सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने, असल मुद्दों से भागने और अपने विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने में माहिर है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैल्थअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आनंद पर्वत में हुई आर्म्स रॉबरी का मामला सुलझा, 5 धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने आनंद पर्वत में हुई आर्म्स रॉबरी का मामला सुलझाकर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से लूटी गई रकम से खरीदे गए समान और ११.४५ लाख नकद बरामद किए है।इसके अलावा एक देशी पिस्टल भी बरामद की है। दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि एक महिला की शिकायत पर आनंद पर्वत थाने के तहत मामला दर्ज किया गया, जिसमें बताया गया कि ३० अप्रैल, को अचानक चार लोग उसके घर में घुस आए।

वे शिकायतकर्ता को उसके कमरे में ले गए और बंदूक की नोक पर उसे बांध दिया और करीब पच्चीस लाख लूट लिए। साथ ही, आरोपियों ने शिकायतकर्ता के मोबाइल फोन भी छीन लिए जो उसके भाई के थे। इसके बाद उसे घर के अंदर बंद कर दिया और आरोपी लूटे गए पैसे लेकर भाग गए। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर हेड कांस्टेबल सुनील को एक आरा.ेपी मनीष (३२)की पहचान के बारे में मैन्युअल इनपुट प्राप्त हुआ, जो अपने साथियों के साथ अपराध के बाद गाजियाबाद यूपी में छिपा हुआ था। इसके बाद एसीपी रमेश चंद्र लाम्बा की देखरेख में इंस्पेक्टर सतेंद्र मोहन और महिपाल सिंह के नेतृत्व में एसआई गौरव और अंकित, एएसआई सतवीर और तरुण, हेड कांस्टेबल नवीन, सुनील, विनोद और कांस्टेबल धर्म की टीम ने सुदामापुरी, गाजियाबाद और हैबतपुर, गौतमबुद्ध नगर में छापेमारी कर आरोपी मनीष को उसके साथी आयुष उर्फ इशु (२०),राहुल उर्फ मिर्जा (२४) जतिन उर्फ बॉबी (२२) और सचिन उर्फ गौरव (२३) को पकड़ लिया गया।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी मास्टरमाइंड मनीष ने बताया कि वह २०१८ के हत्या के प्रयास के मामले में शिकायतकर्ता के भाई जितेंद्र का सह-सहयोगी था।

२०२४ में उसे एक छोटी सी बात पर जितेंद्र ने पीटा था,और इसलिए, वह बदला लेने के लिए एक अवसर की तलाश में था। उसे पता था कि शिकायतकर्ता का परिवार टैंक रोड, प्रसाद नगर में कपड़े का व्यवसाय करता है और फाइनेंसर भी है और वे हमेशा घर पर पैसा रखते हैं। इसलिए, पूरी साजिश उसी ने रची और उसने आयुष उर्फ ईशू को आर्म्स रॉबरी को अंजाम देने के लिए लोगों की व्यवस्था करने का काम सौंपा। उसके निर्देश पर, आयुष उर्फ घ्ईशू ने अपने चार साथियों राहुल उर्फ घ्मिर्जा, जतिन उर्फ बॉबी, सचिन उर्फ गौरव और श्एक्सश को शामिल किया। घटना के दिन, आयुष उर्फ ईशू, जतिन उर्फ बॉबी, सचिन उर्फ घ्गौरव और श्एक्सश मनीष से मिले, जिसने उन्हें पीड़ित का घर दिखाया।

आरोपी 'एक्स' के पास एक देशी पिस्टल थी। वे ३० अप्रैल को रात करीब ८ बजे पीड़ित के घर में घुसे और हथियारबंद डकैती की वारदात को अंजाम देकर भाग गए। बाद में वे मनीष को छोड़कर हैबतपुर, गौतमबुद्ध नगर, यूपी में फिर से मिले, जहां उन्होंने लूट का माल बांटा। आरोपियों की निशानदेही पर ११.४५ लाख रुपए नकद जब्त किए गए हैं। इसके अलावा, आरोपी जतिन उर्फ घ्बॉबी ने लूटे गए पैसों से ०१.मई को २.८२ लाख कीमत की एक नई बाइक और दो मोबाइल फोन खरीदे, जिन्हें मामले में जब्त कर लिया गया है। आरोपी आयुष ने लूटे गए पैसों से एक मोबाइल फोन भी खरीदा था, जिसे भी जब्त कर लिया गया है। आरोपी राहुल उर्फ घ्मिर्जा की निशानदेही पर मामले में देसी पिस्तौल भी जब्त की गई है।

# तूफान का उड़ान पर हुआ असर तीन फ्लाइट्स डायवर्ट, 200 से अधिक लेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शुक्रवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर आंधी-तूफान और तेज हवाओं के कारण परिचालन बाधित होने के कारण तीन उड़ानों का मार्ग डायवर्ट किया गया और २०० से अधिक उड़ानें विलंबित हुईं। टर्मिनल ३ पर टिन की छत गिर गई ।

एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने वाली दो उड़ानों को जयपुर और एक को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया। आंकड़ों के अनुसार, २०० से अधिक उड़ानों में देरी हुई। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने सुबह ५.२० बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि खराब मौसम की वजह से कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं। डायल ने सुबह ७.२५ बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आंधी-तूफान बीत चुका है, लेकिन प्रतिकूल मौसम की वजह से उड़ान संचालन पर कुछ असर पड़ा है। वहीं, डायल ने सुबह ८.२० बजे एक पोस्ट में कहा कि प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण उड़ान संचालन पर कुछ प्रभाव के बावजूद, हवाई अड्डा सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। इसमें कहा गया है, ष्हमारी ऑन-ग्राउंड टीमें सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही हैं, ताकि यात्रियों को निर्बाध और कुशल अनुभव मिल सके। इंडिगो ने कहा कि दिल्ली में सुबह-सुबह आंधी और भारी बारिश ने उड़ान संचालन को प्रभावित किया है। एयरलाइन ने सुबह ८.४८ बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और जल्द ही सामान्य स्थिति में लौटने की उम्मीद कर रहे हैं। एयर इंडिया ने यह भी कहा कि प्रतिकूल मौसम के कारण उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है।

एयरलाइन ने सुबह ५.५१ बजे एक्स पर पोस्ट किया, दिल्ली से आने-जाने वाली हमारी कुछ उड़ानें देरी से चल रही हैं या उनका मार्ग बदल दिया गया है, जिससे हमारे समग्र उड़ान कार्यक्रम पर असर पड़ने की संभावना है। हम बाधा को कम करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। आंधी-तूफान का उड़ान पर असर तीन फ्लाइट्स डायवर्ट , २०० से अधिक हुई लेट टर्मिनल ३ पर गिरी टिन की छत।

# सप्ताह भर हल्के रहेंगे गर्मी के तेवर

**नई दिल्ली।** रिकॉर्ड वर्षा से जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी एक सप्ताह तक गर्मी के तेवर हल्के ही रहेंगे। कमोबेश रोज बादल छाए रहने, हल्की वर्षा होने व तापमान भी कम ही रहने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार आधी रात के बाद से सुबह साढ़े आठ बजे तक दिल्ली में ७७.० मिमी वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि, सर्वाधिक वर्षा सुबह पांच से छह बजे के बीच हुई है। इसी दौरान ८० किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज धूल भरी आंधी भी चली। मई के महीने में एक दिन की १७ सालों (२००९ से २०२५) में यह दूसरी सर्वाधिक वर्षा है। वहीं, इससे पूर्व २० मई २०२१ को ११९.३ मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। लोधी रोड पर ७८.० मिमी, पालम में ४५.६ मिमी, रिज में ५९.२ और आया नगर में ३९.४ मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

## एक नजर

### क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपस्थिति की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ग्राहकों की सुविधा को बढ़ाने और अपनी डिजिटल उपस्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, रिलैक्सो फुटवियर्स ने ब्लिंकिट, जेप्टो और स्विग्गी इंस्टामार्ट, जैसे भारत के प्रमुख क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर अपनी उपलब्धता की घोषणा की है। यह कदम रिलैक्सो के उस विजन के अनुरूप है, जिसके तहत वह अपने उत्पादों को देशभर के उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुलभ बनाना चाहता है। इस मौके पर नितिन दूआ, कार्यकारी उपाध्यक्ष, रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड ने कहा, ष्हम ब्लिंकिट, जेप्टो और स्विग्गी इंस्टामार्ट पर अपनी उपस्थिति की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं।

### बच्चों में स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने के लिए काउंटडाउन टू ए हेल्थी लाइफ लॉन्च




**नई दिल्ली।** एक जरूरी और आशावादी आह्वान के रूप में, प्रसिद्ध वैज्ञानिक और स्वास्थ्य कार्यकर्ता डॉ. राहुल मेहरा ख्र भारत में यूनेस्को चेयर ऑन ग्लोबल हेल्थ एंड एजुकेशन के राष्ट्रीय प्रतिनिधि और तरंग हेल्थ एलायंस के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन ने हाल ही में चंडीगढ़ में एक मीडिया कार्यशाला के दौरान'५-४-३-२-१-०: काउंटडाउन टू ए हेल्थी लाइफ नामक एक देशव्यापी अभियान का शुभारंभ किया। डॉ. मेहरा ने बताया कि एक भारतीय की औसत आयु लगभग ७० वर्ष है, जबकि जापान में यह लगभग ८५ वर्ष है। दुर्भाग्यवश, एक औसत भारतीय केवल ६० वर्ष की आयु तक ही ष्स्वस्थष रह पाता है। इसका मुख्य कारण है शारीरिक और मान.सिक बीमारियों का बढ़ता बोझ। हर चार में से एक भारतीय मधुमेह से पीड़ित है और हर दस में से एक को हृदय रोग है।

### देश की खुशहाली के लिए दुआ करें हाजी: शमीम अहमद



**नई दिल्ली।** जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने हज के मुबारक सफर पर जा रहें सभी हाजियों से पवित्र हज यात्रा के दौरान देश की तरक्की और खुशहाली के लिए भी दुआ करने का आग्रह करते हुए सभी को दिली मुबारकबाद दी। शमीम अहमद खान अपने रिश्तेदारों और फाउन्डेशन के साथियों के साथ इन्दिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अपनी बहन हिना कौसर और बहनोई यासर अराफात को हज यात्रा के लिए रवाना करने आये हुए थे इस मौके पर उन्होंने हज यात्रा पर जा रहें हाजियों का फूलमालाओं से स्वागत भी किया शमीम अहमद खान ने कहा कि केन्द्र सरकार ने पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले सभी हाजियों के लिए बहुत अच्छे इन्तजाम किए है इन्दिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भी हाजियों के लिए विशेष प्रबन्ध किए गए है। आगामी ३० मई तक चलने वाली हज उड़ानों में दिल्ली से कुल ३८ उड़ानें होंगी। इनमें से १५ मई तक की सभी १६ उड़ानें मदीना मुनव्वरा जाएंगी, जबकि १६ मई से ३० मई तक की २२ उड़ानें मक्का मुक्करमा के लिए जेद्दा जाएंगी।

### रंजिश के चलते किया था चाकू से हमला, दो नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरख्रपूर्वी जिला पुलिस के भजनपुरा थाने के स्टाफ ने विजय पार्क में हुई चाकू मारने की घटना में शामिल दो नाबालिग को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है।आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते अपराध को अंजाम दिया था। दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि २८ अप्रैल को रात्रि लगभग २३:३० बजे भजनपुरा थाने को सूचना प्राप्त हुई कि विजय पार्क क्षेत्र में एक व्यक्ति घायल अवस्था में पाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां पता चला कि घायल को जीटीबी अस्पताल ले जाया जा चुका है।इस संबंध में थाना भजनपुरा थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी (प्रोबेशनर) सार्थक त्यागी एसएचओ भजनपुरा के नेतृत्व में टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज और मानवीय स्रोतों की सहायता से साक्ष्य जुटाए और कुछ ही घंटों में दो संदिग्ध नाबालिग को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि उनकी पीड़ित से पुरानी रंजिश थी, जिसके चलते उन्होंने हमला किया। पुलिस ने उनके पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया है।मामले की आगे की जांच जारी है।

### द्वारका से बांग्लोदशी महिला, नाइजीरियन समेत 15 विदेशी पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पिछले काफी समय से अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी,पाकिस्तानी व अन्य देशों के नागरिकों की धड़पकड़ काफी तेजी से कर रखी है। पुलिस ने द्वारका में रहने वाली एक बांग्लादेशी महिला समेत १५ विदेशियों को गिरफ्तार किया है। इनमें विदेशी नाइजीरिया (११), आइवरी कोस्ट (०२), बांग्लादेश (०१) और तंजानिया (०१) से हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि द्वारका जिले की ऑपरेशन यूनिट और पुलिस स्टेशनों के कर्मचारी नियमित रूप से विदेशी नागरिकों के बारे में खुफिया जानकारी जुटा रहे हैं, जो अवैध रूप से क्षेत्र में रह रहे हैं या घूम रहे हैं। इसी के तहत नाइजीरिया के जूड ओनोफ्यू,डोनाल्ड अनिजा,किंग्सले इफेसिनाची, वैलेंटाइन ममदुअबुची ममदुक.।आइवरी,एमेका ची और हेनरी चिनाजेकपेरे ओनीका, कोस्ट के रहने वाले अल्बर्ट जे जेजे,अमादौ कूलुबली और बांग्लादेश की शाहिमा को पकड़ा।



एनडीएमसी उपाध्यक्ष बारिश व आंधी के मद्देनजर नागरिक सेवाओं को लेकर बैठक करते हुए।

# बारिश व आंधी के मद्देनजर नागरिक सेवाओं का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारी बारिश और आंधी के मद्देनजर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने एनडीएमसी की नागरिक सेवाओं की स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने पेड़ गिरने, जलभराव, विद्युत आपूर्ति जैसी समस्याओं के निराकरण की स्थिति का मौके पर जायजा लिया और यह सुनिश्चित किया कि एनडीएमसी की टीमें तत्परता एवं समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं।

चहल ने एनडीएमसी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने फील्ड ऑपरेशनों की लाइव मॉनिटरिंग की और नागरिकों से प्राप्त शिकायतों की प्रवृत्तियों का विश्लेषण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समाधान समयबद्ध और प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो। चहल ने ने बताया कि आज कुल ६१ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें २५ पेड़ गिरने, १२ जलभराव तथा २४ बिजली आपूर्ति से संबंधित थीं। पेड़ गिरने की घटनाएँ मुख्यत: नॉर्थ एवेन्यू, एस.बी. मार्ग, जोर बाग, आर.के.पुरम, तीन मूर्ति, रेल म्यूजियम, लोधी कॉलोनी, अकबर रोड, इंडिया गेट एवं कनॉट प्लेस क्षेत्रों में दर्ज की गईं, जबकि जलभराव की शिकायतें शांतिपथ, अकबर रोड, तीन मूर्ति, जोर बाग, कालीबाड़ी, मंदिर मार्ग, पंडारा रोड एवं बीकेएस मार्ग आदि क्षेत्रों से प्राप्त हुईं। श्री चहल ने यह भी बताया कि अधिकतर शिकायतों का समाधान कर दिया गया है और जो शिकायतें छक्डब क्षेत्र से बाहर की थीं, उन्हें संबंधित एजेंसियों को अग्रेषित कर दिया गया है।

### सब्जी मंडी इलाके में बिजली गिरने से आग लगी

**नई दिल्ली।** नॉर्थ दिल्ली जिला के सब्जी मंडी इलाके में एक मकान पर बिजली गिरने से आग लग गई है। पुलिस के अनुसार, आज सुबह करीब ५.२६ बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें एक कमरे के ढहने की बात कही गई।

# हत्या प्रयास मामले के आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के वेलकम थाने की टीम ने हत्या के प्रयास के मामले को सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से अपराध में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है।

दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि २८ अप्रैल को जेपीसी अस्पताल से वेलकम थाने को एक व्यक्ति के चाकू से घायल होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम जब अस्पताल पहुँची, तो पता चला कि पीड़ित को पहले ही जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जीटीबी अस्पताल में घायल का उपचार चल रहा था।शिकायतकर्ता ने अपने बयान में बताया कि २७-अप्रैल की रात के दौरान उसके दोस्त का शहनवाज / पागल (२२)से झगड़ा हुआ था, लेकिन बाद में आपसी सहमति से मामला सुलझ गया। इसके बावजूद, २८.अप्रैल की शाम को शहनवाज / पागल अपने दोस्त तसलीम / जोहरिया और अन्य साथियों के साथ बाइक पर उसे पीली मिट्टी मजार ले गया और वहाँ उस पर चाकू से हमला कर दिया।इस आधार पर वेलकम थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी भजनपुरा विवेक त्यागी की देखरेख में एसएचओ वेलकम रूपेश कुमार खत्री के नेतृत्व में एएसआई मित्रसेन और कांस्टेबल विनोद की टीम ने विभिन्न स्रोतों से साक्ष्य एकत्र कर आरोपी शहनवाज/पागल को पकड़ लिया।पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और अपने साथियों के बारे में जानकारी दी। उसने बताया कि उसका पीड़ित से कोई पुराना विवाद था। इसी कारण उसने हमला किया। उसकी निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त हथियार ख्र एक चाकू बरामद किया गया। उसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। आरोपी की अन्य मामलों में संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

### दिल्ली पुलिस ने नरेश बाल्यान के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट में पुलिस ने आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) मामले के तहत आरोपपत्र दाखिल किया है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में अंतिम रिपोर्ट दाखिल की गई और मामले को शुक्रवार को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। आरोपपत्र चार आरोपियों साहिल उर्फ पोली, विजय उर्फ कालू, ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा और बाल्यान के खिलाफ दायर किया गया था। इन सभी आरोपियों को गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू की ओर से कथित रूप से संचालित संगठित अपराध सिंडिकेट के खिलाफ जांच से संबंधित मकोका मामले में गिरफ्तार किया गया था। वहीं, बाल्यान को पिछले साल ४ दिसंबर को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था, जबकि एक अदालत ने उन्हें जबरन वसूली के एक मामले में जमानत दी थी।

# केजरीवाल सरकार के काम का नाम बदलकर श्रेय ले रही भाजपा: भारद्वाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने पहले मोहल्ला क्लीनिकों का नाम बदल कर अरोग्य मंदिर कर दिया और अब मोहल्ला बसों का नाम बदल कर 'देवी' कर दिया है। भाजपा नाम बदलने के बजाय काम करे। वह केजरीवाल सरकार के कामों से कब तक काम चलाएगी?

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मोहल्ला बसों के नाम बदले जाने पर कहा कि मोहल्ला बसों को आम आदमी पार्टी की सरकार ने ही लाया। अभी तक भाजपा सरकार अरविंद केजरीवाल की सरकार के काम को ही आगे बढ़ा रही है। मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदल कर आरोग्य मंदिर कर दिया। मोहल्ला बसों का नाम बदल कर 'देवी' कर दिया। भाजपा को नाम बदलने की राजनीति से आगे काम करना पड़ेगा। दिल्ली में नाम बदलने की राजनीति से भाजपा पांच साल काम नहीं चला पाएगी। अभी तक तो अरविंद केजरीवाल की सरकार द्वारा किए गए काम हैं, जो चल रहे हैं, लेकिन भाजपा की सरकार आगे क्या करेगी। यह देखने वाली बात होगी।

उधर, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक संजीव झा ने एक्स पर कहा कि दिल्ली सरकार की एक और 'नाम बदलो स्कीम' आज से शुरू होने जा रही है। ३०० इलेक्ट्रिक मोहल्ला बसें अक्टूबर, २०२४ से ही तैयार थीं। रूट तय हो चुके थे, ट्रायल पास हो चुका था, रजिस्ट्रेशन पूरा था, सुरक्षा उपकरण भी लग चुके थे।।

# सिरिफोर्ट इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ने वार्षिक उत्सव मनाया

**नई दिल्ली।** आज सिरिफोर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ने अपने परिसर में भव्य रजत जयंती और वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव डैजल 2025 मनाया। रजत जंयती उत्सव में, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे, डॉक्टर सत्यपाल सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री के अलावा विधायक व अनेक गणमान्य व्यक्ति भी वार्षिक सांस्कृतिक-उत्सव में अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों और कॉलेजों के छात्रों ने समूह नृत्य एकल गायन ट्रेजर हंट, लेमन रेस आदि जैसे विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध हरियाणवी गायक अजय हुड्डा ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुराग ठाकुर सांसद और पूर्व केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री भी मौजूद हुए और सिम्स के संस्थापक अध्यक्ष शेर सिंह डागर व जीजीएस




आईपीयू के कुलपति प्रोफेसर डॉ महेश वर्मा, जीजीएस आईपीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर गुलशन कुमार, उपाध्यक्ष डॉ परीक्षित डागर और प्रबंधन ट्रस्टी श्रीमती शकुंतला देवी भी बतौर अतिथि शामिल हुईं।

इस समारोह में बीबीए और बीसीए, बी.कॉम ऑनर्स के अनेक मेधावी छात्रों को दिव्या सिंह छात्रवृति प्रदान की गई व दीक्षांत समारोह के बाद सूफी पंजाबी गायक अजय गिल ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति दी।

# सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया करेगी कानूनी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया से निलंबित पूर्व अध्यक्ष एस.कुमार ने गैर कानूनी तरिके से सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया का विस्तार कर रहे हैं जबकि यह मामला कोर्ट में भी विचाराधीन है। यह जानकारी सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन दास लाधानी ने पत्रकारों को दी।

उन्होंने एस.कुमार के निलंबन के बारे में बताया काशी सिंधी समाज मंदिर की भूमि को लगभग ३० वर्ष पूर्व चार भाइयों द्वारा दानस्वरूप दी गई थी। परंतु उस भूमि को दानस्वरूप देने वाले एक भाई के पोते जो बनारस के रहने वाले एस.कुमार ने काशी सिंधी समाज मंदिर के प्रबंधक कमेटी से काशी सिंधी समाज मंदिर को उनके दादा द्वारा दान में दिए भूमि को सिंधी समाज मंदिर के प्रबंधक कमेटी से वापसी मांगने लगे। नहीं देने पर एस.कुमार ने सिंधी समाज मंदिर की भूमि को लेकर कोर्ट केस कर दिया।

# देवी योजना में मिली 400 बसें केन्द्र सरकार का दिल्ली वालों का दूसरा तोहफा: सचदेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार द्वारा केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की उपस्थिती में दिल्ली में डी.टी.सी. बेड़े में ४०० बसे जोड़ कर जनता के सेवा में समर्पित करने का स्वागत किया है।उन्होने बताया की दिल्ली को केन्द्र सरकार से ष्फेमष योजना के अंतर्गत मिली १७०० इलैक्ट्रिक बसों के बाद ष्देवीष योजना में मिली यह ४०० बसें केन्द्र सरकार का दिल्ली वालों का दूसरा बड़ा तोहफा है।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आम आदमी पार्टी की अरविंद केजरीवाल सरकार ने दस साल तक डी.टी.सी. के बस बेड़े में एक भी बस नही जोड़ी नतीजा डी.टी.सी. की सभी बसे अपना कानूनी फिटनेस जीवन पूरा ही नही उससे भी दो साल अधिक हो चुकी हैं और ईमानदारी से कहें तो इनमे लोगों को यात्रा करवाना एक मजबूरी है।केजरीवाल सरकार की लापरवाही के चलते दिल्ली में बसों की कमी है पर हम इस कमी को दूर करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की श्रीमती रेखा गुप्ता सरकार एक लक्ष्य लेकर काम कर रही है और हम २०२६ के अंत तक दिल्ली वालों को आवश्यकतानुसार ११००० बसों का सार्वजनिक परिवहन बेड़ा देने को प्रयासरत हैं।

# विधानसभाध्यक्ष के आदेश के बाद सदन की प्रेस व स्पीकर गैलरी से हटाए गए ग्लास के पैनल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जनता के प्रति पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, दिल्ली विधान सभा में स्पीकर गैलरी और प्रेस गैलरी को घेरने वाले काँच के पैनलों को हटा दिया गया है।



यह महत्वपूर्ण निर्णय अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के निर्देश पर लिया गया है, ताकि सदन की कार्यवाही को अधिक खुलापन और पहुंच प्रदान की जा सके।

इस निर्णय का उद्देश्य उन भौतिक अवरोधों को समाप्त करना है जो विधानसभा की कार्यवाही के स्पष्ट अवलोकन में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। अब मान्यता प्राप्त पत्रकार बिना किसी व्यवधान के सदन की कार्यवाही का प्रत्यक्ष और स्पष्ट रूप से अवलोकन कर सकेंगे, जिससे समाचारों की सटीक और त्वरित रिपोर्टिंग संभव हो सकेगी।अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा, "मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। उनके कार्य में कोई भी रुकावट या बाधा स्वीकार्य नहीं हो सकती। यह विधानसभा जनता की है और प्रेस की भूमिका जनता को सूचित रखने की है। विधानसभा की कार्यवाही में पारदर्शिता अनिवार्य है।" गुप्ता ने यह भी कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा इन अवरोधों की स्थापना, खुले शासन और प्रेस की स्वतंत्रता की मूल भावना के विपरीत थी। इन काँच के अवरोधों को हटाकर, दिल्ली विधानसभा ने मीडिया को सशक्त बनाने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को जनदृष्टि में लाने के अपने संकल्प को पुन: स्पष्ट किया है।यह पहल लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व को मजबूत करने और विधानसभा को एक पारदर्शी, जन-केंद्रित संस्था के रूप में पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# फर्जी दस्तावेज पर लंदन भेजने वाला गुजरात का एजेंट पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने गुजरात के एक एजेंट नागाजन लीलाभाई करावद्रा को पकड़ा है। जिसने पहचान पत्र बदलने के बाद यात्रियों के लिए नए पासपोर्ट की व्यवस्था की थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते तीन मार्च को, मौलिक रणमलभाई ओडेद्रा लंदन यूके जाने के लिये आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा था। जांच करने पर, आव्रजन अधिकारियों को पता चला कि उसके पास महेश रणमलभाई ओडेदरा के नाम से जारी एक दूसरा वैध भारतीय पासपोर्ट भी था, जिसमें जन्म तिथि और अन्य जानकारी अलग थी। पूछताछ में उसकी असली पहचान महेश रणमलभाई ओडेदरा के रूप में हुई। महेश रणमलभाई ओडेदरा को गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ करने पर पता चला कि उसने मौलिक रणमलभाई ओडेदरा के नाम से फर्जी पासपोर्ट दस लाख रुपये देकर एजेंट नागजन करावदरा से बनवाया था। एजेंट ने यूरोपीय संघ के परिवार सेटलमेंट स्कीम का समर्थन करने के लिए अहमदाबाद के आर्य समाज मंदिर में बुल्गारियाई महिला वेलिचका के साथ फर्जी शादी की व्यवस्था करके झूठी पहचान बनाने की सुविधा प्रदान की। एसएचओ सुशील गोयल के निर्देशन में एजेंट नागाजन लीलाभाई करावद्रा को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जातीय जनगणना कराना मोदी सरकार का एतिहासिक फैसला: नरेन्द्र कश्यप

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** उ0प्र0 सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मंत्री एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने भाजपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि 1937 में अंग्रेजों के द्वारा देश में जातीय जनगणना करायी गयी थी। हमारी सरकार यह जनगणना 2021 में कराना चाहती थी किन्तु कोविड जैसी प्राकृतिक महामारी के चलते नहीं करायी जा सकी। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि यह कास्ट सेंसस देश के वंचित पिछड़े और उपेक्षित वर्गों को समाज में अपनी एक सही पहचान दिलायेगा और वहीं सरकारी योजनाओं तथा नौकरियों में उनको उचित भागीदारी दिलाने की दिशा में यह एक निर्णायक पहल साबित होगा। उसके बाद से आजाद भारत में पहली बार सर्व जातियों की जनगणना कराये जाने का फैसला देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा लिया गया है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि इस फैसले का 140 करोड़ देशवासियों की ओर से मैं स्वागत एवं सराहना करता।



मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने जाति जनगणना के इस निर्णय को सामजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए इसका स्वागत करते हुए यह कहा है कि 140 करोड़ देशवासियों की जीवन धारा को बदलने व उनके चहुमुखी विकास में (सामाजिक शैक्षणिक आर्थिक राजनैतिक) यह निर्णय कारगर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जाति जनगणना कराने का यह निर्णय देश व समाज हित में सफल होगा। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि मोदी जी का यह फैसला पिछड़े समाज के लिए विकास की एक नई इबारत लिखेगा। देश में प्रथम बार ऐसा होने जा रहा है जिसमें पिछड़े व अति पिछड़ी जातियों की जनगणना होने जा रही है। मंत्री कश्यप ने आगे कहा कि कांग्रेस अपने 60 वर्षो के शासनकाल में जातीय जनगणना कराने की हिम्मत नहीं जुटा पाई और पिछड़े समाज के लोगों को झूठ का पुलिंदा थमाकर छलावा करती रही। मंत्री कश्यप ने बताया कि कांग्रेस का पिछड़ों के प्रति हमेशा से ही दो मुंहा रवैया अपनाती रही है। 1980 में मंडल कमीशन का विरोध इंदिरा गांधी द्वारा किया गया। ध्यान देने की बात यह है कि जातिवार गणना 1931 की जनगणना के साथ हुई थी। तब से अभी तक जातिवार जनगणना नहीं हुई है।

1931 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ओबीसी आरक्षण के लिए मंडल कमीशन ने 1980 में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। मंडल कमीशन ने अनुमान लगाया कि कुल आबादी में से 32 फीसदी आबादी पिछड़ा वर्ग की है। जिसके आधार पर आयोग ने सरकारी नौकरी और शिक्षण संस्थानों में 27 फीसदी रिजर्वेशन की अनुशंसा की थी। मंत्री ने कहा कि हमारा मानना है कि यह जातीय गणना का निर्णय सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों की गैर बराबरी दूर कर और अधिक सशक्त बनायेगा तथा वंचितों और उपेक्षित वर्गों के लोगों चहुमुखी विकास के लिए नये रास्ते खोलेगा।

# उप्र एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट ने किया बैठक का आयोजन



विशाल कौशिक को सर्वसम्मति से बनाया गया उपज का अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक उपज के उत्तर प्रदेश सचिव अजय चौधरी की अध्यक्षता में की गई। बैठक के दौरान प्रदेश सचिव अजय चौधरी ने संगठन की नीतियों पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पत्रकारों से एकजुट होने की अपील की। बैठक में सर्वसम्मति से विशाल कौशिक को उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट का गाजियाबाद अध्यक्ष मनोनीत किया गया। विशाल कौशिक को जल्द ही जनपद गाजियाबाद की कमेटी गठित करने के भी निर्देश दिए गए। जिस पर अध्यक्ष विशाल कौशिक ने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही कमेटी घोषित कर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के गाजियाबाद अध्यक्ष विशाल कौशिक, वरिष्ठघ्पत्रकार अशोक कौशिक, दैनिक अर्जुन संदेश समाचार पत्र के समाचार संपादक नन्द किशोर उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार सुदामा पाल, वरिष्ठघ्पत्रकार नरेश सिंघानिया, अजीत रावत, कविता शर्मा, आकांक्षा अरोड़ा, मनु राज कौशिक, राम अवध भगत, रविन्द्र गुप्ता, मुकेश गुप्ता, मनोज प्रजापति, कानूनी सलाहकार दिनेश कुमार शर्मा, अजय चौहान, कपिल श्रीवास्तव, राजीव आनंद, जितेंद्र कौशिक, मनीष चौहान, उपज मेरठ के सदस्य तुषार, उपज मेरठ के मीडिया प्रभारी अखिल गौतम, आशा चौधरी आदि पत्रकार उपस्थित रहे।



गाजियाबाद। विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह से पार्षद रवि भाटी व पार्षद कालीचरण पहलवान ने शिष्टाचार मुलाकात की तथा श्रीराम दरबार जी की प्रतिमा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## जन प्रतिनिधि कार्यालय के दिशा सूचक बोर्ड की 'दिशा सही' होने का इंतजार, गलत ऐरो के कारण भ्रमित हो रहे लोग

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने गाजियाबाद शहर में निगम के जन प्रतिनिधि कार्यालय में आने वाले लोगों को भटकना न पड़े इसके लिए विभिन्न स्थानों पर लाखों खर्च कर उनके कार्यालय के दिशासूचक बोर्ड लगाए हैं। ऐसा ही एक दिशा सूचक बोर्ड वसुंधरा सेक्टर 15 में अटल चौक पर भाजपा के निगम पार्षद नरेश भाटी का भी लगा हुआ है जो उनके कार्यालय की गलत दिशा सेक्टर 15 की ओर दिखाकर लोगों को गुमराह कर रहा है जबकि बोर्ड में लिखा गया उनके कार्यालय का पता सेक्टर 13 दर्शित है। यह दिशा सूचक बोर्ड कई महीनों से गलत दिशा को दर्शा रहा है।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने किया संदीप त्यागी रसम का अभिनंदन

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के द्वारा संदीप त्यागी रसम का अभिनंदन व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा किए गए अभिनंदन के अवसर पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कहा कि लगभग दो दशक से चुनावी व्यवस्था मे सुधार के लिए गोष्ठी सेमिनार जनजागरण यात्रा के माध्यम से देश भर मे जनजागरण अभियान चला रहे हैं चुनाव आयोग की जन्म मृत्यु रजिस्ट्रार से डाटा लेने की घोषणा ने संदीप त्यागी रसम के अभियान की प्रासंगिकता को एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। राष्ट्र समाज के विभिन्न विषयों पर अनवरत संलग्न संदीप त्यागी रसम जैसे कार्यकर्ताओं का समाज को आगे बढ़कर सहयोग करना चाहिए।



रसम का चुनाव सुधार के जनजागरण अभियान में एक महत्वपूर्ण बिंदु चुनाव आयोग द्वारा स्वीकृत किया गया है। चुनाव आयोग द्वारा जन्म मृत्यु रजिस्ट्रार से सीधे डाटा लेने का निर्णय किया गया है जिससे मृतक वोटर का नाम कटवाने के लिए अब फॉर्म 7 नहीं भरना होगा अब सीधे रजिस्ट्रार जर्नल आफ इंडिया से इस डाटा को लिया जाएगा और संबंधित बीएलओ वोटर लिस्ट से मृतक वोटर का नाम काट देगा।

विदित हो कि रसम द्वारा अपने जन जागरण अभियान में जन्म और मृत्यु के पंजीकरण को सीधे चुनाव आयोग से जोड़कर रखने व मतदाता सूची से लिंक करने की मांग अनवरत की जा रही थी जिसे अब स्वीकारा गया है। इस अवसर पर पंडित अशोक भारतीय ने बताया कि रसम के जन जागरण अभियान में चुनाव सुधार संबंधी कुछ अन्य महत्वपूर्ण बिंदु अभी कार्यान्वित होने शेष है जिसमें मतदान को अनिवार्य राष्ट्रीय कर्तव्य बनाए जाने सचल मतदान केंद्र की अवधारणा ऑनलाइन मतदान की व्यवस्था लगभग एक समान मत संख्या के चुनाव क्षेत्र जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, भाजपा नेता सौरभ यादव, दिनेश पांडे आदि उपस्थित रहे।

# बिना अनुमति के ही फ्री होल्ड में बन गया आलीशान होटल

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** विकास प्राधिकरण द्वारा जहां महानगर में अवैध निर्माणों पर धवस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है वही लोग अवैध निर्माण करने से बाज नहीं आ रहे हैं ऐसा ही एक मामला जॉन एक नंदग्राम रोड पर देखने को मिला जहां फ्री होल्ड में एक आलीशान होटल बनकर तैयार हो गया है जिसका नक्शा तक जीडीए से पास नहीं कराया गया है। इतनी बड़ी आलीशान बिल्डिंग बनाते समय फायर विभाग की भी कोई अनुमति नहीं ली गई है लेकिन इसके बावजूद भी बहुमंजिला होटल फ्री होल्ड में बनाकर खड़ा कर दिया है।



आश्चर्य की बात तो यह है कि आबादी के बीच इतनी बड़ी बिल्डिंग बन गई जिसकी अनुमति भी नहीं ली गई हो और संबंधित विभाग ने कोई कार्रवाई भी नहीं की हो। अभी हाल ही में आरडीसी स्थित आदित्य बिल्डिंग में आग लग गई थी जिसमें कई सौ लोगों की जान मुसीबत में थी। यहां पर भी आग बुझाने के कोई इंतजाम नहीं थे हालांकि समय रहते सभी लोगों को बचा लिया गया था तब अधिकारियों ने फायर विभाग को आग से बचने के आवश्यक इंतजाम पूरा करने के लिए कड़ाई से पालन करने का आदेश दिया था लेकिन इस प्रकार की जो बहुमंजिला इमारत जिले में बन रही है इनके निर्माण कर्ता इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि इतनी बड़ी बिल्डिंग बन गई और संबंधित विभागों को पता ना चले हो सकता है इसके पीछे कुछ और हो लेकिन लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है आने वाले समय में जब यह बिल्डिंग अपना व्यवसाय करेगी तो लोग ऐसी बिल्डिंग का प्रयोग करेंगे जिसने अपने बनने में किसी मानकों का भी ध्यान ना रखा हो। ऐसे में वह लोग कितने सुरक्षित होंगे इसका अंदाजा ही लगाया जा सकता है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण करायें: सचिव

## 10 मई को किया जाएगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण निर्देशानुसार 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसमें विभिन्न स्तर पर विभिन्न प्रकृति के मामलों का निस्तारण हेतु रखा जायेगा। जिसके क्रम में प्रभारी जनपद न्यायाधीशके निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने 10 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित मामलों की सूची जारी की है, जिसमें न्यायालय स्तर पर अपराधिक शमनीय मामले, एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत मामले, बैंक वसूली मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के मुकदमें, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, पानी का बिल (चोरी के मामलों को छोड़कर), मध्यस्थता के मामले अन्य सिविल मामले (किराया सुखाधिकार निषेधाज्ञा मुकदमे विनिर्दिष्ट अनुपालन मुकदमे) आदि। अन्य मामले क्रिमिनल मामले बिजली (गैर-कंपाउंडेबल को छोड़कर), वेतन एवं भत्ते तथा सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित सेवा मामले। ई-ट्रैफिक चालान 34 पी एक्ट, एमवी एक्ट।

प्रशासन स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रस्तावित वादों/प्रकरणों की सूचना। उपजिलाधिकारी के स्तर पर राजस्व वाद, भरण पोषण से संबंधित वाद, पारिवारिक, प्रमाण पत्र से संबंधित प्रार्थना पत्र, सामान्य निवास प्रमाण पत्र एवं हैसियत से संबंधित प्रार्थना पत्र इसी प्रकार के अन्य वादों का निस्तारण किया जायेगा। तहसीलदार, न्यायालय स्तर पर राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद, धारा 67, ग्राम सभा भूमि से बेदखल संबंधी वाद का निस्तारण किया जायेगा। नायब तहसीलदार स्तर पर न्यायालय राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद का निस्तारण किया जायेगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी के स्तर पर विभागीय योजनाओं के क्रम में योजनाएं से संबंधित शिकायतें तथा पेंशन इत्यादि समय से न प्राप्त होना, योजनाओं का लाभ न मिलने के क्रम में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाता है।

चाइल्ड लाइन के अंतर्गत बच्चों से संबंधित शिकायती प्रकरणों में यथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाता है, वन स्टाफ सेंटर के अंतर्गत महिलाओं संबंधी घरेलू हिंसा, किसी भी प्रकार की आकस्मिक सहायता इत्यादि से संबंधित प्राप्त होने वाले केसों को निस्तारण किया जायेगा। बाट तथा माप विभाग के स्तर पर विधिकमान विज्ञान (बाट/ माप) लें काँटे-बार की मुहर तिथि निकलने एवं पैकेज्ड कोमोडिटी के मामले से संबंधित केस एसीजेएम कोर्ट एवं लोक अदालत में निस्तारण किया जायेगा। है। नगर पंचायत स्तर पर हाउस टैक्स, जलकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई और बिजली से संबंधित, भूमि विवाद अतिक्रमण राजस्व से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा।

# एक नजर

## बॉडी केयर कप संदीप सूरी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 4 मई से



शाह टाइम्स संवाददाता


**गाजियाबाद।** संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट एकेडमी द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। एकेडमी के अध्यक्ष विश्व जीत सिंह के द्वारा वार्ता में बताया कि बॉडी केयर कप संदीप स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन दिनांक 4 मई से 25 मई तक जवाहर लाल क्रिकेट स्टेडियम नेहरू नगर में किया जाएगा। टूर्नामेंट में दिल्ली एनसीआर से श्रेष्ठ 12 टीमों को प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया गया है।

मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन, सोनेट क्लब, एलबी शास्त्री, रवि ब्रदर्स, हरियाणा क्रिकेट अकादमी, वीवीआईपी क्रिकेट इंस्टिट्यूट, टीएनएम क्रिकेट एकेडमी, नोएडा वंडर्स, ग्रीन फील्ड क्रिकेट अकादमी, कार पेडियम इंडिया, गोल्डन हॉक्स व यू.पी पुलिस की टीमें हिस्सा लेंगी साथ ही उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट यूपीसीए से पंजीकृत है तथा लीग कम नॉकआउट आधार पर आईसीसी नियमानुसार खेला जाएगा।

टूर्नामेंट में अंपायरिंग उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा नामित अम्पायरों द्वारा की जाएगी। सभी मैच 40-40 ओवर के होंगे। सभी मैचों का यूट्यूब से सीधा प्रसारण किया जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच दूधिया प्रकाश में सफेद गेंद व रंगीन ड्रेस में खेला जाएगा। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों के खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। विजेता व उपविजेता टीमों को बॉडी केयर कप के साथ सभी खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

साथ ही प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले श्रेष्ठ बल्लेबाज गेंदबाज में ऑलराउंडर मैन ऑफ द मैच तथा मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार देकर सम्मान किया जाएगा एवं टूर्नामेंट के प्रत्येक मैच में 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज तथा शतक बनाने वाले बल्लेबाज को भी आकर्षक पुरस्कार मिलेंगे। टूर्नामेंट का उद्घाटन रविवार को प्रातः 9 बजे वीवीआईपी ग्रुप के सीएमडी प्रवीण त्यागी द्वारा किया जाएगा।

# चौधरी तेजपाल सिंह ने किया महंत नारायण गिरी का स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव चौधरी तेजपाल सिंह के आवास पर महंत नारायण गिरी पहुँचे तथा बच्चों को आशीर्वाद दिया। महाराज जी के आगमन उनका पटका एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर चौधरी तेजपाल सिंह राष्ट्रीय सचिव रालोद रविंद्र चौहान प्रदेश महासचिव संजीव अरोड़ा प्रदेश संयोजक व्यापार महासभा दिनेश शर्मा महानगर अध्यक्ष व्यापार महासभा पवन सुरे का एवं परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# एक वर्ष पूर्व हुई हत्या का खुलासा

## बीमा धनराशि हड़पने के लिए हत्या को दिया दुर्घटना का रूप

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** बीमा गिरोह द्वारा धनराशि हड़पने के मामले में रोज नये-नये खुलासे हो रहे हैं। बीमा करने वालों ने निर्दोष लोगों को शिकार बनाकर उनकी धनराशि हड़प ली। हालांकि यह घटना एक वर्ष पूर्व की है।

सैनिक चौक पर सुबह के समय एक व्यक्ति की लाश मिली थी, उस समय ऐसा लगा था कि भिखारी सड़क दुर्घटना में मृत्यु दिखा 51 लाख रु० का बीमा क्लेम हड़पने का प्रयास किया गया। वादी राजेन्द्र नि० ग्राम ढिलावरी थाना बिसौली जिला बदायूं द्वारा तहरीर देकर बताया गया था कि उसका छोटा भाई दरियाब 31 जुलाई 2024 को चन्दौसी बाजार जाने को कहकर घर से आया था कि सैनिक चौराहे से आटा की तरफ लगभग 150 मीटर की दूरी पर आटा की तरफ से जाने वाले किसी अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर सड़क के किनारे चल रहे दरियाब को समय लगभग रात्रि 10 बजे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। इस संबधं में 01 अगस्त 2024 को थाना चन्दौसी पर मु०अ०सं० 343/2024 धारा 281/ 106(1) बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया जिसकी अंतिम रिपोर्ट साक्ष्य के अभाव में 29 दिसंबर 2024 को न्यायालय में प्रेषित की गई। बता दें कि पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद में निरंतर अन्तर्राज्यीय बीमा फ्रॉड के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

# लोनी में गोरक्षकों की टीम ने कराया छोटे मृत गोवंश का अंतिम संस्कार

**■ इसकी सूचना आर्यन गुर्जर गौसेवक, शिवा गुर्जर तथा अन्य साथियों को मिली वे तुरंत मौके पर पहुंचे**

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोनी।** लोनी से रवि धामा गौरक्षक ने बताया कि दिल्ली शामली हाईवे पर किसी शरारती तत्वों द्वारा छोटे मृत गौवंश को एक प्लास्टिक के कट्टे में भर कर लावारिस फैंक दिया। इसकी सूचना आर्यन गुर्जर गौसेवक, शिवा गुर्जर, तथा अन्य साथियों को मिली। वे तुरंत मौके पर पहुंचे।

उन्होंने सूचना रवि धामा भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा को दी। वे भी अपने साथी विशाल तोमर, पंडित अंकुर शर्मा के साथ मौके पर पहुंचे। खन्ना नगर पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार अशोक विहार पुलिस चौकी से दारोगा अशोक कुमार भी मौके पर पहुंचे।

गौरक्षकों में भारी आक्रोश देखने को मिला। कि अशोक विहार से की तरफ से आये दिन कुछ शरारती तत्व छोटे बड़े मृत गौवंश को कट्टो, बोरों में भरकर रोड़ पर फेंक देते है। कि जिससे लोनी का साम्प्रदायिक माहौल खराब हो सके। लेकिन फिर भी गौरक्षकों ने अपना धैर्य बना कर रखा।

उसके बाद नगरपालिका परिषद लोनी से जेसीबी लेकर मुन्ना ऑपरेटर को तत्काल भेजा गया। फिर सभी की सहायता से मृत गौवंश का हिन्दू रीति रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज ने मरीजों के लिए लगाए स्वास्थ्य शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुरादनगर।** आईटीएस डेन्टल कॉलेज द्वारा अप्रैल माह में मरीजों के लिए गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों पर नियमित शिविरों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत संस्थान ने गाजियाबाद जिले के विभिन्न हिस्सों में लगभग 4000 मरीजों के विभिन्न शिविर लगाये जिसमें लोनी, अखलपुर, डासना, भौपूरा, खुर्जापुर, मोहन नगर, नंदग्राम, इंदरगढ़ी, भौजपुर, भादरपुर, नाहल, भाटिया मोड आदि के साथ-साथ महागुन मास्कोट, ड्रीम होमस, रिवर हाइटस और एसजी ग्रेंड जैसी गाजियाबाद की विभिन्न सोसायटियों में भी विभिन्न दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिविर स्थल पर आने वाले सभी मरीजों को अच्छी मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया तथा जरूरतमंद लोगों को दंत चिकित्सा सेवा प्रदान की गयी।



शिविर स्थल पर आने वाले सभी मरीजों को अपना उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर विभिन्न दंत उपचार किये गये। संस्थान के 21 से अधिक दंत विशेषज्ञों की टीम ने दंत शिविर में लगभग 4000 लोगों की मौखिक स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की तथा आवश्यक उपचार बताये।

विशेष रूप से दांतों की सड़न, मसूड़ों की बीमारियों, दंत फ्लोरोसिस और उन्हें रोकने के उपायों पर जोर दिया गया। इसके साथ ही उन्हें कैरियोजेनिक खाद्य पदार्थो के बारे में शिक्षित किया गया जो दांतों की सड़न पैदा कर सकते है। इसके बाद उन्हें मौखिक रोगों से संबंधित उकने प्रश्नों के उत्तर भी दिये। इसके बाद शिविर स्थल पर मरीजों के दांत निकाले गये, दांतो की सफाई करायी, दांतों की सड़न को रोकने के लिए एपीएफ जैल लगाना और और मरीजों का एक्स-रे तथा दांतो मे मसाला भी भरा गया।

इसके साथ मरीजों को तंबाकू समाप्ति पर परामर्ष भी दिये गये। इसके अतिरिक्त मरीजों को संस्थान में प्रदान किये जाने वाले उन्नत उपचार जैसे डेन्टल इंप्लांट, लैमिनेट्स, वेनीर्स, माइक्रोस्कोपिक रूट कैनाल ट्रीटमेंट, ब्रेसेस, एलाइनर्स, टीथ व्हाइटनिंग, हेयर ट्रांसप्लांट आदि के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही संस्थान द्वारा मरीजों के लिए एक निशुल्क बस सेवा की सुविधा भी प्रदान की गयी है। इसके अलावा संस्थान द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस सफलतापूर्वक मनाया गया। जिसमें मरीजों की स्वेच्छा से दांतो की सफाई, मौखिक प्रोफिलैक्सिस, खराब दांतों को निकालना आदि विभिन्न उपचार किये गये, इसी के साथ दांतो में पिट और फिशर सीलेंट लगाने, टोपीकल फलोराइड लगाने जैसी निवारक प्रक्रियाएं भी की गयी।

संस्थान की ओपीडी आने वाले रोगियों के लिए रक्तचाप और ब्लड शुगर का निशुल्क जांच की गयी। आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इन स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसके लिये सभी मरीजों ने संस्थान का आभार प्रकट किया।

# 80 किमी रफ्तार वाली आंधी से 4 की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुबह तेज हवाओं के कारण द्वारका के खरखरी नहर गांव में खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे पर पेड़ गिरने से ४ लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया।

हादसे में महिला और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई,जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। वहीं छावला इलाके में भी आंधी की चपेट में आने से एक मकान की दीवार गिरने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस दोनों मामले दर्ज करके जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि द्वारका के जाफरपुर कलां इलाके में हुए हादसे में मृतकों की पहचान ज्योति(२८)मास्टर आर्यन (७)मास्टर ऋषभ (५)और बेबी प्रयांश (७)के रूप में हुई है। जबकि ज्योति का पति अजय (३०)गंभीर रूप से घायल हो गया। जिनके छाती और कलाई में गंभीर चोट लगी हैं। जिनका राव तुला राव अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जाफरपुर कलां पुलिस को सुबह पांच बजकर २४ मिनट पर मेन रोड, खरखरी नहर इलाके में स्थित एक खेत में बड़ा पेड़ मकान गिरने और उसमें कई लोगों के दबे होने की पीसीआर कॉल मिली थी।

पुलिस और दमकलकर्मी तीन गाडियों के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद पेड़ से हटाया गया। पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके मकान से पांचों सदस्यों को अधमरी हालत में निकाला गया। जिनको एंबुलेंस की सहायता से नजदीक के राव तुला राव अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद अजय की हालत गंभीर बताकर उनकी पत्नी और तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिस मकान पर पेड़ गिरा था। उसमें खेत में पानी देने के लिये टयूबवेल था। वहीं छावला पुलिस को सुबह साढ़े पांच बजे मकान नंबर-६५,गाँव पापरावत से एक पीसीआर कॉल मिली थी। जिसमें कॉलर ने बताया कि पड़ोसी की दीवार गिरने से तीन लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं।

पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। मलबे में दबे ओमप्रकाश (४१)लव (१३)और सौरभ (१५)को अधमरी हालत में बाहर निकाला। जिनको तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत स्थिर बताई।

## जाम की वजह जानने के लिए राव तुला राम मार्ग का किया ऑडिट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जाम के कारण जानने के लिए एनएच-४८ की तरह ट्रैफिक पुलिस ने राव तुला राम (आरटीआर) व बाहरी रिंग रोड चिराग दिल्ली पर ऑडिट करवाया है। गुरुग्राम की कंपनी सड़क यातायात शिक्षा संस्थान (आईआरटीई) ने दोनों जगहों का ऑडिट किया है। जल्द ही रिपोर्ट ट्रैफिक पुलिस को मिलेगी। इसके बाद लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए उपाय किए जाएंगे। इसके बाद वाहन चालक फर्राटा भर सकेंगे।अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बाहरी रिंग रोड चिराग दिल्ली पर हमेशा जाम रहता है। यहां पर जाम के कई कारण दिखते हैं। चिराग दिल्ली फ्लाईओवर से नेहरू प्लेस की तरफ उतरते हुए बॉटलनेक बनती है। साथ ही, यहां तीखा मोड़ है और ट्रैफिक धीमा हो जाता है। यहां पर ग्रेटर कैलाश व चितरंजन पार्क में ट्रैफिक का आवागमन भी होता है। इसके अलावा राव तुला राम फ्लाईओवर से एयरपोर्ट की तरफ वाहनों के उतरने से दोनों कैरिज्वे पर जाम लगता है। सड़कों के ऑडिट से जाम के प्रमुख कारणों का पता लगेगा। इसके बाद जाम खत्म करने के उपाय होंगे। विशेष आयुक्त के कार्यालय में यातायात प्रबंधन और यातायात इंजीनियरिंग समाधानों के संबंध में आईआरटीई के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक-सह-पीपीटी सत्र आयोजित किया गया। इसमें यातायात प्रबंधन की वर्तमान स्थिति, यातायात इंजीनियरिंग की कमियां, यातायात उल्लंघन, जिम्मेदारियां व परिभाषा, भीड़भाड़ के कारण व परिणाम और सिफारिशें आदि मुद्दों पर चर्चा की गई।

# सुल्तानपुरी में पुरानी दुश्मनी के चलते हुई थी हत्या, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिलास पुलिस के सुल्तानपुरी थाने और जिला विशेष टीम (डीएसटी) के संयुक्त टीम ने हत्या का मामला सुलझा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस द्वारा अपराध के हथियार को बरामद करने के प्रयास जारी हैं। यह हत्या पुरानी दुश्मनी के कारण हुई थी।

दिल्ली के बाहरी जिलास पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि ३० अप्रैल को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल, मंगोलपुरी से सुल्तानपुरी थाने को चाकू घोंपने की घटना के एमएलसी मामले के बारे में एक कॉल प्राप्त हुई। कॉल प्राप्त होने पर, एसएचओ और आईओ तुरंत अस्पताल पहुंचे, जहां पीड़ित, जिसकी पहचान सूरज के रूप में हुई, को मृत घोषित कर दिया गया।परिणामस्वरूप, संबंधित धारा के तहत सुल्तानपुरी थाने में मामला दर्ज कर एसीपी राजबीर मालिक की देखरेख में एसएचओ सुल्तानपुरी रविंदर मालिक और इंस्पेक्टर विक्रम के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान टीम ने महत्वपूर्ण मानवीय और तकनीकी खुफिया जानकारी एकत्र कर आरोपियों की पहचान रितिक उर्फ घ्घ्पप्पू (१९) राहुल (२३) और निखिल उर्फ घ्घ्तोमा (१८)के रूप में की।इसके अलावा, टीम को गंदा नाला के पास आरोपियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिली। इस विश्वसनीय मानवीय खुफिया जानक. ारी पर टीम ने गंदा नाला के आसपास के सी-१० ब्लॉक से तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। लगातार पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने बटन-संचालित चाकू से सूरज पर वार करने की बात कबूल की। घ्घ्आगे की जांच से पता चला कि मृतक और उसके परिवार की आरोपियों से दुश्मनी चल रही थी।जांच के दौरान पता चला कि, जब सूरज एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था, तो उसे आरोपियों ने रोक लिया और चाकू मार दिया। यह भी पाया गया कि सभी आरोपियों का पिछले आपराधिक मामलों में शामिल होने का इतिहास रहा है।

# दिल्ली से बिना महरम महिलाएं हज के लिए मदीना रवाना हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आज 2 मई 2025 को रात 8 बजे सऊदी एयरलाइंस की चौथी हज उड़ान संख्या एस.वी-3085 के जरिए 51 बिना महरम महिलाएं दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हज की अदायगी के लिए पवित्र शहर मदीना के लिए रवाना हुईं।

इस अवसर पर इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-३ पर दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां, हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी, डिप्टी कार्यकारी अधिकारी मोहसिन अली और हज कमेटी के अन्य स्टाफ ने इन महिलाओं का स्वागत किया और फूलों से सम्मानित कर उन्हें हज के सफर पर रवाना किया। इस मौके पर चेयरपर्सन कौसर जहां ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में केंद्र सरकार की इस सराहनीय पहल से अब समाज के हर वर्ग के लिए सहूलियतें पैदा हो रही हैं।

गौरतलब है कि आज दिल्ली से हज यात्रा पर रवाना होने वाली ५१ महिलाओं में से २० महिलाएं दिल्ली से, २२ उत्तर प्रदेश से, २ बिहार से, ४ जम्मू-कश्मीर से, १ पंजाब से और २ उत्तराखंड से हैं। ३० अप्रैल से शुरू हुई हज उड़ानों की श्रृंखला की यह चौथी उड़ान थी, जिसके तहत अब तक कुल १६४६ हज यात्री हज की अदायगी के लिए मदीना रवाना हो चुके हैं। अब तक रवाना होने वाले यात्रियों में ८३९ पुरुष और ८०७ महिलाएं शामिल हैं।

आगामी ३० मई तक चलने वाली हज उड़ानों में दिल्ली से कुल ३८ उड़ानें होंगी। इनमें से १५ मई तक की सभी १६ उड़ानें मदीना मुनव्वरा जाएंगी, जबकि १६ मई से ३० मई तक की २२ उड़ानें मक्का मुक्करमा के लिए जेद्दा जाएंगी।



**इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां, हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी, डिप्टी कार्यकारी अधिकारी मोहसिन अली व हज कमेटी के स्टाफ ने महिलाओं का स्वागत करते हुए।**

# पकड़े जाने के डर से कानपुर भागे, परिजनों से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत किशोर और दो किशोरियों को उनके परिजनों से मिलवाया है। बच्चों ने एक दुकान से पैंसिल बॉक्स उठा लिया था। जब वह वहां से निकले तो उनको पकड़े जाने का डर सताने लगा। इसलिये परिवार को बिना बताए तीनों कानपुर ट्रैन से भाग गए थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २८ अप्रैल को भारत नगर इलाके से तीन नाबालिग बच्चों के लापता होने की जानकारी स्थानीय पुलिस को मिली थी। मामला दर्ज करके पुलिस टीम तलाशने की कोशिश कर रही थी। लेकिन उनको कामयाबी नहीं मिली थी। इंस्पेक्टर बलबीर ङ्क्षसह के निर्देशन में पुलिस टीम ने लापता बच्चों के परिजनों,रिश्तेदारों आदि से पूछताछ की,सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। पता चला कि लापता बच्चे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जाने वाली बस में सवार हुए थे।

इसके बाद टीम नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुँची। सीसीटीवी फुटेज खंगाली। पता चला कि बच्चे कानपुर जाने वाली ट्रैन में सवार हुए थे। इसके बाद, कानपुर रेलवे स्टेशन पर संपर्क किया। रेलवे अधिकारियों और कानपुर में रहने वाले बच्चों के रिश्तेदारों की मदद से बच्चों को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन लाया गया। बच्चों को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

# पीडब्ल्यूडी मंत्री ने मिंटो रोड सहित कई इलाकों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरुवार रात राजधानी दिल्ली में रिकॉर्ड ७७ मिमी बारिश के बाद कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सतर्कता और तेज कार्रवाई के चलते ९०% से अधिक शिकायतों का समाधान केवल २ घंटे के भीतर कर दिया गया।इस दौरान दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने सुबह से ही निरीक्षण शुरू किया और मिंटो रोड सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों के साथ मिलकर जलभराव की स्थिति की समीक्षा की और जल निकासी कार्य की निगरानी भी की।इस दौरान पीडब्ल्यूडी की २४०७ कंट्रोल रूम टीमें, मोबाइल पंप यूनिट, सुपर सक्शन मशीनें, बेल माउथ क्लीनिंग टीमें और क्षेत्रीय अधिकारी रातभर और सुबह से ही फील्ड में सक्रिय रहे।अधिकतर स्थानों पर ३० से ६० मिनट में जलभराव हटा लिया गया, जबकि कुछ नीचले इलाकों में थोड़ी देरी के बाद स्थिति को सामान्य कर लिया गया। इस मौके पर मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि "महज दो महीनों में हमने सिस्टम को एक्टिव और जिम्मेदार बनाया है। टीमों को पहले से अलर्ट पर रखा गया था, जिससे बारिश के तुरंत बाद तेज प्रतिक्रिया संभव हो सकी।"

उन्होंने आगे कहा कि यह पिछले १० वर्षों का पाप है, जिसे साफ करने में समय लगेगा। लेकिन हमने शुरुआत कर दी है और जनता अब फर्क महसूस करने लगी है।"उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी अब सिर्फ तात्कालिक समाधान पर नहीं, बल्कि स्थायी सुधार और समयबद्ध प्रतिक्रिया प्रणाली पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।दिल्ली सरकार अब जलभराव की समस्या पर 'रिएक्टिव' नहीं बल्कि 'प्रि-एक्टिव' दृष्टिकोण अपना रही है।

# दुबई से चल रहा भारत में वाहन चोरी रैकेट, आठ पकड़े

**■ दुबई में बैठा आमिर पासा अपने ही गैंग के सदस्यों पर रखता है नजर गैंग में कोई किसी को नहीं पहचानता है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दुबई,यूएई में बैठे सरगना आमिर पाशा के निर्देश पर दिल्ली एनसीआर में लग्जरी वाहनों को चोरी करने वाले अंतर्राज्जीय गैंग के आठ आरोपियों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से १५ कारें,फर्जी नंबर की प्लेट,आरसी और रिमोट चाबियां बरामद की हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आमिर पाशा के साथी पहले भी गिरफ्तार किये गए थे। उनसे पूछताछ करने के बाद आगे की चेन जोड़ते हुए इन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वाहन चोरी दिल्ली एनसीआर में सबसे प्रचलित अपराधों में से एक है, जो देश भर में दर्ज की गई ऑटो चोरी का ५६ फीसदी से अधिक है। एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर अरुण सिंधु के निर्देशन में पुलिस टीमने पिछले साल १८ अगस्त को सिंडिकेट के सदस्य ताज मोहम्मद उर्फ ताजू को गिरफ्तार किया था। पूछताछ करने के बाद मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न स्थानों से चोरी किए गए वाहनों की बरामदगी की गई। बीते २६ फरवरी तक तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिन्हें पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर चोरी के वाहनों के साथ पकड़ा गया।

**संगठित अपराध गिरोह और गिरोह के सरगना की पहचानः** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गैंग का मास्टरमाइंड आमिर पाशा, दुबई से से काम करता है। वह उनको पैसों से पूरी तरह से सहायता करता है और अपने मनमुताबिक काम भी करवाता है। उसकी रणनीति में नेटवर्क को अलग-अलग हिस्सों में बांटना शामिल है, ताकि सिंडिकेट के भीतर कोई भी व्यक्ति दूसरों की पहचान या भूमिका न जान सके, जिससे जोखिम कम हो और यह सुनिश्चित हो कि सिंडिकेट की गतिविधियों को पुलिस आसानी से पता न लगा सके। आरोपी ताज मोहम्मद उर्फ ताजू उर्फ चवन्नी एक दशक से अधिक समय से वाहन चोरी सिंडिकेट का मुख्य संचालक है। वह दूसरे राज्यों में विभिन्न रिसीवरों को चोरी के वाहन पहुंचाने के लिए जिम्मेदार है।

ताज मोहम्मद ने दिल्ली एनसीआर में वाहन चोरी को अंजाम देने के लिए सिंडिकेट के नेताओं आमिर पाशा (दुबई में स्थित) के साथ सीधा संपर्क बनाए रखता है। वह ७० से ज्यादा वारदातों में शामिल रहा है। इमरान खान उर्फ गुड्डू तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में काम करता था। वह ईसीएम कोड हैक करने और कुंजी प्रोग्रामिंग उपकरणों जैसे उन्नत उपकरणों का उपयोग करके वाहन सुरक्षा प्रणालियों को बायपास करने में माहिर था। वह आधा दर्जन वारदातों में शामिल रहा है। इनके अलावा कुणाल सुभाष चोरी की गाडियों का मुख्य रिसीवर और बेचने वाला है। उसने मुंबई, पुणे और नासिक जैसे प्रमुख शहरों में चोरी की गई कारों को फिर से बेचने में मदद की। पूछताछ के दौरान

**कुणाल ने मतीन खान से कई चोरी की गाडियाँ खरीदने की बात स्वीकार कीः** इसके अलावा अकबर ने चोरी की गाडियों के रिसीवर और सिंडिकेट के लिए फाइनेंसर दोनों के रूप में काम करता था। उसने अमीर पाशा के निर्देश पर पूर्वोत्तर भारत और पश्चिम बंगाल में खरीदारों को चोरी की गई गाडियों की डिलीवरी का समन्वय किया। उसपर ६० से अधिक मामले दर्ज हैं। मतीन खान चोरी के वाहन ताज मोहम्मद, रिजवान और इमरान खान उर्फ गुड्डू जैसे गुर्गो से चोरी की गाडियाँ लेता है। वह इन कारों को वडोदरा, हैदराबाद और मुंबई जैसे शहरों में कुणाल जायसवाल और अन्य रिसीवरों को सप्लाई किया। वह दस वारदातों में शामिल रहा है। नागेन्द्र सिंह उर्फ नागिन ट्रांसपोर्टर और रिसीवर के रूप में काम करता था। उसकी मुख्य भूमिका में दीमापुर, नागालैंड जैसे दूरदराज के क्षेत्रों सहित राज्य की सीमाओं में चोरी के वाहनों को पहुंचाना शामिल था। वह साठ से ज्यादा वारदातों में शामिल रहा है। जबकि मनीष आर्य और नदीम दोनों नागेन्द्र का साथ देते हैं।

# आनंद विहार में महिला को गोली मारने की धमकी देकर बंधक बनाकर लूटे थे लाखों, धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पिछले साल छोटी सी बात पर जब युवक को पीटा तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गैंग बनाया। आनंद विहार में रहने वाली उसकी मां के घर में जबरन घुसे। महिला को शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी देकर बंधक बनाया और एक कमरे में बंद कर दिया। अलमारी में रखे करीब २५ लाख रुपये लेकर फरार हो गए। अपराध शाखा ने वारदात में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने लूट की रकम को गौतमबुद्ध नगर के एक फ्लैट में बांटा,लूट की रकम से बाइक और मोबाइल फोन भी लिये गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ११ लाख ४५ हजार रुपये,बाइक,तीन फोन,पिस्टल आदि सामान बरामद किया। आरोपियों की पहचान मनीष उर्फ जतिन,आयुष उर्फ इशु, राहुल उर्फ मिर्जा, जतिन उर्फ बॉबी और सचिन उर्फ गौरव के रूप में हुई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते वीरवार को आनंद पर्वत थाने में एक महिला ने घर में लूटपाट होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि बीते बुधवार को वह घर में अकेली थी। अचानक चार लोग उसके घर में घुस आए। उसे कमरे में ले गए और गोली मारने की धमकी देकर बंधक बना दिया।

करीब २५ लाख रुपये लूट लिए। साथ ही, आरोपियों ने शिकायतकर्ता के उसके भाई के दो फोन भी ले लिये। उसे घर के अंदर बंद कर दिया और आरोपी लूटे गए पैसे लेकर भाग गए। एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर सतेन्द्र मोहन के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। आरोपी मनीष को उसके साथी के साथ सुदामापुरी, गाजियाबाद और हैबतपुर, गौतमबुद्ध नगर, यूपी से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपी मास्टरमाइंड मनीष से पता चला कि २०१८ में वह हत्या के प्रयास के मामले में शिकायतकर्ता के भाई जितेंद्र का सह-सहयोगी था। २०२४ में, उसे एक छोटी सी बात पर जितेंद्र ने पीटा था, और इसलिए, वह बदला लेने के लिए एक अवसर की तलाश में था। उसे पता था कि शिकायतकर्ता का परिवार टैंक रोड, प्रसाद नगर में कपड़े का व्यवसाय करता है और फाइनेंसर भी है और वे हमेशा घर पर पैसा रखते हैं। उसने आयुष उर्फ ईशू को पिस्टल व अन्य लोगों की व्यवस्था करने का काम सौंपा। उसके निर्देश पर, आयुष उर्फ ईशू ने अपने चार साथियों राहुल उर्फ मिर्जा, जतिन उर्फ बॉबी, सचिन उर्फ गौरव समेत अन्य साथियों की व्यवस्था की। मनीष ने सभी को शिकायतकर्ता का घर दिखाया। वारदात के बाद वे मनीष को छोडकर हैबतपुर, गौतमबुद्ध नगर, यूपी में फिर से मिले, जहां उन्होंने लूट का माल बांटा।

## आईपीएलपर सट्टेबाजी को सुप्रीम ऐप्लिकेशन का इस्तेमाल, तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने आईपीएल पर सट्टेबाजी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से तीन लैपटॉप, नौ मोबाइल फोन, दो नोटबुक, एक टीवी स्क्रीन और अन्य गैजेट बरामद की है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचाान हिमाशुं गुलाटी,अमित कुमार और अमित माकोल के रूप में हुई है। एएसआई श्रीओम को सेक्टर-११, द्वारका स्थित फ्लैट में आईपीएल पर सट्टेबाजी का खेल होने की जानकारी मिली थी। एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करके सेक्टर-११ द्वारका में आवासीय अपार्टमेंट के एक फ्लैट में छापेमारी करके तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच मौजूदा आईपीएल २०२५ क्रिकेट मैच का लाइव प्रसारण एक एलईडी टीवी पर चल रहा था। जिसपर सट्टा खिलवाया जा रहा था। आरोपी ऑनलाइन मोड में सट्टेबाजी का संचालन कर रहे है। आरोपी अमित माकोल एक ब्लैक डेल लैपटॉप चला रहा था, जो सुप्रीम नामक एक सट्टेबाजी एप्लिकेशन चला रहा था, और एचडीएमआई के माध्यम से रियलमी एलईडी टीवी से जुड़ा था। लाइव आईपीएल मैच स्ट्रीम किया जा रहा था, और सट्टेबाजी की दरें स्क्रीन पर प्रदर्शित की जा रही थीं। आरोपी अमित कुमार एक एचपी ब्लैक लैपटॉप चला रहा था, जो आईएसिस्टेंट (टैली सॉफ्टवेयर) एप्लिकेशन चला रहा था, जहां वह वास्तविक समय में पंटर्स और बुकीज द्वारा लगाए गए दांव को अपडेट कर रहा था।

# बहन की शादी से हुआ नाराज जीजा का कर लिया किडनेप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** न्यू अशोक नगर में फिरौती के लिए अपहरण के मामले में वांछित बदमाश सफदर अली उर्फ साधु को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी यूपी में भी एक वारदात में शामिल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि २७ अप्रैल २००९ को, गांव घड़ौली में रहने वाली सावित्री(५०) ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि पड़ोसी साधु की बहन शमा (बदला हुआ नाम) करीब २/३ महीने पहले उसके पास रहने आई और धीरे-धीरे उसके बेटे कालीचरण और साधु की बहन शमा के बीच संबंध बन गए। कालीचरण ने शमा से विवाह करने की इच्छा व्यक्त की, जिस पर वह सहमत हो गई। परंतु शमा के परिवार वाले विवाह के लिए तैयार नहीं थे। १८ अप्रैल २००९ को, काली. चरण ने शमा से यमुना बाजार स्थित आर्य समाज मन्दिर में शादी कर ली। शादी में शमा के घर से कोई भी विवाह में शामिल नहीं हुआ। २५ अप्रैल २००९ को,कालीचरण शाम के वक्त लक्ष्मी नगर स्थित घर से निकला। पर वापिस नहीं आया। २६ अप्रैल को न्यू अशोक नगर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करवा दी थी। बाद में कालीचरण ने अपने मोबाइल से फोन करके बताया कि शमा के भाई साधू व अन्य रिश्तेदारों ने मुझे दिल्ली से अगवा कर लिया है तथा बिसौली (उ.प्र.) में रखा है तथा कह रहे हैं कि शमा को वापस कर दो, तब हम तुम्हें छोड़ देंगे।

# तूफान के बाद दिल्ली सरकार के मंत्री सडकों पर उतरेः भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की कल देर रात एवं आज सुबह दिल्ली ही नही आसपास १०० किलोमीटर क्षेत्र में भारी तूफान के साथ वर्षा हुई और उसके चलते पेड़ गिरने से एक दुखद हादसा हुआ जिससे एक परिवार के चार सदस्यों की आकस्मिक मृत्यु हो गई और दिल्ली में कुछ अन्य स्थानों पर पेड़ गिरने एवं जलभराव के समाचार सामने आये।

दिल्ली में जलबोर्ड एवं दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मियों ने बहुत सुबह से काम में लग कर दिल्ली की सड़कों से तुरंत पानी की निकासी एवं सफाई सुनिश्चित की। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की जहां जाफरपुर कलां में एक ही परिवार के चार लोगों की पेड़ गिरने से मृत्यु हुई है वहां भाजपा के क्षेत्रीय विधायक संदीप सहरावत, पार्षद अमित खरखड़ी एवं शशी यादव ने सम्बंधित परिवार के लिए राहत एवं दुर्घटना में घायल परिवार के मुखिया के लिए मैडिकल राहत संगठित की।दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष ने कहा की अरविंद केजरीवाल सरकार के समय विपदा आने पर सत्ताधारी लोग गायब हो जाते थे पर कल रात आये तूफान के बाद दिल्ली की भाजपा सरकार की मुख्य मंत्री, मंत्री, विधायक, महापौर एवं पार्षद ही नही सांसद तक सड़कों पर उतरे और त्वरित सफाई सुनिश्चित की।

## आरएमएल में तीन एसी मोबाइल हीट स्ट्रोक एंबुलेंस तैयार की गईं

**नई दिल्ली।** आरएमएल में लू के मरीजों को टैको (ट्रेपॉलिन असिस्टेड कूलिंग ऑस्किलेशन) तकनीक से उपचार दिया जाएगा। मौके पर उपचार देने के लिए अस्पताल प्रशासन ने यह कदम उठाया है, जिससे मरीज का तापमान तुरंत नियंत्रित किया जा सकें। इसके लिए तीन एसी मोबा. इल हीट स्ट्रोक एंबुलेंस तैयार की गई हैं। बढ़ते तापमान के मद्देनजर अस्पताल का हीट स्ट्रोक रूम भी तैयार है। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर (०११-२३४०४४४६) भी जारी किया गया है। अस्पताल के इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. यादव ने बताया कि जिन इलाकों में एबुलेंस नहीं पहुंच पाएगी, वहां पर हीट स्ट्रोक के मरीज को तिरपाल के बीच में मरीज को लिटाया जाएगा, उसमें २५-३० किलोग्राम बर्फ डालकर तिरपाल को चारों छोर से पकड़कर हिलाया-डुलाया जाएगा।

# एनजीटी ने मांगी मानसून से पहले नालों की सफाई के लिए समय सीमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने नगर निगम से दक्षिण दिल्ली से गुजरने वाले कुशक, सुनहरी पुल और डिफेंस कॉलोनी नालों के कवर-रेड हिस्सों से गाद निकालने के लिए स्पष्ट समयसीमा बताने को कहा है। गाद निकालने का काम पूरा होने के बाद क्या सुरक्षा उपाय किए जाएंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ढके हुए हिस्सों में खुले स्थान से दुर्घटनाएं न हों या किसी प्रकार की दुर्गंध न फैले।निजामुद्दीन पश्चिम निवासी कल्याण एसोसिएशन सहित विभिन्न याचिकाएं न्यायाधिकरण के समक्ष दायर की गईं। इनमें २४ नालों से गाद निक. ालने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि कुशक नाले, सुनहरी पुल नाले और डिफेंस कॉलोनी नाले के ढके हुए हिस्से से गाद निकालने के लिए स्पष्ट समयसीमा का निगम द्वारा विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया गया है। निगम द्वारा हलफनामे में मुख्य सचिव द्वारा आयोजित बैठक और उसमें लिए गए कुछ निर्णयों के बारे में बताया गया है, लेकिन बैठक के मिनट भी रिकॉर्ड में नहीं है।

हलफनामे में यह भी कहा गया है कि ढके हुए हिस्से के प्रवेश द्वार पर स्क्रीन लगाई जाएगी, ताकि तैरती हुई सामग्री को ढके हुए हिस्से में प्रवेश करने से रोका जा सके, लेकिन स्क्रीन का स्थान और विवरण का उल्लेख नहीं किया गया है। एनजीटी, दिल्ली में मानसून आने से पहले तीन नालों से गाद निकालने के संबंध में एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है। दिल्ली सरकार ने पहले एनजीटी को सूचित किया था कि सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग (आइएफएंडसीडी) सभी २२ नालों से गाद निकालने का काम करेगा, जबकि निगम केवल कुशक, सुनहरी पुल और डिफेंस कॉलोनी नालों के ढके हुए हिस्से के लिए ही यही काम करेगी।

## बारिश से हुए जलभराव से कई मार्गों पर लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में हुई तेज बारिश और आंधी-तूफान के चलते कई पेड़ उखड़ गए हैं। वहीं, भारी जलभराव के कारण कई वाहन खराब हो गए, जिससे सड़कों पर जाम लग गया है। दिल्ली के जाम ने गाजियाबाद में ही वाहनों की रफ्तार रोक दी है। यूपी गेट पर नेशनल हाईवे संख्या-९ पर लंबा जाम लगा है। जाम लगने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मयूर विहार फेस-२ डीटीसी डिपो एनएच-२४ हाईवे पर भी जलभराव हुआ है। यहां भी वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। गांव नरसिंहपुर के समीप दिल्ली-जयपुर हाईवे के मुख्य मार्ग पर भी जलभराव हुआ है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों के साथ मजनू का टीला में जलभराव स्थल का निरीक्षण किया। दिल्ली में मानसून के दौरान होने वाले जलभराव को लेकर जो आशंका व्यक्त की जा रही थी वह सामने भी आ रही है। मानसून से पहले ही हुई आज की तेज वर्षा ने लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम सहित उन तमाम एजेंसियों की तैयारी के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं जो यह बात कह रही हैं कि इस बार जलभराव नहीं होगा। मानसून आने में अभी दो माह का समय शेष है, ऐसे में इतने पहले हुई दिल्ली में भी वर्षा से कई जगह भयंकर जलभराव हो गया। नगर निगम के किशनगंज अंडरपास में बस डूब जाने वाली स्थिति वाला पानी भरा तो कई अन्य जगहों पर भी सड़कें लबालब हो गईं। वहीं, लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने वर्षा के दौरान मिंटो ब्रिज अंडरपास का निरीक्षण किया। उन्होंने दावा किया कि चारों ही पंप चल रहे थे और ऑपरेटर भी अलर्ट थे। हालांकि, यहां पर एक पाइप फट जाने से व्यवस्था सामने आई है, वहीं सीवर के मेनहाल से पानी भी निकल कर अंडरपास में तेजी से पहुंच रहा था, जिसे पंप से निकाला गया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉले की टक्कर लगने से किशोर की मौत, दो घायल

## गांव मंडौला से शादी समारोह में काम करने के बाद बाइक से घर लौटते समय डौला इंटर कॉलेज के पास हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बगापत।** थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र में मेरठ -बागपत हाईवे पर गुरूवार की देर रात गांव डौला में इंटर कॉलेज के निकट सड़क दुर्घटना में एक किशोर की मौत हो गई जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया है कि गांव पिलाना निवासी रवि पुत्र अमित कक्षा 12 का छात्र था और हेयर सैलून का कार्य करता था। परिजनों के अनुसार गत गुरूवार को वह गांव मंडौला में एक शादी समारोह में कार्य करनें के लिए गया था। बताया गया है कि काम खत्म करने के बाद वह अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक से घर लौट रहा था। जब वह मेरठ-बागपत हाईवे से गुजर रहे थे तो रास्ते में गांव डौला इंटर कालेज के निकट उनकी बाइक में भूसे के एक ट्रैक्टर-ट्रॉले ने टक्कर मार दी जिससें रवि (17 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई और उसके दो सथी गंभीर रूप रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


मुतक का फाइल फोटो



# आरोग्य मंदिर के माध्यम से जनता को दी जाए बेहतर सुविधाएं:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर मीतली का निरीक्षण किया और संबंधित सीएचओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला. धिकारी ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए, यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर कोई भी मरीज पहुंच कर वहां तैनात सीएचओ के द्वारा ई संजीवनी के माध्यम से विशेष चिकित्सकों से भी परामर्श ले सकते हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर 14 तरह की जांच की जाती हैं और 58 तरह की दवाई उपलब्ध रहती हैं जिससे कि आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर से बेहतर प्राप्त हो सके जिससे व्यक्ति को छोटी सी समस्या के लिए बाहर न जाना पड़े। जिला. धिकारी द्वारा निरंतर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण किये जा रहे हैं जिसके क्रम में आज उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर मीतली में उपस्थिति पंजिका देखी जिला. धिकारी ने कहा कि समस्त आशाएं उपस्थिति पंजिका में अपनी उपस्थिति अवश्य लगाए जिला. धिकारी ने ओपीडी रजिस्टर का भी अवलोकन किया जिसमें जो मरीज आयुष्मान आरोग्य मंदिर से दवाई लेकर गए थे। उन से दूरभाष पर बात की और दवाइयां के संबंध में फीडबैक लिया मरीज ने बताया कि दवाई आसानी से मिल जाती है। किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं है।




# रंगदारी मांगने वाला आरोपी हरेंद्र शर्मा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बामनौली निवासी सपा नेता ने शामली अस्पताल संचालक से रंगदारी वसूलने और युवती से मोबा. इल छीनने के मामले में वांछित चल रहे हरेंद्र शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सलेक विहार में अस्पताल चलाने वाले शाकिब ने 19 अप्रैल को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि हरेंद्र शर्मा समेत 10 से अधिक लोग अस्पताल पहुंचे थे और खुद को यूनियन के पदाधिकारी बताकर रुपयों की मांग करने लगे थे। उन्होंने रुपये देने से मना किया था आरोप है कि उक्त लोगों ने स्टाफ से मारपीट की। धमकी देते हुए एक लाख रुपये की मांग की।


अस्पताल संचालक ने 15 हजार रुपये आनलाइन और 30 हजार नगद कुल 45 हजार रुपये दे दिए थे। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। वहीं, 26 अप्रैल को गांव सिंभालका निवासी युवती ने आरोपी हरेंद्र शर्मा पर शहर के वर्मा मार्केट में मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गुरुवार देर रात कोतवाली पुलिस ने आरोपी हरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

# जिलाधिकारी ने खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत मीतली में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल विभाग उत्तर प्रदेश तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित खेलो इंडिया मल्टीपरपज इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी को जानकारी दी गई कि इस आधुनिक स्टेडियम में बैडमिंटन गेम वर्तमान में सक्रिय रूप से संचालित हो रहा है। साथ ही, शीघ्र ही वेटलिफ्टिंग, जूडो, वॉलीबॉल, कुश्ती आदि इनडोर खेलों की शुरुआत भी की जाएगी। वर्तमान में 45 खिलाड़ी इस केंद्र में पंजीकृत हैं और नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस मल्टीपरपज हॉल का निर्माण 3 करोड़ 32 लाख की लागत से किया गया है, जो कि जनपद बागपत के युवाओं के खेल एवं शारीरिक विकास हेतु एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह केंद्र प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करेगा। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को खिलाड़ियों की सुविधा, खेल सामग्री की गुणवत्ता और प्रशिक्षण की नियमितता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम जनपद के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा तथा खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करेगा। यह पहल न केवल क्षेत्रीय प्रतिभाओं को उभारने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि प्रदेश एवं राष्ट्र को सशक्त युवा प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मल्टीपरपज हॉल में इंडोर गेम के लिए जो कुश्ती आदि गमों के लिए जो सामग्री आई है उसे तत्काल लगाकर अन्य गेम भी स्टार्ट कराए जाएं।



## एक नजर

### बारिश से आम की फसल को नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** बारिश और तेज हवाओं के चलते जहा सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा है। वही आम की फसल को भी तेज हवाओं ने नुकसान पहुंचाया है। मौसम मे बदलाव के चलते जहा तेज हवाओ के साथ बारिश हुई है जिसके चलते सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा। वही जो गैंहू की फसल कट चुकी है और निकालना बाकी है। उसे भी नुकसान हुआ है। इसके अलावा आम बागानों को भी नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं के चलते 20 प्रतिशत छोटा आम टूटकर गिर गया है। वही ज्वार और बाजरे की फसल को भी नुकसान हुआ है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री अजित सिंह को भारत रत्न देने की मांग

**शह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रालोद नेता ओमवीर ढाका ने राष्ट्रपति को एक पत्र भेजकर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ.अजित सिंह को भरत रतन दिए जाने की मांग की है। ढाका ने कहा कि अजित सिंह देश की राजनीति में केवल एक नाम नही है बल्कि एक विचारा का नाम है। उन्होंने हमेशा समाज के दबे कुचले वर्ग व किसान व कमेरा वर्ग के हितो की लडाई लडी। जिससे यह वर्ग उन्हें हमेशा याद रखेगा। ढाका ने इस संबंध में राष्ट्रपति को एक पत्र भेजकर पूर्व केंद्रीय मंत्री को आगामी 6 मई को उनकी पुण्य तिथि पर उन्हें भरत रत्न से सम्मानित करने की मांग की है।



### कार्यालय पर कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस कार्यसमिति की एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता बडौत शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने की तथा संचालन बिजेन्द्र शर्मा व निशान्त चोधरी ने किया।

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री डा.गिरिजा व्यास के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। दो मिनट का मोन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साथ ही प्रदेशव्यापी अभियान के तहत माननीय नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी विगत कई वर्षों से देश में जातिगत जनगणना कराये जाने को लेकर मांग पर अडिग थे। शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा कि यह उनकी दूरदर्शिता दूरगामी सकारात्मक सोच किये गये प्रयासों का ही प्रतिफल परिणाम है कि केंद्र सरकार इसे लागू करने के लिए बाध्य हुई। राहुल गांधी द्वारा निरन्तर किये गये प्रयास को लेकर समस्त कांग्रेस जनों ने सार्थक पहल सराहनीय कदम बताया प्रशन्नता खुशी का इजहार किया। राहुल गांधी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर चौ.रामवीर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र तोमर अनुज कुमार आशु पंडित निशान्त चोधरी देवेन्द्र शर्मा कृष्णहरी पंवार बिजेन्दर शर्मा हरबीर सिंह डा. सुभाष प्रवीण रूहेला महेंद्र मीडिया प्रभारी औकार दत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।



### भैंसा बुग्गी की दौड़ कराने का प्रयास कर रहे चार लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने पिलाना भट्टे के पास हारजीत की शर्त लगाकर भैसा बुग्गी की दौड कराने का प्रयास कर रहे चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दौड के लिए लाये गए दो भैंसें तीन बुग्गी तथा 11 बाइक बरामद की हैं।

थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि पिलान भट्टे के पास कुछ लोग हारजीत की शर्त लगाकर भैंसा-बुंग्गी की दोड कराने का प्रयास कर रहे है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दौड कराने का प्रयास कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से दौड के लिए लाये गए दो भैंसे, तीन बुग्गी व 11 इसइक बरामद की है। पकडे गए लोगों के नाम शौएब उर्फ चांद, निवासी झकौली राहुल,राहुल व अंकुश निवासीगण रोशनगढ बताये गए हैं। पुलिस पशु क्रूरता अधिनियम में मुकइमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### आचार्य ने पहलगाम में मारे गए हिंदुओं के प्रति किया शो प्रकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड़ स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य उमेश कौशिक ने पहलगाम में मारे गए हिंदुओं के प्रति गहरा रोष प्रकट करते हुए पाकिस्तान के जनरल की कड़े शब्दों में निंदा की।

उन्होंने कहा कि पहलगाम में मारे गए हिंदुओं के प्रति पाकिस्तान लगातार साजिश करता आ रहा है जिसकी साजिश को हमारे जवान कभी भी कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहां कि हमारे देश के सेवा के जवान जम्मू कश्मीर में जंग लड़ने जा रहे हैं। वहां जाने से पहले हम अपने जवानों के प्रति उनके लिए विशेष पूजा अर्चना करते हैं। हम उनकी आयु की लंबी कामना करने के लिए भगवान से भी कामना करते हैं कि हमारे जवानों का हौसला बुलंद रहे और वह अपनी जंग में कामयाब रहे नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में आचार्य उमेश कौशिक ने विधि विधान के साथ मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए उनकी लंबी आयु की कामना की। उन्होंने कहा हौसले बुलंद होने चाहिए हम आसमान को भी छू सकते हैं। हमारा आशीर्वाद हमारे देश के जवानों के साथ है और हम उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए भी वचन बद है। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी अचार्य उमेश कौशिक जागौश आज मंदिर में मिडिया से रूबरू हो रहे थे।

# तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ देर रात झमाझम बारिश हुई ओलावृष्टि भी जमकर हुई अभी और बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। आंधी तूफान के आने के संकेत मिल रहे हैं। देर रात बारिश होने से मौसम तो ठंडा हुआ गर्मी से भी लोगों को राहत मिली है लेकिन अब धूप निकलने के बाद उमेश भरी गर्मी लोगों को रुलाने का काम भी करेगी। बागपत एनसीआर क्षेत्र में देर रात आंधी तूफान झमाझम बारिश ओलावृष्टि भी हुई है अभी भी मौजूदा समय में इक्का-दुक्का किसने की गेहूं की फसल खेतों में पड़ी हुई है। झमाझम बारिश होने से गेहूं की कटी हुई फसल को भी नुकसान हुआ है। गेहूं की कटी हुई फसल के दाने अब काले पड़ जाएंगे। बारिश होने से एनसीआर क्षेत्र के कई जगह इलाकों में जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली है। गलियों में सड़कों पर पानी भरने से लोग परेशान हो गए हैं। गुरुवार की रात बारिश ओलावृष्टि भी हुई है। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत भी मिली है। ठंडी ठंडी फुहार चलने से सड़कों पर लोगों ने छाता लेकर चलने काम किया और ठंडी-ठंडी फुहार का मजा भी लिया। नगर के दिल्ली सहारनपुर हाईवे रोड़ पर साइकिल पर छाता लगाकर मुसाफिर चलते रहे। वही हेलमेट लगाकर दुपहिया वाहन चालक भी सड़कों पर दौड़ते नजर आए कुछ लोगों ने ई-रिक्शा का सारा लेकर सड़क पर चलने का कार्य किया। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अभी और 3 दिन तक मौसम रिमझिम बारिश का रहने वाला है।



# पुलिया का निर्माण कराने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** छोटी नगर पर पुलिया टूटने से किसानों को खेतो में जाने मे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने प्रर्दशन करते हुए उच्च अधिकारियों से पुलिया निर्माण करानें की मांग की है।

रटौल पूर्वी यमुना नहर से ही मुबारिकपुर से डगरपुर तक एक छोटी नहर निकाली गयी है जिससे रजवाहा भी कहा जाता है। छोटी नहर पर धोला पीर के समीप पुलिया टूटनें से किसानों का खेतो पर जाना बंद हो गया है जिससे किसान परेशान है। किसान जाफर अली, रफीक, रजाहसन आदि ने बताया कि छोटी नहर की पुलिया टूटने के कारण खेत मे समान ले जाने और खेतो से पशुओं को चारा लाने मे परेशानी उठानी पड़ रही है जिससे किसान परेशान है। किसानों के साथ-साथ पुलिया पार करने पर कब्रिस्तान भी है। जहां जाने मे भी लोगों को परेशानी होगी। ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण की मांग को लेकर एक जगहा इखट्टा होकर प्रर्दशन करते हुए पुलिया के निर्माण की मांग की है। वही बसपा नेता रजाहसन चौधरी ने कहा कि वह जिलाधिकारी से मिल समस्या का समाधान करानें की मांग रखेगे। प्रर्दशन करने वालो में चौधरी आसिफ, रफीक, जाफर, सुऐब, नदीम, वसीम आदि लोग मौजूद रहे।



# गौवंशों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मीतली स्थित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौशाला में कुल 202 गोवंश है जिसमें नर172 व मादा30 है।

इस दौरान जिलाधिकारी को खुले में भूसा रखा हुआ मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और उसे तत्काल त्रिपाल से ढकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौशाला परिसर में अतिरिक्त भूमि उपलब्ध होने के बावजूद एक भी नया टीन शेड न बनाए जाने पर नारा. जगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि शीघ्र ही एक और टीन शेड का निर्माण कराया जाए। साथ ही, गौशाला में लगे सीसीटीवी कैमरों को तत्काल क्रियाशील किया जाए। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने और नियमित रूप से समस्त रजिस्टरों के रखरखाव के निर्देश दिए। सूचना पट अनुपस्थित पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए उसे तत्काल लगाने और अद्यतन जानकारी प्रदर्शित करने को कहा। जिलाधिक. ारी ने निर्देश दिया कि गौवंशों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पशु चिकित्सक नियमित रूप से गौवंशों की स्वास्थ्य जांच करें तथा केयरटेकर अनिवार्य रूप से गौशाला में उपस्थित रहें।



# शॉट सर्किट होने से नमकीन की फैक्ट्री में लगी आग, हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नई बस्ती महावीर वाली गली में शॉट सर्किट से नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। आग लगने फैक्ट्री मालिक का हजारों का नुकसान हो गया।

कोतवाली बागपत क्षेत्र की नई बस्ती महावीर वाली गली में शुक्रवार के तड़के करीब तीन बजे मिली जानकारी के अनुसार शॉट सर्किट से अचानक नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। आग लगी देखकर आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री मालिक नरेश गुप्ता को दी। साथ ही दमकल विभाग की टीम और कोतवाली बागपत पुलिस को आग लगने की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से फैक्ट्री मालिक का हजारों का नुकसान हो गया।



# पेड़ पौधों को नष्ट करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के पीएन शर्मा पार्क शहीद स्मारक पार्क के निकट महादेव सेवा समिति द्वारा नगर में पौधारोपण अभियान चलाया गया था। इसमें काफी संख्या में शहर सिटी के अंदर पौधे लगाए गए थे। महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल महादेव ने शुक्रवार को तहसील परिसर में पहुंचकर एसडीएम मनीष कुमार यादव को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि नगर पीएन शर्मा पार्क शहीद स्मारक पार्क के निकट सड़क किनारे काफी संख्या में पौधे लगाए गए थे। बडौली रोड़ पर पी डब्लू डी हाउस के पीछे जिन पौधों का खर्चा भी महादेव सेवा समिति ने वहन किया था। इन पौधों के पास में जल भी लगाए गए थे। लोहे की रीडिंग वाले इन सभी पेड़ों को कुछ लोगों ने उखाड़ कर फेंक दिया है। सभी पौधे तोड़फोड़ कर दिए गए हैं। पर्यावरण को जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इन पौधों का निर्माण महादेव सेवा समिति द्वारा कराया गया था जिनका उद्घाटन नगर के समाज सेविओ ने किया था। उन्होंने एसडीएम से पेड़ पौधे उखाड़ कर फेंकने वाले पेड़ पौधों को नष्ट करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल महादेव के तत्वाधान में जो पेड़ पौधे उखाड़े गए हैं। उन्हें दोबारा लगाने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर राकेश विश्वकर्मा दस्तावेज लेखक पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद बडोत वरिष्ठ समाजसेवी योगेश कुमार अंकित कुमार सरवन कुमार मोनू जैन आदि लोगों ने एसडीएम से गुहार लगाते हुए पेड़ पौधों को उखाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।



# पानी की निकासी गांव ढिकोली के नाले से कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तालाब के पानी की निक. ासी अवरूद्ध करने के विरोध में शुक्रवार को गांव पांची के ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और डीएम को एक ज्ञापन देते हुए पानी की निकासी गांव ढिकोली के नाले से कराने की गुहार लगाई है।

ग्रामीणें के अनुसार गांव से तालाब के पानी की निकासी प्रचीन समय से ही गांव ढिकोली के नाले से होती रही है। आरोप है कि समय से यह नाला अवरूद्ध कर दिया गया है जिससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव दक्षिण दिश में स्थित बडे तालाब की खुदाई का कार्य चल रहा है। आरोप है कि उत्तर दिशा से तालाब का पानी बडे तालाब में डालने का प्रयास किया जा रहा है। इससे आसपास के कई गांवों को परेशनी का सामना करना पडेगा। ग्रामीणों ने इस इस संबंध में डीएम को एक प्रार्थना पत्र देते हुए तालाब के पानी की निकासी पूर्व की भांति ढिकोली नाले से कराने की गुहार लगाई है। इस अवसर पर अभिषेक, अंकुर, विनोंद कुमार, मुकेश देवेंद्र व सुनील आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।



# मोबाइल टावर से उपकरण चुराने वाले गैंग का पर्दाफाश





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को मोबाइल टावर से कीमती उपकरण चुराने वाले एक अंतरराज्यीय गैंग का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह के आठ सदस्यों को सूर. जपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 35 रेडियो रिसीवर यूनिट (आरआरयू), 4850 रुपये नकद, एक लाल रंग की वैगनआर कार सहित चोरी में प्रयुक्त औजार भी बरामद किए हैं। बरामद किए गए माल की अनुमानित कीमत लगभग 3.5 करोड़ रुपये बताई गई है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी का कहना है कि स्वाट दो और थाना सूरजपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने इस गिरोह को सूरजपुर क्षेत्र की मकोड़ा पुलिया के पास से दबोचा है। आरोपियों की पहचान सलीम मलिक (38), अब्बास मलिक उर्फ बाशू (57), सुहैल कुरैशी (25), शहनवाज उर्फ सोनू (32), शानू मलिक (40), शानू (37), इमरान मलिक (23), और सलमान कुरैशी (25) के रूप में हुई है।

सभी आरोपी गाजियाबाद, बागपत और मुजफ्फरनगर जनपदों के निवासी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे पिछले एक वर्ष से राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, नोएडा सहित एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल टावरों से रेडियो रिसीवर यूनिट, बैटरियां व अन्य कीमती उपकरण चुराते आ रहे थे। दिन में टावरों की रेकी की जाती थी और रात या तड़के चोरी को अंजाम दिया जाता था। कुछ सदस्य टावर पर चढ़कर औजारों की मदद से उपकरण खोलते, जबकि अन्य सदस्य निगरानी रखते व चोरी का माल वाहनों में लेकर फरार हो जाते थे। गिरोह के मुख्य सदस्य सुहैल कुरैशी, शहनवाज, शानू मलिक, शानू व इमरान मलिक टावरों से आरआरयू व बैटरियां चुराने का कार्य करते थे।

सलमान कुरैशी चोरी के दौरान गाड़ी लेकर साथ चलता था। जबकि सलीम मलिक और अब्बास मलिक गिरोह की रेकी व आर्थिक सहायता का जिम्मा संभालते थे। चोरी के माल की बिक्री दिल्ली व मुरादनगर में की जाती थी। अब्बास मलिक को इस गिरोह का 'लोडर' कहा जाता है जो माल को आगे बेचता था। आरोपी अधिकतर कक्षा 2 से 8 तक ही पढ़े हैं। गिरोह में शामिल सभी आरोपी पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। इन पर हत्या के प्रयास, हथियार अधिनियम और चोरी जैसे गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।

# पीएम 19 मई को आ सकते है नोएडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बनने वाली नई फिल्म सिटी की नींव 19 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रख सकते हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। पिछले छह महीने में तीन बार फिल्म सिटी के शिलान्यास के कार्यक्रम की तैयारी की गई। लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से कार्यक्रम टल गया। ऐसे में इस बार 19 मई को पीएम आ सकते है। हालांकि, अब तक प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का विधिवत कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। प्राधिकरण और निर्माता कंपनी के अधिकारी इसका इंतजार कर रहे।

सेक्टर-21 में नई फिल्म सिटी का निर्माण एक हजार एकड़ में होगा। फिल्म निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट और भूटानी इंफ्रा फिल्म सिटी का निर्माण करेगी। फिल्म सिटी के निर्माण के लिए पहले चरण में 230 एकड़ जमीन पर 11 माह पहले ही कब्जा लिया जा चुका है। 27 जून 2024 को कंपनी को प्राधिकरण की ओर से जमीन पर कब्जा दिया जा चुका है, लेकिन अब तक फिल्म सिटी का निर्माण शुरू नहीं हो सका। फिल्म सिटी में विदेश के मुकाबले 50 प्रतिशत कम बजट में फिल्म बन सकेंगी।

**एक हजार करोड़ होंगे खर्च:** प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी को एक हजार एकड़ में विकसित किया जाना है। पहला चरण 230 एकड़ और दूसरा चरण 670 एकड़ में विकसित होगा। दिसंबर में बोनी कपूर ने प्राधिकरण को पहले चरण का लेआउट प्लान सौंपा था, जिसे प्राधिकरण ने गुरुवार को स्वीकृति दे दी। बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट और भूटानी ग्रुप मिलकर फिल्म सिटी का निर्माण करेंगे। कुल 230 एकड़ क्षेत्रफल में से 155 एकड़ में औद्योगिक और 75 एकड़ में व्यवसायिक गतिविधियां विकसित की जाएंगी।

**तीन जोन में व्यवसायिक गति. विधियां:** फिल्म सिटी में व्यवसायिक गतिविधियों का विकास तीन जोन में होगा। इनमें अभिनेताओं के ठहरने के लिए होटल, विश्वविद्यालय, प्रशिक्षण केंद्र, थीम पार्क, शॉपिंग सेंटर, डिज्नीलैंड के अलावा पांच और सात सितारा होटल बनाए जाएंगे। यहां बनने वाला एम्यूजमेंट पार्क लोगों को आकर्षित करेगा। व्यवसायिक गति. विधियां यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे पर विकसित होने से इसका नजारा एक्सप्रेसवे पर सफर करने वाले यात्री भी देख सकेंगे। विकासकर्ता कंपनी को अनुबंधन के हिसाब से पहले फिल्म शूटिंग से संबंधित गतिविधियों को पहले निर्माण करना होगा।

# जनपद में मूसलाधार बारिश, कई इलाकों में जलभराव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सुबह से तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। स्कूल और दफ्तर जाने वाले लोगों को इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

महामाया फ्लाईओवर के पास जलभराव से यातायात प्रभावित हुआ। कार चालकों और दोपहिया वाहन चालकों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा। कई वाहन पानी में बंद हो गए। ग्रेटर नोएडा के तिलपता इलाके में भी सड़कों पर पानी भर गया।गोल चक्करों पर भी जलभराव की स्थिति बनी। पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण यह समस्या और बढ़ गई। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सुबह के समय भीषण जाम की स्थिति बनी।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। आज अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस की गुरुवार की रात चोरी और लूटपाट करने वाले बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। उनके साथी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सूरजपुर कोतवाली की पुलिस टीम गुरुवार की रात मोजर बेयर गोलचक्कर पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि रेलवे लाइन के किनारे जंगल में कुछ संदिग्ध लोग इकट्ठे हैं। उनके पास लूट और चोरी की कार है। पुलिस की टीम जंगल में पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस की टीम को देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए।

उनकी पहचान बिट्टू उर्फ प्रवेश कसाना निवासी भूपखेड़ी थाना लोनी गाजियाबाद, गोलू उर्फ रवि जाटव निवासी गोटरा जिला महोबा के रूप में हुई। आरोपियों के एक साथी नवीन निवासी ग्राम जावली गाजियाबाद को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो पिस्तौल, एक मैंगजीन और बिना नंबर प्लेट लगी तीन लग्जरी गाड़ियां बरामद की। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि ये बदमाश लूट और चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश बिट्टू पर गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न थानों में 10 और गोलू पर सात मुकदमे दर्ज हैं।

## एक नजर

### यूपी बोर्ड ने मूल्यांकन में अनुपस्थित परीक्षकों का ब्योरा मांगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम के बाद माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा मूल्यांकन के समय अनुपस्थित रहने वाले परीक्षकों को तलब करने की कार्यवाही शुरू कर दी है। इसको लेकर शुक्रवार को विभाग द्वारा निर्देश जारी कर जिला विद्यालयों निरीक्षक से अनुपस्थित परीक्षकों एवं उप प्रधान परीक्षकों का विवरण मांगा गया हैं। बता दे कि जिले में 19 मार्च से दो अप्रैल तक हाइस्कूल और इंटरमीडिएट के मूल्यांकन के लिए जिले में 700 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसमें आंकड़ों के आधार पर हाईस्कूल में प्रतिदिन 513 में से 152 परीक्षक और इंटर में 283 में से 131 गुरुजी मूल्यांकन केंद्र पर अनुपस्थित रहे।

ऐसे में सभी परीक्षकों को ब्योरा तैयार कर माध्यमिक शिक्षा परिषद तो भेजा जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन समय जो शिक्षक अनुपस्थित रहे उनके खिलाफ बोर्ड को पत्र भेजा गया। विभाग द्वारा मूल्यांकन उन्हीं शिक्षकों से कराया गया जिनकी बोर्ड से ड्यूटी लगाई गई है। ऐसे में परिषद द्वारा निर्देश जारी कर संचा. लित मूल्यांकन कार्य में परिषद की ओर से नियुक्त अनुपस्थित परीक्षकों का विवरण एक सप्ताह में मांगा गया है।

### फैकल्टी के लिए सोमवार से होंगे इंटरव्यू

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर- 24 स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में इस सत्र से 50 सीटों पर एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू होने जा रही है। इसके लिए फैकल्टी पूरी करने के लिए सोमवार और मंगलवार को इंटरव्यू होंगे। हालांकि बहुत से विषयों की फैकल्टी पहले से अस्पताल के पास है।

अस्पताल में एकेडमिक जोन बना दिया गया है। एमबीबीएस की 50 सीटों के लिए अलग-अलग विषयों की करीब 59 फैकल्टी की जरूरत है। जिन विषयों की फैकल्टी अस्पताल के पास नहीं है, उसको संविदा पर नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। ताकि नीट के बाद छात्रों के दाखिले होने के बाद कक्षाएं शुरू की जा सके। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल की डीन डॉ. हरनाम कौर ने बताया कि 5 और 6 मई को इंटरव्यू रखे गए हैं। इसके जरिए फैकल्टी रखी जाएगी। मेडिकल कॉलेज शुरू करने की तैयारी पूरी है। इसी माह भारतीय चिकित्सा परिषद की टीम भी दौरे पर आएगी।

### श्रमिक दिवस पर ग्रेनो प्राधिकरण से जुड़े कर्मियों को वेतन वृद्धि का तोहफा

**ग्रेटर नोएडा( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से जुड़े 3646 कर्मचारियों श्रमिक दिवस पर वेतन वृद्धि का तोहफा दिया गया है। प्राधिकरण की तरफ से इन कर्मचारियों के वर्तमान वेतन में 5% की वृद्धि की गई है। विगत 1 जनवरी से वेतन वृद्धि लागू की गई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से जुड़े ठेकेदारों के अंतर्गत कार्यरत कार्यरत कार्मिकों की तरफ से वेतन वृद्धि के लिए लगातार मांग की जा रही थी। इन कर्मचारियों में पंप ऑपरेटर , हेल्पर और सफाई कर्मचारी सहित कुल 3646 कर्मचारी शामिल हैं। ये कर्मचारी लंबे समय से वेतन वृद्धि की मांग कर रहे थे। इनकी मांग पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने वेतन बढ़ाने के निर्देश दिए। प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई, जिसमें एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, ओएसडी अभिषेक पाठक, महाप्रबंधक वित्त विनोद कुमार, विशेष कार्याधिकारी नवीन कुमार सिंह और विधि विभाग के प्रभारी रविंद्र कुमार बतौर सदस्य शामिल रहे। समिति की सिफारिश के आधार पर कुल 3646 कर्मचारियों की वेतन में 5% की वृद्धि की गई है। वेतन वृद्धि होने पर इन कर्मचारियों ने बहुत खुशी जाहिर की है। एसीईओ श्री लक्ष्मी जी असली बढ़ा हुआ वेतन का शीघ्र भुगतान किये जाने की बात कही है।

### कार में टक्कर मारने का विरोध करने पर व्यक्ति को हेलमेट से पीटा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कार में टक्कर मारने का विरोध करने पर बाइक चालक ने एक व्यक्ति को उसकी पत्नी के सामने हेलमेट से पीट दिया। राहग. ीरों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। फेज-3 थाने की पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आरके लग्जरी सोसाइटी निवासी निष्ठा ओझा ने पुलिस को शिकायत दी कि वह और उनके पति कंपनी में काम करते हैं। दोनों काम के सिलसिले में गुरुवार सुबह कार से नोएडा जा रहे थे। कार जब सेक्टर-64 के ए ब्लॉक स्थित एक भूखंड के पास पहुंची, तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। महिला के पति ने कार से उतरकर बाइक चालक से विरोध जताया। बाइक चालक अभद्रता करने लगा तो निष्ठा के पति ने मामले की शिकायत पुलिस से करने की बात कही। इस पर आगबबूला हुए बाइक चालक ने निष्ठा के पति के सिर पर हेलमेट मार दिया। इससे निष्ठा के पति बेहोश हो गए। लोगों को एकत्र होता देख बाइक चालक भाग गया। राहगीरों की मदद से निष्ठा ने घायल पति को अस्पताल पहुंचाया और मामले की शिकायत फेज तीन थाने की पुलिस से की।

# मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस ने दिल्ली से गांजा लाकर शहर की फैक्टरियों में काम करने वाले श्रमिकों को बेचने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया। सेक्टर-63 थाने की पुलिस शुक्रवार को छिजारसी अंडरपास के पास चे. कंग कर रही थी, तभी उधर से एक संदिग्ध गुजरा। पुलिस ने उसको रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी के पास से एक किलो 250 ग्राम गांजा मिला।

उसकी पहचान संभल के हयातनगर गांव निवासी मोनिस खान के रूप में हुई। वर्तमान में वह चोटपुर कॉलोनी में रह रहा था। सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने शुक्रवार को सेक्टर-71 अंडरपास के समीप से गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया।उसकी पहचान सर्फाबाद गांव निवासी जितेंद्र उर्फ मच्छर के रूप में हुई। उसके पास से दो किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया। जितेंद्र के खिलाफ अलग-अलग थानों में विभिन्न धाराओं में तीन केस दर्ज हैं।

# जिम्स में तीन दिन में आए डायरिया से पीड़ित 60 बच्चे, नौ भर्ती

**नोएडा।** बच्चों के स्वास्थ्य पर गर्मी का काफी प्रभाव पड़ रहा है। जिम्स में बाल रोग विभाग में तीन दिन में आए 300 मरीजों में से करीब 60 डायरिया से ग्रसित मिले। इनमें से नौ को भर्ती करना पड़ा। बाल रोग विभाग के डॉ. राजीव ने बताया कि अप्रैल की शुरुआत से ही दोपहर के समय धूप तेज होने और रात के समय अचानक से मौसम ठंडा होने के कारण बच्चों के सेहत असर पड़ रहा है। रोजाना ओपीडी में लगभग 100 बच्चे आते हैं। पेट दर्द, खांसी-जुकाम से पीड़ित आ रहे थे, लेकिन पिछले कुछ दिनों से उल्टी-दस्त से पीड़ित बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि बुधवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार को ओपीडी में लगभग 300 बच्चे आए थे, जिनमें से 60 बच्चे डायरिया से ग्रसित मिले। उन्होंने बताया कि दिन में अधिक तापमान और रात में ठंडा मौसम होने से रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। साथ ही पाचन तंत्र भी बिगड़ जाता है। दूषित खानपान और पानी की कमी होने पर डिहाइड्रेशन और डायरिया की आशंका बढ़ती है।

**अभी बरतें सावधानी:** उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह बारिश के कारण बच्चों में वायरल होने का खतरा बढ़ेगा। इससे बचाने के लिए अभिभावकों को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। दिन में गर्मी होने पर धूप में ज्यादा देर तक ठहरने और शाम को हल्के गर्म कपड़े न पहनने से सर्द गर्म हो जाता है। गले में संक्रमण से बच्चे दूध भी कम पीते हैं। अतिरिक्त आहार लेने से कतराते हैं। बीमार होने पर अभिभावकों की अनदेखी से हालत बिगड़ती जाती है।

# चाकू संग वाहन चोर गिरफ्तार

**नोएडा।** पर्थला गोलचक्कर के पास से शुक्रवार को सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने रेकी कर दोपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की बाइक और चाकू बरामद हुआ। आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के नादिया निवासी बबलू खान के रूप में हुई है। वर्तमान में वह बरौला गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहा था। बबलू के अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके पास से जो बाइक बरामद हुई है, उसे उसने करीब पांच महीने पहले चुराया था। इस संबंध में दिल्ली के थाने में ई एफआईआर भी दर्ज है। पुलिस बबलू का आपराधिक इतिहास पता कर रही है।

# सीमा के पति गुलाम हैदर ने की बड़ी मांग वकील एपी सिंह को सुनाई खरी-खरी

**नोएडा।** पहलगाम जैसे स्वर्ग में घूमने आए 27 निर्दोष लोगों से आतंकवादियों ने धर्म पूछकर बड़ी बेरहमी से गोलियों से छलनी कर दिया। इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश गुस्से में है। यहां रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को लगातार उनके वतन वापस भेजा जा रहा है। इन सबके बीच ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा गांव में रहने वालीं सीमा हैदर सुर्खियों में है। सीमा के पूर्व पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर ने खुद को भारतीय नागरिकता देने की मांग कर दी है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जहां पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से निकाला जा रहा है, वहीं गुलाम हैदर भारत में बसने की बात कर रहा है। वह भारत की नागरिकता मांग रहा है। गुलाम का कहना है कि घुसपैठिये की तरह भारत में घुसकर उसकी पत्नी सीमा हैदर रह सकती है तो मुझे नागरि. कता क्यों नही मिल सकती है। पाकिस्तान से जारी एक वीडियो में गुलाम, सीमा हैदर और बच्चियों के जाने से बौखलाया हुआ दिखाई देता नजर आ रहा है। आधे घंटे की वीडियो में गुलाम ने कहा कि सीमा अवैध रूप से भारत में रह रही है। सीमा कोई हीरो. इन है या सचिन मीणा कोई हीरो है? सीमा एक क्रिमिनल है जो अवैध तरीके से भारत सरकार के कानून की धज्जियां उड़ाकर दो वर्षों से बैठी हुई है।

**भारत में आना कोई बड़ी बात नहीं:** वायरल वीडियो में गुलाम कहता है- श्सीमा कहती है वह शरण में है। वह किस तरह की शरण में है। मैं भी कल किसी बॉर्डर के तारों के नीचे से अवैध तरीके से भारत में आकर बैठ जाऊं और बोलू कि मैं भी योगी-मोदी जी के शरण में हूं तो क्या मुझे भी भारत की नागरिकता मिल जाएगी? मेरे बच्चे हिन्दुस्तान में है। मेरा आपसे सवाल है क्या मुझे नागरिकता मिल जाएगी। भारत में आना कोई बड़ी बात नहीं है। बंदा किसी भी तरीके से भारत में आ सकता है, बैठ सकता है।श

**सीमा के वकील एपी सिंह को भी दीं गालियां:** गुलाम का कहना है कि अगर मेरे चार बच्चों को भारत की नागरिकता दी जा रही है तो सबसे पहले गुलाम हैदर को दिया जाए क्योंकि दो सालों से मेरे बच्चे उधर ही भारत में रह रहे हैं। मोहम्मद गुलाम ने सीमा के वकील एपी सिंह को भी भद्दी-भद्दी गालियां दीं। गुलाम ने कहा कि सबसे पहले उसे जेल में डालना चाहिए जो अवैध तरीके से रह रही सीमा का साथ दे रहा है। वकील एपी सिंह चाटुकार बना हुआ है। अपने आपको वकील कहता है। वह मुल्क का दुश्मन है।

**पाकिस्तान में मेरे बच्चों को कोई नहीं मारेगा:** गुलाम हैदर ने कहा कि वह बच्चे मेरे हैं। कह रहे हैं कि बच्चें को मार दिया जाएगा। पाकिस्तान में बच्चों को कौन मारेगा। पाकिस्तान में बच्चों को कोई नहीं मारेगा। सीमा के मुंह पर हम ऐसे थूकते है। सीमा के शक्ल पर क्या है? हम उसको जूते के तले भी नहीं समझते। सीमा को तो आपने उछाल-उछाल कर क्या बना रखा है। सीमा क्या है? उसको जेल में डालो।

# गंदगी मिलने पर ठोका जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने डीएससी रोड, उद्योग रोड, एमपी-1, एमपी-2, एमपी-3, जोनल रोड नं-6, सेक्टर-55, 56, 62 एवं 63 आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी सिंह, महाप्रबंधक , गौरव बंसल, परियोजना अभियंता आदि मौजूद रहे।

उद्योग रोड के निरीक्षण के दौरान भूखंड संख्या सी-25 सेक्टर-8 के सामने नाली की दीवार ऊंची एवं सड़क की सतह नीचे होने के कारण जलभराव की स्थिति पाई गई। इसको सही कराने के लिए कहा गया। सेक्टर-62 में मुख्य रास्ते पर पेड़ के पत्ते होने से जलभराव की स्थिति बनी । ठेकेदार कंपनी ओसान कंस्ट्रक्शन पर एक लाख का जुर्माना लगाया गया। सेक्टर-62 कार्ल हूबर स्कूल के सामने बने सर्विस रोड को लेवल ठीक किया जाए।

**सड़क पर मिट्टी का जमावड़ा मिलने पर लगाया जुर्माना:** जोनल रोड नंबर 6 के निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर कूड़े के ढेर पाए गए, ड्रेन में मिट्टी भरी पाई गई। जिसके दृष्टिगत संबंधित मैकेनिकल स्वीपिंग एजेंसी नॉर्थ इंडिया डेवलपर्स पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार जोनल रोड नंबर 6 के साथ बने मुख्य नाले का निरीक्षण किया गया। नाले में अधिक मात्रा में फ्लोटिंग मटेरियल एवं सिल्ट भरी हुई मिली। तत्काल रूप से हटाने के निर्देश दिए गए। डीएससी रोड पर निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर कूड़े के ढेर पाए गए। ड्रेन में मिट्टी भरी पाई गई। जिसके तहत मैकेनिकल स्वीपिंग एजेंसी लॉयन सर्विसिस लिमिटेड पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# पोषणालय में बैठकर मिड-डे मील का स्वाद चखेंगे बच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र अब पोषणालय में बैठकर मिड डे मील का स्वाद चख सकेंगे। छात्रों के लिए सामाजिक संस्था (एनजीओ) की मदद से पोषणालय तैयार किया गया है। इसकी दीवारों को फलों, सब्जियों और बच्चों की पेंटिंग्स से सजाया गया है, ताकि बच्चे आनंदपूर्वक भोजन कर सकें। अब तक छात्र मिड डे मील लेने के बाद क्लासरूम या प्लेग्राउंड में बैठकर खाना खाते थे। लेकिन अब स्कूल प्रशासन ने इस व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किचन के बाहर बेंच लगवाई हैं और चारों ओर दीवारों पर रंग-बिरंगी पेंटिंग्स बनाई गई हैं। एक दीवार पर पोषणालय हैप्पी फूड, हैप्पी मूड लिखा गया है, जबकि दूसरी दीवार पर फल और उछलते-कूदते बच्चों की आकृतियां दर्शाई गई हैं। इन सबको अलग-अलग रंगों से सजाया गया है, ताकि छात्रों को पसंद आए। कैंटीन बन जाने के बाद छात्र खाना लेकर बेंचों पर बैठकर भोजन कर रहे हैं। विद्यालय की प्रिंसिपल ऋतु सिंह ने बताया कि यह व्यवस्था सामाजिक संस्था की मदद से शुरू की गई है और इसके बाद से छात्र बहुत प्रसन्न होकर भोजन कर रहे हैं।

**विद्यालय में बना फुटबॉल और बैडमिंटन कोर्ट:** विद्यालय में एनजीओ की मदद से फुटबॉल और बैडमिंटन कोर्ट भी बनाया गया है। इसके चलते अब छात्रों को अभ्यास के लिए निजी अकादमियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कई छात्र खेलों में प्रतिभाशाली हैं, लेकिन अभ्यास स्थल की कमी के कारण वे अभ्यास नहीं कर पाते थे।

# पेंशन सत्यापन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के भौतिक सत्यापन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त उप जिलाधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी तथा सभी खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य पेंशन सत्यापन कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना था। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सत्यापन कार्य पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी से किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सत्यापन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गलती को कदापि क्षम्य नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना के लाभ से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति इसका अनुचित लाभ न उठा सके।

बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं विभिन्न अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में अब तक किए गए सत्यापन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने अपेक्षा जताई कि तय समयसीमा के भीतर शत-प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण किया जाए और किसी भी स्तर पर कोई कोताही नहीं बरती जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी स्तर पर सत्यापन में गड़बड़ी या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी और आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान अधिकारियों को पोर्टल अपडेट, लाभार्थियों के आधार व अन्य दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों यह भी निर्देशित किया कि जनपद के प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र में पेंशन हेतु पात्र व्यक्तियों के चिन्नांकन हेतु कैंप आयोजित किया जाए, जिसमें लेखपालों को भी सम्मिलित किया जाए तथा आपसी समन्वय बनाते हुए पेंशन कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाये। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आशीष कुमार एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ग्रेटर नोएडा में बाइक पार्किंग पर कर्मचारियों को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में एक मोबाइल कंपनी के बाहर बाइक पार्किंग को लेकर विवाद हो गया। रेहड़ी लगाने वाले 6 लोगों ने तीन कंपनी कर्मचारियों पर डंडों से हमला कर दिया।

दनकौर के रहने वाले मनीष, शिवा और राहुल मोबाइल कंपनी में काम करते हैं। गुरुवार रात को तीनों कर्मचारी बाइक से ड्यूटी पर आए। उन्होंने कंपनी की पार्किंग में बाइक खड़ी की। इसी बात को लेकर रेहड़ी वालों ने उनसे गाली-गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपियों ने तीनों कर्मचारियों पर डंडों से हमला कर दिया। एक कर्मचारी के पैर पर खौलता हुआ तेल भी डाल दिया। घायल कर्मचारियों को ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, न्याय के लिए ठोकरें खा रही पीड़िता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती को शादी का झांसा देकर युवक द्वारा दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दुष्कर्म का विरोध करने पर आरोपी ने षडयंत्र के तहत पीड़िता से आरोपी युवक ने शादी की। अब शादी के बाद आरोपी युवक का नया चेहरा सामने आया है। अब दहेज की मांग पूरी न होने पर आरोपी युवक ने पीड़िता को घर से बाहर निकाल दिया है।

पीड़िता ने हापुड़ एसपी को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता द्वारा बताया गया कि उसके मामू के पड़ोस में रहने वाले युवक समीर ने उसके साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता ने 26 जुलाई 2024 को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि जेल और सज़ा से बचने के लिए आरोपी युवक और उसके परिजनों ने षडयंत्र रचकर आरोपी युवक के साथ उसकी शादी करवा दी। पीड़िता का आरोप है की शादी के बाद से ही पति समेत ससुराल पक्ष के लोग दहेज में कार की मांग करने लगे।




मांग पूरी न होने पर उसको मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि 5 फरवरी 2025 को समय करीब 12 बजे उसका ससुर उसके कमरे में जबरन घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि विरोध करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति समीर ने अपने दोस्तों के साथ अवैध संबंध बनाने का भी दबाव बनाया। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे जान से मारने की नीयत से उसकी चुनरी में आग लगा दी और गला घोटकर उसकी हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने हापुड़ एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के चोर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गश्त के दौरान पुलिस टीम ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के सदस्य को दबोचा, जिसके कब्जे से बरेली में चोरी की गई बाइक बरामद हुई। अपराधों की रोकथाम को चलाए जा रहे अभियान के तहत सिंभावली पुलिस बुधवार की रात को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुराने नेशनल हाईवे से होकर जा रहे बाइक सवार को पुलिस ने संदेह होते ही घेराबंदी कर रोक लिया। जिसकी बाइक की जांच पड़ताल की गई तो वह कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाया। पुलिस द्वारा ऑनलाइन ढंग में जांच की गई तो पता लगा कि उक्त बाइक को बरेली से चोरी किया गया था। एसओ सुमित तोमर का कहना है कि बरेली से चोरी की गई बाइक के साथ रामजी दूबे निवासी थाना बीकापुर जनपद अयोध्या को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध पशु कटान करने जा रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने अवैध पशु कटान करने जा रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इसके कब्जे से एक भैंस प्रजाति का जिन्दा कटरा व कटान करने के उपकरण आदि बरामद किए हैं।

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और अवैध पशु कटान करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत अवैध पशु कटान करने जा रहे एक आरोपी को थाना क्षेत्र के बिलाल मस्जिद के पास के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक भैंस प्रजाति का जिन्दा कटरा, एक दाव, दो छुरी व एक रस्सी बरामद की है। आरोपी की पहचान नसीमुद्दीन उर्फ हाजी शानू पुत्र बुल्ला निवासी बिलाल मस्जिद के बराबर वाली गली मोहल्ला रफीक नगर थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम मुकद्मा दर्ज करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



# दुष्कर्म व धर्मांतरण प्रकरण में पीड़िता की बुआ निकली मास्टर माइंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अपहरण के बाद दूसरे समुदाय के युवक द्वारा नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म और फिर बड़े भाई समेत पीड़िता का धर्मांतरण कराने के मामले में बुआ ने ही मास्टर माइंड की भूमिका निभाई।

गढ़ चौपला रोड पर पुराने अस्पताल के पास समाजसेवी पंकज लोधी के कार्यालय में गुरुवार को बैठक हुई। जिसमें जाट महासभा, व्यापार मंडल, जाटव संघ, कश्यप संघ, विश्व हिंदू राष्ट्र सेना, लोधी सभा, ब्राह्मण महासभा, राष्ट्रीय गौ रक्षा दल, विहिप के दर्जनों प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सभासद विजय शर्मा और संचालन शिक्षाविद् मदन सैनी ने किया। बैठक में गढ़ के एक मुहल्ले की किशोरी का दूसरे समुदाय से जुड़े जनपद मुजफ्फरनगर के युवक द्वारा अपहरण के बाद दुष्कर्म और फिर पीड़िता के साथ ही उसके बड़े भाई का जबरन धर्मांतरण का संगीन मामला प्रमुखता से छाया रहा। पीड़िता के बड़े भाई ने समाज के सामने गंभीर खुलासा किया तो सभी के होश उड़ गए। पीड़िता के भाई ने बताया कि उसकी बुआ ने आरोपी साबिर अली के सहयोग से चिकित्सकों से सांठगांठ करते हुए उसकी छोटी बहनकी उम्र चिकित्सीय परीक्षण में पंद्रह की बजाए अठारह वर्ष दिखाकर बालिग दिखा दिया गया है। पीड़िता के भाई ने आरोप लगाया कि साबिर अली ने उसकी बहन से दो साल तक जबरन दुष्कर्म किया है, परंतु मेडिकल जांच में किसी प्रकार का आंतरिक प्रमाण नहीं मिल पाया है। पीड़ित किशोरी के भाई ने अपनी बुआ को संबंधित घटनाक्रम का मास्टर माइंड बताते हुए उसके खिलाफ भी कार्रवाई कराए जाने की गुहार लगाई। पीड़िता के भाई ने अपनी बहन का डीएनए और आरोपी साबिर अली का नार्को टेस्ट कराने की मांग भी उठाई। इस मौके पर व्यापारी नेता मूलचंद सिंघल, पूर्व रेंजर अशोक चौधरी, कमलेश शर्मा, सनोज पवार ने इस संगीन मुद्दे को लेकर हरसंभव स्तर पर आंदोलन करते हुए पीड़ितों का न्याय दिलाने का संकल्प लिया।



# भाकियू ने बैठक कर किसानों की समस्याओं पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ग्राम संवाद बैठक में समस्या सुनते हुए भाकियू के युवा प्रदेश अध्यक्ष ने किसानों की अनदेखी बंद न होने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी।

सिंभावली क्षेत्र के गांव सैना में राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आहवान पर ग्राम संवाद की 39वीं बैठक का आयोजन किया गया। ग्राम संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता पपेंद्र चौधरी और संचालन हाजी यामीन एवं शेखर चौधरी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गन्ने की एफआरपी में बेहद मामूली बढ़ोतरी करते हुए किसानों के साथ एक बार फिर से छल किया गया है। क्योंकि जिस अनुपात में लागत बढ़ी है, उसके हिसाब से किसानों को भाव नहीं मिल पा रहा है। पिछले दस साल में एफआरपी में मात्र 125 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। जिन किसानों के उत्पादन आंकड़े लेकर सरकार मूल्य निर्धारण कर रही है, उनकी तादाद जनपद में एक या दो से अधिक नहीं है। शुगर मिल से निकलने वाले केमिकल युक्त पानी से किसान की खेती और उसकी जान खतरे में पड़ रही है, जिसकी उचित जाँच कराकर कार्रवाई कराई जाए। बैठक में शाहरुख, शौकीन, उम्मेद, मुन्ने, इंतखाब, हाजी इंतजार, रौनक, अफसर, छोटे, भानु, शगुन, नासिर प्रधान समेत सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# प्रेमिका पर हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**धौलाना।** हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने प्रेमिका पर हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को आरडी स्कूल जाने वाले रास्ते से पकड़ा गया। पुलिस ने उसके पास से घटना में इस्तेमाल की गई ईंट और अन्य सामान बरामद किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार के अनुसार, अशोक नगर की रहने वाली नेहा एक कंपनी में काम करती है। तीन दिन पहले नेहा जवाहर बाजार स्थित एक बैंक के बाहर घायल अवस्था में मिली थी। उसे पहले सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत के कारण चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। पीड़िता के भाई अभिषेक ने मोहल्ला मालीवाड़ा चौक निवासी कुश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि कुश आरडी स्कूल के रास्ते से भागने की योजना बना रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह तीन साल से नेहा के साथ प्रेम संबंध में था। पिछले दो महीने से दोनों के बीच किसी बात को लेकर मतभेद चल रहा था। इसी कारण उसने नेहा को मारने की योजना बनाई। हमले के बाद उसे मृत समझकर बैंक के बाहर छोड़कर फरार हो गया था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



# संविदा लाइनमैन 11 हजार वोल्ट की चपेट में आया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** हापुड़ के पिलखुवा क्षेत्र में डासना क्षेत्र के कुड़िया गढ़ी निवासी भूपेंद्र ऊर्फ छोटू को शुक्रवार को बिजली की लाइन मरम्मत के दौरान करंट लग गया। वह मसूरी बिजली घर पर संविदा लाइनमैन के रूप में कार्यरत है।

घटना पिलखुवा के जिंदल नगर फीडर पर हुई। आंधी-बारिश से क्षतिग्रस्त हुई बिजली लाइन की मरम्मत के दौरान भूपेंद्र पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की क्रॉस लाइन की चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों ने उसकी चीख सुनकर तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मरम्मत स्थल के पास से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन के कारण यह हादसा हुआ। अधिशासी अभियंता मनीष कुमार यादव ने बताया कि वे अस्पताल गए और घायल कर्मचारी की स्थिति की जानकारी ली। चिकित्सकों के अनुसार भूपेंद्र की स्थिति अब खतरे से बाहर है। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।



# सड़क पर उतरे डीएम, अव्यवस्थाएं देख हुए नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ के डीएम अभिषेक पांडेय ने शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। उन्होंने सड़कों पर स्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने बच्चों से मुलाकात करते हुए उनसे बातचीत की। साथ ही उन्हें टॉफी देकर पढ़ाई पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

डीएम ने ततारपुर गांव और मोहल्ला गढ़ गेट, इंद्रगढ़ी का दौरा किया। गढ़ गेट क्षेत्र में वर्षों से खुले कच्चे नाले की समस्या को देखते हुए नगर परिषद के ईओ को इसे पक्का बनाने के निर्देश दिए। इससे गंदगी और बीमारियों की रोकथाम होगी। स्थानीय लोगों ने राशन वितरण में सुधार और वृद्धावस्था पेंशन की नियमितता की मांग की। इलाके में फैली गंदगी और स्वच्छता में लापरवाही पर डीएम ने कर्मचारियों को फटकार लगाई। मानकों का पालन न करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने आश्वासन दिया कि प्रशासन अतिक्रमण हटाने और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक समस्याओं का भी समाधान करेगा। उनका मुख्य लक्ष्य जिले का विकास है। उल्लेखनीय है कि निरीक्षण अभियान के दौरान डीएम स्वयं सड़क पर उतरकर जनता के बीच पहुंचे। उन्होंने सड़कों पर मौजूद भीड़ और खासकर बच्चों के साथ मुलाकात की, जहां उनके प्रति दुलारी देखकर उन्होंने यह संकेत दिया कि प्रशासन अपने सभी नागरिकों के प्रति सजग और संवेदनशील है। डीएम का यह प्रत्यक्ष संवाद न केवल लोगों के हौसले बढ़ाने वाला रहा, बल्कि प्रशासन के समर्पण को भी रेखांकित करता है।



# कैंटर ने बाइक सवार को रौंदा युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ देहात क्षेत्र के धनौरा कट पर शुक्रवार शाम को कैंटर और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक घायल हो गया।

दरअसल, गांव अटौला के सोबिंद्र कुमार (19) अपने दोस्त अर्जुन के साथ बाइक पर हापुड़ से गांव लौट रहे थे। धनौरा कट पर सामने से आ रहे कैंटर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में सोबिंद्र की मौके पर मौत हो गई। अर्जुन को गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना देहात पुलिस ने घायल अर्जुन को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। सोबिंद्र के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।



घटना की जानकारी मिलते ही परिवारजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। देहात कोतवाली प्रभारी मनीष बालियान ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कैंटर के अज्ञात चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और चालक की तलाश कर रही है।

# अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नज़र रखें।

आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अधिकारीगण सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।



# खेत की दीवार के लिए रखी ईंट चोरी, पड़ोसी पर शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढमुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव आरिफपुर निवासी इस्लाम ने थाना सिंभावली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव राजपुर के जंगल में स्थित उनकी कृषि भूमि पर खेत की दीवार बनवा रहे हैं।

इस काम के लिए उन्होंने करीब 8 हजार ईंटें मंगवाकर रखी थीं। पीड़ित का अपने खेत के पड़ोसी से विवाद चल रहा है। रात करीब 12 बजे पांच अज्ञात व्यक्ति एक कार में आए और जुगाड़ की मदद से ईंटें चोरी करने लगे। पीड़ित को जानकारी मिलते ही उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर चोर ईंट से भरा जुगाड़ छोड़कर भाग गए। पीड़ित ने गाड़ी की पहचान और नंबर बताकर कार्रवाई की मांग की है। सिंभावली थाना प्रभारी युमित तोमर ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। ईंट और जुगाड़ को कब्जे में ले लिया गया है। आरोपियों की तलाश जारी है।



## एक नजर

### धूमधाम से मनाया भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाते हुए मनमोहक झांकी सजाई गईं, जिन्होंने महिला बच्चों समेत भक्तों की भीड़ को भाव विहोर कर दिया।

मुक्ति धाम ब्रजघाट की अमृत परिसर धर्मशाला में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस में शुक्रवार को महिला बच्चों समेत भक्तों की भारी भीड़ जुटी। इस दौरान बड़ी ही धूमधाम के साथ भगवान कृष्ण जन्मोत्सव मनाते हुए मनमोहक झांकी सजाई गईं, जिन्होंने भक्तों की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। वृंदावन धाम से आए व्यास मोहन दास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का बड़े ही मनमोहक ढंग में वर्णन करते हुए भक्तों की भीड़ को भाव विहोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कंस और पूतना समेत कई राक्षसों का वध कर मानव जाति को उनके अत्याचार से मुक्ति दिलाई थी। राजा इंद्र का घमंड तोडने् को गोवर्धन पर्वत अपनी कनिष्का अंगुली पर उठा लिया था। व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के बताए आदर्शों पर चलकर दीन दुखियों की हरसंभव मदद के साथ ही जीवों पर दया करने का संकल्प भी दिलाया। मुख्य यजमान के रूप में कथा का आयोजन करा रहे दिल्ली निवासी दुर्विजय सिंह सोलंकी रहे। इस दौरान श्री गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा, प्रदीप शर्मा, अभिषेक पांडेय, रिमझिम पांडेय, पुष्पा गुप्ता, गौरव मिश्रा, सुषमा मिश्रा, गीता वैष्णव, ओम प्रकाश शर्मा, श्रीनिवास गुप्ता, मूलचंद गर्ग समेत सैकड़ों भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती कर मानव कल्याण, विश्व शांति और देश में खुशहाली को कामना की।

### पहलगाम की घटना को लेकर भाकियू ने आतंकवाद का जलाया पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** आतंकवाद और पाकिस्तान के जनाजों का जुलूस निकालते हुए भाकियू कार्यकर्ताओं ने दिवंगत पर्यटकों की आत्मा शांति को मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी।

भाकियू टिकैत के मुख्य मंडल प्रवक्ता दिनेश त्यागी और युवा मंडल अध्यक्ष जीते चौहान के नेतृत्व में गुरुवार को सैकड़ों भाकियू कार्यकर्ता बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव नानई में एकत्र हुए। जिन्होंने दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों में पाकिस्तान और आतंकवाद के जनाजों के पुतले रखकर डेहरा कुटी, चांदनेर, सालारपुर, पलवाड़ा, पसवाड़ा, आलमनगर, भद्स्याना, बहादुरगढ़, सदरपुर, ठेरा, अल्लीपुर, कटीरा समेत विभिन्न रास्तों पर जुलूस निकाला। जिसके समापन पर डेहरा कुटी में पाकिस्तान और आतंकवाद के पुतले फूंकने के बाद मौन धारण कर पहलगाम की आतंकी घटना में जान गंवाने वाले निर्दोष पर्यटकों की आत्मा शांति को मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत जीते चौहान ने पीएम मोदी को संबोधित ज्ञापन इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह को सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से सीमा पार फौज भेजकर पाकिस्तान में चल रहे आतंकी ट्रेनिंग कैंपों को पूरी तरह नेस्तोनाबूद करने की मांग की गई है। जुलूस से लेकर आतंकवाद का पुतला दहन और दिवंगत पर्यटकों की आत्मा शांति को मौन धारण करने के दौरान अमित कुमार, रिजवान, शिवम चौहान, गुलजार अली, मयंक चौहान, सचिन चौहान, महेंद्र पुंडीर, तेजवीर चौहान, धीरू भाई, डा. सुभाष, सबोध चौहान, सुनील कुमार, रविंद्र, जीते सिंह, कपिल चौहान, सोनू, देवेंद्र कुमार, अंकित, आकाश कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कांग्रेसी शहर में निकालेंगे धन्यवाद जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आहवान पर आज सुबह 11:30 बजे जिला व शहर कांग्रेस जनों द्वारा शहर में एक धन्यवाद जुलूस निकाला जाएगा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार केंद्र सरकार से देश में जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग निरंतर करते आ रहे हैं। राहुल गांधी द्वारा देश में जातिगत जनगणना की मांग के चलते आखिरकार केंद्र सरकार को आज बाध्य होना पड़ गया है। जिसका ऐलान 30 अप्रैल 2025 को केंद्र सरकार द्वारा देश में कर दी गई है। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आहवान पर आज 3 मई 2025 को सुबह 11:30 बजे जिला व शहर कांग्रेस जनों द्वारा शहर में एक धन्यवाद जुलूस निकाला जाएगा। धन्यवाद जुलुस दिल्ली रोड स्थित भैरों मंदिर से शुरू होकर अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए, तहसील चौराहा होते हुए नेहरू प्रतिमा पर समाप्त होगा। इस दौरान प्रदेश सचिव/प्रभारी पुरुषोत्तम नागर भी हिस्सा लेंगे।

### महिला को जमीन पर गिराकर बेरहमी से पिटाई करने का वीडियो हुआ सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** महिला को जमीन पर गिराकर बेरहमी से मारपीट और अश्लील हरकत का विरोध करने पर गंगा घाट संचालक से अभद्रता करते हुए सिरफिरे युवक ने घाट को उजाडने् की धमकी दे डाली। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो वायरल और घाट संचालक द्वारा तहरीर देने पर पुलिस आरोपी को तलाश रही।

गढ़ गंगा खादर क्षेत्र के लठीरा कच्चे घाट पर एक बेहद शर्मनाक और चौंकाने वाली घटना हुई है। जिसमें पास के ही गांव का सिरफिरा युवक एक महिला को बाल खींचते हुए जमीन पर गिराकर बेरहमी के साथ लात घूसों से मारपीट करने लगता है। इस दौरान महिला के कपड़े अस्त व्यस्त होने के बाद भी आरोपी मारपीट करने से नहीं रुक पाया। पूर्व पालिका सभासद डीपी निषाद मौके पर पहुंच गए, जो मारपीट कर रहे आरोपी को रोकते हुए महिला को बचाने में जुट गए। हालांकि शाह टाइम्स अपनी तरफ से उक्त वीडियो की कोई भी पुष्टि नहीं करता है। धमकी मिलने से भयभीत चल रहे घाट संचालक डीपी निषाद ने कोतवाली में तहरीर दी है, जिसमें आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही अपनी जानमाल की सुरक्षा कराने की गुहार भी लगाई गई है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि संबंधित घटनाक्रम जनपद अमरोहा के गांव फरीदपुर एतमाली से जुड़ा हुआ है, महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी पूरन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कराई जा रही है।

# बिजलीघर से लाखों का तार चोरी करने वाले पांच धरे

## बीते दिनों चौकीदार को बंधक बनाकर बदमाशों ने दिया था घटना को अंजाम, एक के पैर में गोली लगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदपुरी स्थित बिजली घर से 10 दिन पूर्व दो चौकीदारों को बंधक बनाकर लाखों की कीमत के तार लूटने का पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच बदमाशों को पकड़ लिया, वहीं एक बदमाश ने चोरी गया सामान बरामद करने पहुंची पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया पुलिस ने जवाबी कार्यवाही में बदमाश के पैर में गोली मारकर पकड़ लिया व लूटा हुआ तार गाड़ी एक तमंचा कारतूस आदि बरामद किया है।

ग्राम अहमदपुरी स्थित बिजली घर से बदमाशों ने वहां मौजूद दो चौकीदार गुड्डू मंडल व सूरज को मारपीट कर तमंचे के बल पर लाखों का तार लूटकर पिकअप गाड़ी में ले गए थे जिसकी चौकीदार गुड्डू मंडल ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस तभी से बदमाशों की तलाश करते हुए सीसीटीवी कैमरों के आधार पर बदमाशों की पहचान करने में लगी हुई थी। इसी आधार पर पुलिस ने मुर्तजा निवासी कायस्थ बड्डा व वसीम कायस्थ बड्डा ने रैकी कर बिलाल शाबीर निवासी कायस्थ बड्डा थाना किठौर फिरोज निवासी नंगला ताशी थाना कंकरखेड़ा हामिद निवासी ग्राम अजराड़ा थाना मुंडाली तय्यब निवासी हिंडन बिहार गाजियाबाद से लूट कराई थी जिसमें लूटा गया तार तैयब की पिकअप गाड़ी में ले गए थे। पुलिस ने बिलाल, फिरोज, मुर्तजा, तैयब को पकड़ लिया, वहीं साबिर का दो दिन बाद एक्सीडेंट हो गया था जो सरकारी अस्पताल मेरठ में भर्ती है। पुलिस ने उसे भी कस्टडी में ले लिया है। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि बदमाशों से गाड़ी में 10 कुंतल तार उनकी निशान देही पर बरामद कर लिया था व अन्य सामान बरामद करने के लिए बिलाल को अहमदपुरी के जंगल में ले गए थे जहां पहले से ही बिलाल ने तमंचा छुपा रखा था जिससे उसने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया जिसकी जवाबी कार्रवाई में बिलाल के पैर में गोली लग गई तथा उसके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा एक जिंदा कारतूस व एक खोखा बरामद किया है। वहीं अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है सभी शातिर किस्म के बदमाश हैं जिनके खिलाफ अन्य थानो भी मुकदमें दर्ज हैं बिलाल के खिलाफ छह मुकदमे दर्ज है। मुर्तजा 5 मुकदमे दर्ज हैं। साबिर पर 4 फिरोज पर 2 तय्यब पर एक मुकदमा दर्ज हैं। कोई भी बदमाश ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं है अपनी पहचान छुपाने के लिए लोगों को बता रखा है की उन्होंने सनराइज इलेक्ट्रॉनिक्स नाम से फॉर्म बना रखी है जो बिजली के काम के ठेके लेते हैं और फिलहाल भूडबराल गाजीपुर शाहजहांपुर जोधपुर राजस्थान में उनके ठेके चल रहे हैं। इसी तरह से उन तारों को ठेके की आड़ में भेज देते हैं। वहीं अन्य बदमाश की तलाश की जा रही है।





# डीएम ने की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विद्युत संयोजन के संबंध में समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी केन्द्रो पर विद्युत संयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विद्युत डिवीजन के अधिकारियो से संबंधित क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केन्द्रो में लक्ष्य के अनुरूप किये गये संयोजन की जानकारी प्राप्त करते हुये शेष संयोजन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि जो भी संयोजन पूर्ण हो चुके है उसकी सत्यापित सूची जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रेषित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य पूर्ण करने में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही पायी जाती है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता, सीडीपीओ व अधिशासी अभियंता उपस्थित रहे।

# परतापुर में जुमे की नमाज पढ़ने से रोकने पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर घोपला गांव में जुमे की नमाज पढ़ने जा रहे विशेष समुदाय के दर्जनों लोगों को ग्रामीणों ने गांव के बाहर रोक लिया और वापस जाने को कहा इस दौरान गांव में जमकर हंगामा हुआ। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि हर जुम्मे को ढाई सौ से 300 लोग गांव की मस्जिद में नमाज पढ़ने आते हैं वापस लौटते समय हुड़दंग और स्टंट करते हैं।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाकर शांत किया। ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई है। रैपिड रेल की निर्माणाधीन कंपनी एल एंड टी, दिल्ली रोड व आसपास की दुकानों पर काम करने वाले समुदाय विशेष के लोग जुमे की नमाज पढ़ने के लिए कंचनपुर घोपला गांव स्थित मस्जिद में जाते हैं शुक्रवार को नमाज पढ़ने जा रहे दर्जनों विशेष समुदाय के युवकों को ग्रामीणों ने रोक लिया। ग्रामीणों ने नमाजियों को वापस जाने के लिए कहा तो युवकों ने मस्जिद में नमाज पढ़ने की बात कही। इस दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद हंगामा होने लगा। सूचना पर पुलिस पहुंची ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत किया। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि गांव की मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए 300 से अधिक नमाजी आते हैं। वापस जाते समय यह रास्ता घेरकर चलते हैं, इनमें कुछ युवक स्टंट के साथ हुड़दंग मचाते हैं। पिछले शुक्रवार को गांव निवासी एक युवक को नमाज पढ़कर जा रहे युवक की बाइक की टक्कर लग गई थी। वहीं गांव में नमाज के लिए पहुंचे इमाम. ुद्दीन ने बताया कि आसपास में कोई मस्जिद नहीं है। नमाज के लिए घोपला गांव की मस्जिद में जाते हैं। नमाजी तहजीब के साथ नमाज पढ़कर वापस लौट जाते हैं इंस्पेक्टर दिलीप सिंह बिष्ट ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा तहरीर दी गई है। जांच कर कार्रवाई कराई जाएगी। वहीं नमाजियों का कहना है कि उन्हे जबरन रोका जा रहा है।

# डी मोंटफोर्ट एकेडमी में श्रमिकों को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर क्षेत्र के एनएच 119 पर स्थित डी मोंटफोर्ट एकेडमी में गुरुवार को श्रमिक दिवस के अवसर पर देश के श्रमिकों की कुशलता के लिए एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

प्रार्थना सभा का संचालन शिक्षिकाओं प्रिय चुघ, अनुपमा शर्मा एवं सोनाली राजपूत द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। उप-प्रधानाचार्या नीना पांडे ने श्रम की गरिमा और कर्मठता के महत्व पर प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने छात्रों को श्रमिकों के प्रति संवेदनशील बनने और सम्मान की भावना बनाए रखने की प्रेरणा दी तथा छात्र-छात्राओं को बताया कि श्रमिक ही देश की प्रगति का आधार होते हैं इनके बिना परिवार अधूरा है गांव से लेकर शहर देहात तक अधूरा है तथा देश अधूरा है इसलिए आज मजदूर दिवस के अवसर पर हम भारत देश के सभी मजदूर श्रमिकों कामगारों की कुशलता की कामना करते हैं। अकादमिक डायरेक्टर डॉ. के.के. शर्मा ने श्रमिकों को विद्यालय की नींव बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। ललिता ने कार्यक्रम में अपनी प्रभावशाली कविता के माध्यम से सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने हाथों से सुंदर कार्ड बनाकर विद्यालय के समस्त कर्मचारियों को भेंट किए, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान और आनंद की झलक देखने को मिली। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में श्रमिकों के प्रति सेवा, सम्मान और कृतज्ञता की भावना को विकसित करना था कार्यक्रम में समस्त विद्यालय प्रशासन शामिल रहा।

# डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने 30 जून तक लगाई धारा 163

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. वी. के. सिंह ने बताया कि आगामी दिनों में क्रान्ति दिवस (10 मई), बुद्ध पूर्णिमा, ईदुलजुहा (बकरीद), मोहर्रम, चेहल्लुम तथा विभिन्न आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओ एवं महाविद्यालयो की परीक्षाएं प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि शरारती, साम्प्रदायिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के तत्व समाज में साम्प्रदायिक, जातिगत, वर्गगत, विद्वेष तथा अफवाहें फैलाकर सामाजिक समरता, सद्भाव व कानून एवं शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास कर सकते है। इसके अलावा विभिन्न धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों संस्थाओ व्यक्तियो आदि द्वारा जनपद के विभिन्न भागो में धरना, प्रदर्शन, जुलूस मार्च, पदयात्रा इत्यादि द्वारा अथवा अन्य प्रकार के अविधिक, असमाजिक, क्रिया कलापो एवं कार्यक्रमो से शांति भंग की जा सकती है। इसलिए जनपद के 32 थाना क्षेत्रों में जिसमें महिला थाना भी सम्मिलित है, विरोधी तत्वो की अवांछनीय गतिविधियो पर अंकुश लगाने हेतु एवं वर्तमान परिवेश में कानून व्यवस्था लोक प्रशांति बनाये रखने के उद्देश्य से प्रतिबंधात्मक निषेधात्मक आदेश पारित करना आवश्यक हो गया है। जनपद में किसी भी व्यक्ति संस्था संगठन द्वारा किसी कार्यक्रम माध्यम से सां. प्रदायिक सद्भाव व सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास नहीं किया जायेगा। यह आदेश 30 जून 2025 की मध्य रात्रि 12 बजे तक लागू रहेगा। यह आदेश आवश्यकता पढ़ने पर उक्त तिथियो से पूर्व भी खंडित किया जा सकता है अथवा अवधि बढ़ाई जा सकती है। उपरोद्र आदेश के किसी अंश का उल्लंघन भारतीय दंड संहिता की धारा-223 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा। किसी भी संगठन द्वारा कोई ऐसा कार्यक्रम सार्वजनिक निजी स्थल पर आयोजित नहीं किया जायेगा जिससे किसी जाति पंथ संगठन धर्म के भावनाओ को आघात पहुंचे।

# ई-रिक्शा बंद का असर रहा बे असर, सवारी ले जा रहे चालकों से प्रदर्शनकारियों ने की अभद्रता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को ई रिक्शा चालाक की हड़ताल की चेतावनी उसे समय धड़ाम हो गई जब महानगर के सभी चौराहों पर भारी संख्या में ई-रिक्शा सवारी को ले जाते देखा गया। कमिश्नरी पार्क में एकत्र हुए ई रिक्शा चालकों ने पहले हाफिज सईद का पुतला फूंका उसके बाद वह कलेक्ट्रेट पहुंचे।

जिसके बाद उन्होंने ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। उनका कहना था कि ई रिक्शा चालकों पर पुलिस अत्याचार कर रही हैं ई-रिक्शा चालकों के लिए प्रशासन के पास कोई इंतजाम नहीं है उन्हें पार्किंग महानगर में कहीं भी नहीं दी गई है जिसके कारण ई रिक्शा चौराहों पर खड़े होते हैं और इसी का फायदा उठाकर ट्रैफिक पुलिस उनके भारी रकम के चालान काट रही है जिसको देने में वह असमर्थ रहते हैं और उनका ई-रिक्शा हफ्तों व महीनों पुलिस लाइन में खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह महानगर में ई-रिक्शा चालक को पार्किंग की व्यवस्था दें जिससे शहर जाममुक्त हो सके।

### गुस्साएं चालकों ने कमिश्नरी पर ई-रिक्शाओं में से उतारी सवारी

कमिश्नरी चौराहे पर प्रदर्शन कर रहे ई-रिक्शा चालकों ने जब अपने साथियों को ई रिक्शा में सवारी को ले जाते देखा तो वह बुरी तरह गुस्से में आ गए उन्होंने ई-रिक्शा को रोककर उसमें से सवारी उतार दी। जिससे सवारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान कुछ ई रिक्शा चालकों ने इसका विरोध भी किया वहीं ई रिक्शा सवार कई महिलाएं प्रदर्शनकारियों से भिड़ गई।

# जातीय जनगणना: कांग्रेस ने विजय जुलूस निकालकर मनाया धन्यवाद उत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के प्रयासों और प्रभावशाली दबाव के परिणाम स्वरूप केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना की घोषणा किए जाने पर महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मेरठ में भव्य धन्यवाद जुलूस निकाला गया।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन पूर्वी कचहरी स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से जातीय जनगणना की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने, आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाने तथा निजी शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने की मांग की। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी, यासिर सैफी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर रंजन शर्मा और अवनीश काजला ने कहा कि राहुल गांधी जनहित से जुड़े मुद्दों पर निरंतर संघर्षशील रहे हैं। उन्होंने पूर्व में भी भूमि अधिग्रहण विधेयक, कोविड प्रबंधन, और किसान आंदोलन जैसे विषयों पर सरकार को झूकाया है।

# खेतों में भरा बारिश का पानी, गेहूं की फसल हुई बर्बाद

■ किसानों के माथे पर छाए संकट के बादल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** बृहस्पतिवार की देर रात हुई भारी बारिश के कारण दौराला लावड़ इंचौली आदि क्षेत्रों में लगभग चालीस प्रतिशत किसानों की गेहूं की फसलें खेतों में पानी भरने के कारण नष्ट हो गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। दौराला क्षेत्र में भाकियू अराजनीतिक के मेरठ जिला अध्यक्ष नवाब सिंह अहलावत की छह बीघा, मास्टर ओमवीर चार बीघा व प्रदीप कुमार की सात बीघा के साथ- साथ अन्य किसानों की गेहूं की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। नवाब सिंह ने बताया कि अभी लगभग चालीस प्रतिशत किसानों की फसल खेत में ही है जिसमें कुछ किसानों के गेहूं कटे पड़े थे और कुछ के मजदूर न मिलने के कारण ऐसे ही खड़े हैं। उन्होंने बताया कि इस बार किसान बहुत ही दुखी है क्योंकि इस बार समय से पहले ही आंधी तूफान ओर बारिश से ज्यादातर फसल खराब हुई है।



# दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालो ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। शुक्रवार को थाने पहुंची पीड़िता ने पुलिस को मामले से अवगत कराया और तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। मुरादनगर निवासी रुबीना ने बताया कि उसकी शादी सरधना के मोहल्ला गढ़ी खटीकान में हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। बाइक व एक लाख की नगदी लाने का उस पर दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता ने बताया कि कई बार वह मायके से नकदी लेकर आई और पति को दी। लेकिन, उसका उत्पीड़न लगातार जारी रहा।

आरोप है कि शुक्रवार को भी ससुराल वालो ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की। विरोध करने पर उसे बच्चों सहित घर से निकाल दिया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजन यहां आए और पीड़िता को साथ में थाने लेकर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को मामले से अवगत कराया और नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। वहीं विवाहिता के परिजनों में भी इस घटना को लेकर काफी रोष है। उन्होंने कहा कि उसकी ससुराल के लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है वह कभी भी उसे मार भी सकते है।

# चीफ इंजीनियर द्वितीय पर कार्रवाई न करने से रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गाजीपुर बिजली घर के जेई व कर्मचारी की शिकायत को लेकर दूसरी बार राष्ट्रीय लोकदल के नेता शुक्रवार को ऊर्जा भवन पहुंचे। जहां उन्होंने एक ज्ञापन स्टाफ ऑफिसर को सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। इससे पूर्व में चीफ इंजी. नियर द्वितीय से भी इस विषय में शिकायत की गई थी।

युवा राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के महानगर अध्यक्ष यासीन अंसारी ने बताया कि समर गार्डन कॉलोनी निवासी अनस उनका पड़ोसी है जिसने अपने मकान में पावर लूम कपड़ा बुनने की मशीन लगा रखी है उसके लिए बिजली कनेक्शन की आवश्यकता थी जिसके लिए वह गाजीपुर बिजली घर गए वहा तैनात

■ गाजीपुर बिजलीघर के जेई व कर्मचारी का है मामला, कनेक्शन लगाने के मांगे थे 10 हजार

जेई गुरूदेव सिंह व टीजी-2 आशीष तोमर ने पहले तो आश्वासन दे दिया उसके बाद 19 अप्रैल को कनेक्शन लगाने के नाम पर 10 हजार रूपए की मांग की। इसकी शिकायत पूर्व में चीफ इंजीनियर द्वितीय से भी की जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते ऊर्जा भवन के स्टाफ ऑफिसर सोनम सिंह मिले। पीड़ित का कहना है कि सोनम सिंह ने जेई व लाइनमैन के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि आपका कनेक्शन भी जल्द ही लगाया जाएगा।

# प्रोजेक्ट प्रदर्शनी व प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई नवाचार की झलक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रोजेक्ट एक्सपो: शोभित विवि के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित प्रोजेक्ट एक्सपो नवोन्मेष और प्रदर्शन कार्यक्रम में नवाचार और तकनीकी क्षमताओं की अनूठी प्रदर्शनी देखने को मिली। इस तकनीकी महोत्सव में कंप्यूटर साइंस के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अपने तकनीकी प्रोजेक्ट्स और नवाचारों को मंच प्रदान करना था ताकि वे अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकें और उद्योगों की अपेक्षाओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें।

कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वी.के. त्यागी द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत की और अपने संबोधन में छात्रों को नवाचार की दिशा में सतत् प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीक का युग है और हमारे छात्र जिस प्रकार के प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत कर रहे हैं, वह निश्चय ही आने वाले समय में समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, डेटा एनालिटिक्स, वेब एवं मोबाइल एप्लिकेशन जैसे क्षेत्रों में बनाए गए प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। इन प्रोजेक्ट्स में सामा. जिक समस्याओं के समाधान के साथ-साथ तकनीकी उत्कृष्टता का अद्भुत संगम देखने को मिला। छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट्स को न केवल तकनीकी दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया, बल्कि उनके सामाजिक, व्यावसायिक एवं पर्यावरणीय प्रभावों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, डेटा एनालिटिक्स, वेब एवं मोबा. इल एप्लिकेशन जैसे क्षेत्रों में बनाए गए प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। इन प्रोजेक्ट्स में सामा. जिक समस्याओं के समाधान के साथ-साथ तकनीकी उत्कृष्टता का अद्भुत संगम देखने को मिला। छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट्स को न केवल तकनीकी दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया, बल्कि उनके सामाजिक, व्यावसायिक एवं पर्यावरणीय प्रभावों पर भी चर्चा की।

स्कूल की निदेशक प्रोफेसर निधि त्यागी, विभाग के सभी शिक्षकगण, तकनीकी विशेषज्ञ एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने विभिन्न प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया और छात्रों से उनके प्रोजेक्ट्स की कार्यप्रणाली एवं तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए 100 से अधिक प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता के लिए विशेषज्ञों की एक निर्णायक मंडली द्वारा प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन नवाचार, तकनीकी गुणवत्ता, प्रस्तुति कौशल और वास्तविक जीवन में उपयोगिता के आधार पर किया गया। विजेताओं की सूची निम्नानुसार रही। प्रथम पुरस्कार आशीष कुमार और खुशी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार पूजा कुमारी, तृतीय पुरस्कार मोहम्मद इब्राहीम ईसा को मिला। कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रो. ममता बंसल ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों, आयोजकों एवं अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रो. विजय माहेश्वरी, हिमानी चौधरी, प्रो. राजेश पांडे, प्रो. अविनव पाठक, हिमानी चौधरी, सुरभि सरोहा, रुचि होल्कर, फकरुन जमाल, शिखा चौधरी, प्रो. राजीव कुमार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रों ने भी भूमिका निभाई जिनमें प्रमुख कमलकांत, सौरभ, अनुष्का और वंशिका रहीं।








# आरसीबी की नजरें सीएसके के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने पर




● आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण भुवनेश्वर की अनुभवी गेंदबाजी पर निर्भर करता है

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने गृह मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 52 वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत की लय को बरक. रार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण भुवनेश्वर कुमार की अनुभवी गेंदबाजी और जोश हेजलवुड की जबरदस्त फॉर्म की बदौलत इस बार बहुत मजबूत दिख रहा है। दूसरी तरफ, सीएसके की टीम इस सीजन में न अच्छी बल्लेबाजी कर पा रही है और न ही गेंदबाजी में असर दिखा पाई है, जिससे उनके लिए आरसीबी को हराना आसान नहीं होगा। इस सीजन में आरसीबी की गेंदबाजी पूरी रंग में दिखाई दे रही है और यही उनकी जीत की बड़ी वजह भी बनी है। भुवनेश्वर कुमार की स्विंग, जोश हेजलवुड की सटीक गेंदबाजी और क्रुणाल पांड्या के ऑलराउंड प्रदर्शन ने टीम को एक मजबूत गें. दबाजी इकाई बना दिया है। पिछले सीजन की गेंदबाजी की कमजोरी इस बार नजर नहीं आ रही हैं।

वहीं, सीएसके की गेंदबाजी इस सीजन में तालमेल नहीं बिठा पाई है, जिससे आरसीबी को कल के मुकाबले में जीत के लिए पुरानी लय बरकरार रखनी पड़ेगी। हालांकि आरसीबी ने लगातार तीन मुकाबले जीतकर लय में आयी है, लेकिन घर पर उनका प्रदर्शन कमजोर रहा है। इस सीजन में उन्होंने अपने चार में से तीन मेजबा. नी मैच हारे हैं। इसके बावजूद, बाहर के मैदानों पर उनका मजबूत प्रदर्शन और बल्लेबाजी और गेंदबा. जी दोनों में गहराई उन्हें इस मुक. ाबले को दिलचस्प बनायेगी। आरसीबी कप्तान रजत पाटीदार ने इस सीजन टीम की कमान संभालते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं विराट कोहली ने भी इस बार अच्छी लय पकड़ ली है और देवदत्त पडिक्कल लगातार रन बना रहे हैं। ये तीनों बल्लेबाज आरसीबी की बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, सीएसके इस सीजन में खराब फॉर्म से जूझ रही है। टीम ने लगातार तीन मुकाबले हारे हैं और प्रदर्शन काफी निराशा. जनक रहा है। इस बार एमएस धोनी की कप्तानी का अनुभव भी टीम के काम नहीं आया है। इसकी वजह उनकी गेंदबाजी है उनके गेंदबाज लगातार विकेट लेने में नाकाम रहे हैं। सीएसके के अहम गेंदबाज मथीशा पथिराना और खलील अहमद फॉर्म से बाहर चल रहे हैं, जबकि स्पिन विभाग में रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी होने के बावजूद धोनी की उम्मीद में खरे नहीं उतर पा रहे हैं। सीएसके की बल्लेबाजी में गहराई तो है, लेकिन आक्रामकता की कमी के कारण टीम बड़े स्कोर बनाने या प्रभावी तरीके से लक्ष्य का पीछा करने में असफल रही है। सैम करन और डेवाल्ड ब्रेविस कुछ अच्छे फॉर्म में दिखाई दिये, लेकिन टीम निरंतरता बनाए रखने में संघर्ष करती रही है। आगामी मैच में सीएसके वापसी की कोशिश करेगा, लेकिन उनकी वर्तमान फॉर्म और आरसीबी की मजबूत गेंदबाजी को देखते हुए यह चुनौती सीएसके के लिए बहुत बड़ी होगी। चिन्नास्वामी की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है, जो दोनों टीमों को बड़े स्कोर बनाने का मौका देगी।

● केसीए पर विवादित टिप्पणी ●

# श्रीसंत पर लगा तीन साल का बैन

**श्रीसंत इस समय केरल क्रिकेट टीम में कोल्लम एरीस टीम के सहमालिक है**



**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में संजू सैमसन को नहीं चुने जाने को लेकर हुए विवाद में भारत के पूर्व क्रिकेटर एस श्रीसंत के खिलाफ एक्शन लिया है। केसीए ने श्रीसंत पर सैमसन का समर्थन करने के बहाने उनके क्रिकेट संघ पर कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने का आरोप लगाया और उन्हें तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है।

केसीए ने बयान में कहा कि यह फैसला 30 अप्रैल को कोच्चि में विशेष बैठक में लिया गया। केसीए के मौजूदा अध्यक्ष जयेश ने भी श्रीसंत पर इस मामले के लिए निशाना साधा था। श्रीसंत इस समय केरल क्रिकेट टीम में कोल्लम एरीस टीम के सह मालिक हैं। इससे पहले उनके विवादित बयान के सिलसिले में श्रीसंत, कोल्लम टीम, अलपुझा टीम लीड और अलपुझा रिपल्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। बयान में कहा गया, फ्रेंचाइजी टीमों ने नोटिस का संतोषजनक जवाब दे दिया लिहाजा उनके खिलाफ आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन बैठक में तय किया गया कि टीम प्रबंधन के सदस्यों की नियुक्ति के समय काफी एहतियात बरतने की सलाह दी जाएगी। बयान में यह भी कहा गया कि संजू सैमसन के पिता सैमसन विश्वनाथ और दो अन्य के खिलाफ संजू सैमसन का नाम लेकर बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए मुआवजे का दावा किया जाएगा। केसीए ने दो बार के विश्व कप विजेता श्रीसंत को एक मलयालम टीवी चैनल पर परिचर्चा के दौरान सैमसन और केसीए से जुड़ी टिप्पणियों के कारण नोटिस जारी किया। केसीए ने बयान में स्पष्ट किया कि नोटिस सैमसन का समर्थन करने के लिए नहीं दिया गया है बल्कि केसीए के खिलाफ भ्रामक और अपमानजनक टिप्पणियां करने पर दिया गया है। श्रीसंत ने टीवी पर सैमसन के प्रति कथित तौर पर समर्थन जताते हुए केसीए पर आरोप लगाये थे।

# भारतीय टीम में वापसी को अब भी उत्सुक अजिंक्य रहाणे

**रहाणे घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आईपीएल में केकेआर के लिए खेल रहे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कप्तानी कर रहे अजिंक्य रहाणे ने भारतीय टीम में वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ी है। रहाणे का कहना है कि वह राष्ट्रीय टीम में वापसी को लेकर उत्सुक हैं क्योंकि उनमें अभी भी रन बनाने की भूख और जुनून बाकी है।

रहाणे एक समय में भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान थे, लेकिन उन्होंने देश के लिए आखिरी बार 2023 में वेस्टइंडीज दौरे पर मुकाबला खेला था। रहाणे घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आईपीएल 2025 में केकेआर के लिए उन्होंने दम दिखाया है। रहाणे मौजूदा आईपीएल सीजन में 10 मैचों में 297 रन बना चुके हैं। रहाणे ने कहा कि उनके अंदर भारतीय टीम के लिए भूख, इच्छा और जुनून अभी भी बाकी है। रहाणे के लिए गौरव का सबसे बड़ा क्षण शायद 2020-21 का आस्ट्रेलिया दौरा था जिसमें उन्होंने चोटों से जूझ रही टीम का नेतृत्व करते हुए भारत को टेस्ट सीरीज में 2-1 से जीत दिलाई थी। रहाणे ने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, हां, मैं फिर से भारतीय टीम में जगह बनाना चाहता हूं। मेरी इच्छा, भूख, जज्बा पहले की तरह बरकरार है। मैं अब भी पहले की तरह फिट हूं। मैं एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान देना चाहता हूं और अभी मेरा ध्यान केवल आईपीएल पर है। इसके बाद देखते हैं कि भविष्य में क्या होता है। मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो कभी हार नहीं मानता। मैं हमेशा मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं। मैं मैदान पर 100 प्रतिशत से अधिक देता हूं।

यह उन चीजों से जुड़ा है जो मेरे नियंत्रण में हैं। मैं घरेलू क्रिकेट भी खेल रहा हूं और इस समय मैं वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। रहाणे ने 2011 में डेब्यू किया था और वह तीनों प्रारूप मिलाकर भारत के लिए 195 मैच खेल चुके हैं। रहाणे ने भारत के लिए खेलते हुए 8414 रन बनाए हैं। रहाणे के नेतृत्व में केकेआर की टीम खिताब का बचाव करने उतरी है और अभी प्लेऑफ की दौड़ में बरकरार है। उन्होंने कहा, हर सुबह जब मैं उठता हूं तो यही सोचता रहता हूं कि मैं कौन से लक्ष्य हासिल करना चाहता हूं। मेरे लिए अपने देश का प्रतिनिधित्व करने से बढ़कर कुछ नहीं है। मैं फिर से भारतीय जर्सी पहनना चाहता हूं।




# रोहित ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

● टी-20 में एक टीम के लिए दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान

**जयपुर, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा शानदार फार्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को राजस्थान रायल्स के खिलाफ सत्र का तीसरा अर्धशतक जड़ा और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी-20 में एक टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। हिटमैन के लिए सत्र की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई थी। शुरुआती पांच मैचों में वह 0, 8, 13, 17 और 18 रन की पारी खेलकर आउट हो गए थे। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और धमाकेदार वापसी करते हुए पिछली पांच पारियों में तीन अर्धशतक बना डाले। राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 31 गेंदों में आईपीएल 2025 का अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया। इसी के साथ वह एक टीम के लिए टी-20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में रोहित ने हैम्पशायर के जेम्स विंस को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 6000 से ज्यादा रन बना लिए। जयपुर में खेले गए इस मुकाबले में रोहित शर्मा पारी के दूसरे ओवर में आउट होने से बाल-बाल बचे थे। इसके बाद उन्होंने जीवनदान का भरपूर लाभ उठाया और 36 गेंदों में 53 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस शानदार पारी के दौरान उनके बल्ले से नौ चौके निकले। हिटमैन ने पहले विकेट के लिए रेयान रिकेल्टन के साथ 116 रन की साझेदारी निभाई।

# जडेजा ने चेन्नई के खराब प्रदर्शन की वजह बताई

**ऑक्शन में गलती की, जिसका असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा: अजय**

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स का आईपीएल में लगातार दूसरे सीजन में खराब प्रदर्शन जारी है। टीम पिछले सीजन प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी थी और इस सीजन भी उम्मीद कम ही लग रही है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा का मानना है कि फ्रेंचाइजी ने आक्शन में गलती की, जिसका असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा है। आईपीएल 2025 के जियोस्टार एक्सपर्ट अजय जडेजा ने सीजन के प्ले-ऑफ की रेस में टीमों के बीच होने वाले मुकाबलों पर सोमवार को मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस का बहुत बड़ा फैन हूं। धोनी और तेंदुलकर ही वो कारण हैं जिनकी वजह से हमारी पीढ़ी के ज्यादातर लोग शायद इन दो टीमों को देखते हैं। इसलिए सीएसके के प्रदर्शन से मैं भी थोड़ा निराश हूं, लेकिन मुझे लगता है कि नीलामी में आप देख सकते हैं कि उनके पास वह ताकत नहीं है जो अन्य टीमों के पास है। इसलिए शायद यही कारण रहा। और फिर, स्वाभाविक रूप से, जब चीजें ठीक नहीं होती हैं, तो आप हार जाते हैं।

**खेल विशेष**

# मैरीकाम का खुलासा, डेढ़ साल पहले हुआ तलाक

● **कहा: अफेयर के बातें गलत, करुंग ओनलर से 2005 में हुई थी शादी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलिंपिक मेडल विजेता एमसी मैरीकाम का उनके पति करुंग ओनलर से तलाक हो चुका है। छह बार की विश्व चैंपियन रह चुकीं मैरीकाम ने करीब 16 महीने बाद इसका खुलासा किया। उन्होंने यह जानकारी सोशल मीडिया पर उन अफवाहों के बाद दी, जिनमें उनके हितेश चौधरी या एक अन्य बाक्सर के पति से संबंध होने की बात कही जा रही थी। दोनों का अलगाव 20 दिसम्बर 2023 को आपसी सहमति से दोनों परिवारों और बुजुर्गों की उपस्थिति में, काम प्रथागत कानून के तहत हुआ। 2005 में दोनों की शादी हुई थी। अफेयर को लेकर दी सफाई मैरीकाम ने हितेश चौधरी के साथ अफेयर को लेकर सफाई दी। हितेश बिजनेस पार्टर और मैरी काम बाक्सिंग फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं। मैरी पर एक अन्य बाक्सर के पति के साथ अफेयर के आरोप भी थे। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर, मैरी काम ने अपनी ओर से जारी एक कानूनी नोटिस शेयर किया। नोटिस में यह स्पष्ट किया गया कि उनका तलाक सौहार्दपूर्ण ढंग से महीनों पहले हो गया था और वह आगे बढ़ चुकी हैं और अपने पिछले विवाह पर आगे कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती हैं। बयान के अनुसार हितेश चौधरी या किसी और को डेट करने की उनकी अफवाहें पूरी तरह से निराधार और झूठी हैं। बयान में मीडिया प्लेटफार्म से उनकी गोप. नीयता का सम्मान करने और गलत सूचना फैलाने से बचने का भी आग्रह किया गया। मैरी ने कानूनी करवाई और मानहानि करने की चेतावनी दी मैरी काम ने झूठी अफवाह फैलाने वालों को चेतावानी देते हुए कहा कि अगर उनके निजी जीवन का सम्मान नहीं किया गया।

# श्रीलंका की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराया

**मालकी ने चार विकेट और देवमी विहंगा ने तीन विकेट लिए, हर्षिता ने 77 और कविशा ने 61 रन बनाए**

**कोलंबो, वार्ता।** मालकी मदारा (चार विकेट), देवमी विहंगा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद हर्षिता समाराविक्रमा (77) और कविशा दिलहारी (61) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने शुक्रवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 21 गेंदे शेष रहते दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हरा दिया है। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के 235 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर कप्तान चामरी अटापट्टू (छह) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद विष्मी गुणारत्ने ने हसिनी परेरा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 15वें ओवर में एन म्लाबा ने विष्मी गुणारत्ने (29) को पगबाधा आउटकर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। इसके बाद हर्षिता समाराविक्रमा ने मोर्चा संभाला। 18वें ओवर में सुने लूस ने हसिनी परेरा (42) को आउटकरा पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आयी कविशा दिलहारी ने समाराविक्रमा के साथ 128 रनों की रिकार्ड साझेदारी कर श्रीलंका की जीत की नींव रखी। कविशा दिलहारी ने 75 गेंदों में (61) रनों की पारी खेली। कविशा को एन म्लाबा ने आउट किया। हर्षिता समाराविक्रमा ने 93 गेंदों में (77) रन बनाये। श्रीलंका के पांचवें विकेट के रूप में हर्षिता को डी क्लर्क ने आउट किया। श्रीलंका ने 46-3 ओवर में पांच विकेट पर 237 रन बनाकर मुक. ाबला पांच विकेट से जीत लिया। नीलाक्षी डिसिल्वा (11) और अनुष्का संजीवनी (एक) रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एन म्लाबा ने दो विकेट लिए। मासाबाटा क्लास, नडीन डी क्लर्क और सुने लूस ने एक-एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने कप्तान लॉरा वुलफार्ट (10) और तेजमिन ब्रिट्स (14) रन के विकेट जल्द गवां दिये। मालकी मदारा ने वुलफार्ट को और सुगंधिका कुमारी को ब्रिट्स ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद करबो मेसो (नौ) रन बनाकर आउट हुई। लारा गुडॉल और सुने लूस ने पारी संभालने का प्रयास किया। लेकिन वे भी अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सकी। 29वें ओवर में देवमी विहंगा ने सुने लूस (31) को बोल्ड कर श्रीलंका पांचवीं सफलता दिलाई। क्लोई ट्राइऑन (35), एन डी क्लार्क (17), मासाबाटा क्लास (चार) और म्लाबा (शून्य) पर आउट हुई। एनेरी ने 60 गेंदों में (नाबाद 61) रनों की पारी खेली।

# कोको गॉफ-सबालेंका फाइनल में भिड़ेंगी

**मैड्रिड ओपन**

**मैड्रिड, वार्ता।** अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ और बेलारुस की आर्यना सबालेंका के बीच मैड्रिड ओपन के फाइनल में खिताबी भिड़ंत होगी। अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल में चार बार की फेंच ओपन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियाटेक को हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में जगह बनाई। 21 वर्षीय गॉफ ने एक घंटे चार मिनट तक चले मुकाबले में स्वियाटेक को 6-1, 6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यह पहली बार है जब गॉफ ने क्ले कोर्ट पर स्वियाटेक को हराया है। एक अन्य मैच में बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने सेमीफाइनल में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 6-3, 7-5 से हराकर महिला एकल वर्ग के फाइनल में जगह बनाई। इसी के साथ अब कोको गॉफ फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी।





## माटेओ अर्नाल्डी को हराकर जैक ड्रेपर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में

**मैड्रिड, वार्ता।** ब्रिटेन के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने इटली के माटेओ अर्नाल्डी को हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ड्रेपर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में अर्नाल्डी को 6-0, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। ड्रेपर का सेमीफानइल में मुकाबला इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। मैच के बाद ड्रेपर ने कहा कि मैं हर बार खेलने पर स्वयं को मजबूत महसूस करता हूं। मैं सभी क्षेत्रों में बहुत अच्छा कर रहा हूँ और उम्मीद है कि यह आगे भी जारी रहेगा।

# गुजरात ने हैदराबाद को 225 रन का लक्ष्य दिया

**गिल ने 76, बटलर ने 64 रन बनाए, साई सुदर्शन सबसे तेज 2 हजार टी-20 रन बनाने वाले भारतीय बने**




**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस (जीटी) ने आईपीएल के 51वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को जीत के लिए 225 रन का टारगेट दिया है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद ने बालिंग चुनी। गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर के बाद 6 विकेट खोकर 224 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 76 रन बनाए। जबकि जोस बटलर 64 रन बनाकर आउट हुए। साई सुदर्शन ने 48 रन की पारी खेली। जयदेव उनादकट ने 3 विकेट झटके। पैट कमिंस और जीशान अंसारी को एक-एक विकेट मिला। 19वें ओवर में ट्रैविस हेड ने वाशिंगटन सुंदर का कैच ड्राप कर दिया। हालांकि अगली बाल पर अभिषेक शर्मा ने जोस बटलर का कैच पकड़ा। जोस बटलर 64 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पैट कमिंस ने पवेलियन भेजा। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर जोस बटलर ने छक्का लगाकर टीम का स्कोर 200 पार पहुंचाया। हर्षल पटेल के इस ओवर से 15 रन आए। जोस बटलर ने 17वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 31 बाल पर अर्धशतक बनाया। यह बटलर की मौजूदा सीजन में 5वीं फिफ्टी है। 14वें ओवर में कप्तान शुभमन गिल 76 रन बनाकर रनआउट हुए। उन्हें हर्षल पटेल के थ्रो पर विकेटकीपर हेनरिक क्लासन ने आउट किया। बटलर ने गुड लेंथ की बाल पर फाइन लगे की दिशा में खेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। हर्षल पटेल ने बाल को स्टंप पर थ्रो किया। जिसे कलेक्ट करके हेनरिक क्लासन ने विकेट पर मारा। थर्ड अंपायर के फैसले के बाद गिल ने फील्ड अंपायर से नाराजगी जताई। उनका कहना था कि गिल्लियां क्लासन के ग्लब्स से गिरी हैं। 12वें ओवर में शुभमन गिल और जोस बटलर ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। इसी ओवर में पैट कमिंस से कवर में बटलर का कैच ड्राप भी हो गया। शुभमन गिल ने 10वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने मोहम्मद शमी की बाल पर चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 25 बाल पर हाफ सेंचुरी लगाई।

# बांग्लादेश शारजाह में यूएई के साथ खेलेगा दो टी-20 मैच

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश अपने पाकिस्तान के दौरे से पहले 17 मई और 19 मई को शारजाह में यूएई के साथ दो टी-20 मैच खेलेगा। अमीरात क्रिकेट बोर्ड के सीओओ सुभान अहमद ने बताया कि पिछले तीन सालों में हमने आईसीसी के पूर्ण सदस्य न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान टीमों की मेजबानी की है, जबकि बांग्लादेश का यह दूसरा द्विपक्षीय टी-20 दौरा तीन सालों बाद हो रहा है। बांग्लादेश के साथ यह दो मैचों की सीरीज इस साल होने वाली टी-20 एशिया कप से पहले यूएई की तैयारी का अवसर है। इस दौरे को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मुख्य कार्यकारी निजाम उद्दीन चौधरी ने कहा कि हम इस टी-20 सीरीज के आयोजन के लिए अमीरात क्रिकेट बोर्ड की पहल की सराहना करते हैं। ये मैच आगामी एशिया कप सहित व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर से पहले हमारी टीम की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# बंग दर्शन और शास्त्री का विजय अभियान जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** आशीष और सौरभ रावत के दर्शनीय गोलों की मदद से बंग दर्शन एफसी ने उत्तराखंड फुटबाल क्लब को 2 -1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन लीग के रोमांचक मैच में पूरे अंक अर्जित किये। नेहरू स्टेडियम में खेले गए उतारचढाव वाले इस मुकाबले में पराजित टीम का गोल जांगूनहाओ ने किया मैच के सभी गोल आकर्षक रहे।

उधर अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए सीनियर डिवीजन मुकाबले में शास्त्री एफसी ने भारतीय वायुसेना को 4-2 से परास्त किया। विजेता की जीत का आकर्षण एंडी जाखरी के दो गोल रहे। गोपी सिंह और वाशलांग दखार ने एक-एक गोल जमाए। वायुसेना के गोल समुएल वनलाल्पेका और अमन खान ने किए। युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय वायुसेना ने पहले हाफ में दमदार प्रदर्शन किया लेकिन जैसे जैसे खेल आगे बढ़ा वायुसैनिकों की अनुभवहीनता भारी पड़ने लगी। खासकर, दूसरे हाफ में शास्त्री एफसी ने रफ्तार पकड़ी और बेहतरीन गोल जमा कर पूरे अंक झटक लिए। आमतौर पर पाला बदलने के बाद वायुसैनिकों के तेवर बदल जाते हैं लेकिन प्रतिद्वंद्वी फारवर्ड एंडी जाखारी, सेमन, गोपी और होकिप को रोक पाने में वायुसैनिक विफल रहे। उनके फारवर्ड भी आसान मौकों का फायदा नहीं उठा पाए।

# अंततः देश में जाति जनगणना: प्रतिनिधित्व या पुनरुत्थान





प्रियंका सौरभ

भारत में दशकों से केवल अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती होती रही है, जबकि अन्य जातियाँ नीति निर्माण में अदृश्य रहीं। जाति जनगणना केवल गिनती नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की नींव है। बिना सटीक आंकड़ों के आरक्षण, योजनाएं और संसाधन वितरण अधूरे रहेंगे। विरोध करने वालों को डर है कि उनके विशेषाधिकार चुनौती में पड़ सकते हैं। लेकिन यह गिनती वंचितों की दृश्यता और भागीदारी सुनिश्चित करने का औज़ार है, न कि समाज को तोड़ने का। जब नीति जाति पर आधारित हो, तो डेटा भी होना चाहिए।

भारत को जातियों में बांटा गया, लेकिन उसे जोड़ने की कोशिश कभी पूरी ईमानदारी से नहीं हुई। संविधान ने सबको समानता का अधिकार दिया, मगर समान अवसर की नींव जातिगत असमानता को पहचानने पर ही टिकती है। इसी बुनियाद पर जब आज जाति जनगणना की मांग ज़ोर पकड़ रही है, तो सवाल खड़ा होता है क्या यह सामाजिक न्याय का औज़ार है या समाज को और अधिक खांचों में बांटने की कवायद।

भारत में पिछली बार व्यापक जातिगत जनगणना 1931 में हुई थी। उसके बाद, आज़ादी के बाद के राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में एक आदर्श सामने रखा गया 'जातिविहीन समाज'। इस आदर्श का आकर्षण था, पर व्यवहार में यह एक तरह की चुप्पी थी। 1951 से लेकर 2011 तक हर जनगणना में केवल अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की गिनती होती रही, बाकी जातियां 'अदृश्य' रहीं। लेकिन अगर नीति आरक्षण आधारित हो, योजनाएं वर्गों के लिए हों, तो आंकड़े क्यों न हों। क्या यह संभव है कि बिना जानकारी के न्यायपूर्ण वितरण हो।

बिहार की जाति आधारित सर्वेक्षण ने एक नई लहर पैदा की। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की पहल ने अन्य राज्यों को भी सोचने पर मजबूर किया। एक ओर जातिगत गणना को सामाजिक न्याय की बुनियाद बताया गया, तो दूसरी ओर कुछ वर्गों ने इसे सामाजिक विभाजन का उपकरण कहा। कई राजनीतिक दल इस मांग को समर्थन दे रहे हैं, खासकर वे जिनकी राजनीति वंचित तबकों पर आधारित है। लेकिन केंद्र सरकार की भूमिका झिझकभरी रही है। केंद्र का कहना है कि यह बेहद जटिल प्रक्रिया है और इससे सामाजिक तनाव पैदा हो सकते हैं। जाति जनगणना के समर्थन में कई मजबूत तर्क दिए जा रहे हैं। अगर हम यह नहीं जानते कि कौन-सी जातियां किस आर्थिक व सामाजिक स्थिति में हैं, तो योजनाएं महज अंदाज़ों पर चलती रहेंगी। आरक्षण का पुनर्मूल्यांकन करना हो या सामाजिक योजनाओं का लक्ष्य तय करना हो, सटीक आंकड़ों की आवश्यकता है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की जनसंख्या कई राज्यों में 40-50 प्रतिशत तक मानी जाती है, जबकि उन्हें 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता है। यदि सही आंकड़े हों तो नीति ज्यादा न्यायसंगत हो सकती है।

**1951 से लेकर 2011 तक हर जनगणना में केवल अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की गिनती होती रही, बाकी जातियां 'अदृश्य' रहीं, लेकिन अगर नीति आरक्षण आधारित हो, योजनाएं वर्गों के लिए हों, तो आंकड़े क्यों ने हों, क्या यह संभव है कि बिना जानकारी के न्यायपूर्ण वितरण हो**

विरोध करने वालों की मुख्य दलील यह है कि जाति जनगणना समाज में जातीय पहचान को और मजबूत करेगी। इससे सामाजिक एकता को खतरा होगा और राजनीतिक दल केवल जाति कार्ड खेलकर वोट बटोरने लगेंगे। कुछ वर्गों को डर है कि अगर सही आंकड़े सामने आ गए, तो उनका 'निहित अधिकार' छिन सकता है ख्र जैसे सवर्ण वर्गों को लगता है कि ओबीसी या दलितों की संख्या के अनुपात में अगर आरक्षण बढ़ा, तो उनके लिए मौके और कम हो जाएंगे।

जब बिहार ने अपना जातिगत सर्वेक्षण कराया, तो केंद्र सरकार ने उससे दूरी बनाए रखी। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी मांग उठी, लेकिन सर्वसम्मति नहीं बन सकी। कई बार यह तर्क दिया गया कि यह विषय केंद्र के अधिकार क्षेत्र में आता है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर ही किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में जाति आधारित जनगणना पर सीधे रोक नहीं लगाई, लेकिन कहा कि यह नीति का विषय है और सरकारें अपने विवेक से निर्णय लें।

वंचित समुदायों के लिए जाति जनगणना केवल गिनती नहीं है, यह उनकी दृश्यता का सवाल है। अगर समाज में कोई वर्ग आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से पिछड़ा है, तो सबसे पहले यह जानना ज़रूरी है कि वह है कहां? कितना है? डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था 'यदि आपको सुधार करना है, तो पहले तथ्यों को जानिए।' जातिगत आंकड़े भी ऐसे ही तथ्य हैं। यह आंकड़े केवल आरक्षण तय करने के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, स्वरोजगार जैसी नीतियों के लिए जरूरी हैं। आश्चर्य की बात है कि जाति जनगणना जैसे गहन विषय पर मुख्यधारा मीडिया में गंभीर बहस कम होती है। जो बौद्धिक वर्ग खुद को प्रगतिशील मानता है, वह या तो इसे 'रिग्रेसिव' बताकर खारिज कर देता है या चुप रहता है। दरअसल, समस्या यह नहीं कि जाति की गिनती हो रही है। समस्या यह है कि जिन्हें अपने 'विशेषाधिकार' की चिंता है, वे इस गिनती से असहज हैं। अब सबसे बड़ा सवाल मान लीजिए कि जाति जनगणना होती है और सभी जातियों के आंकड़े सामने आते हैं। तब क्या होगा? क्या सरकारें इन आंकड़ों के आधार पर आरक्षण नीति में बदलाव करेंगी? क्या यह संभव होगा कि किसी जाति की संख्या ज्यादा निकलने पर उन्हें ज्यादा हिस्सेदारी दी जाए? या फिर आंकड़ों को दबा दिया जाएगा, जैसा 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) के साथ हुआ? 2011 में हुई एसईसीसी के आंकड़े आज भी सार्वजनिक रूप से अधूरे हैं। सरकारें आती गईं, लेकिन किसी ने इसे पूरी पारदर्शिता से नहीं जारी किया। जाति एक सामाजिक सच्चाई है, जिसे नज़रअंदाज़ करना संभव नहीं। जो सत्ताएं जातिविहीन समाज की बात करती हैं, वे चुनावी टिकट देने, मंत्रिमंडल गठन, और अफसरों की नियुक्ति में जाति ही देखती हैं तो फिर आंकड़ों से डर क्यों? जाति जनगणना न सामाजिक टूटन लाएगी, न समाज की बुनियाद को कमजोर करेगी बशर्ते इसका उपयोग न्यायपूर्ण नीति निर्माण के लिए हो। डर उन्हें है जिनके पास पहले से ही ज्यादा है। जो वंचित हैं, वे तो सिर्फ अपनी मौजूदगी की पुष्टि चाहते हैं। आखिर यह देश सभी जातियों का है तो सभी की गिनती क्यों नहीं?

## प्रेस की आजादी पर संकट

दुनिया में प्रेस की आजादी को लेकर पेरिस स्थित इंटरनेशनल एनजीओ हर साल रिपोर्ट जारी करता है। रिपोर्ट विदाउट बार्डर्स (आरडब्ल्यूयूबी) 2025 में उसने दुनियाभर के 180 देशों के विषय में प्रेस की आजादी के बारे में बताया। प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत को 151वीं रैंक में रखा है। यह रैंक बताती है कि भारत में पिछले वर्ष की अपेक्षा भारत ने इसमें सुधार किया है। पिछले बार भारत की रैंकिग 159 थी। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका जैसे देश जो अपने आप को दुनिया का सबसे बड़ा संरक्षक बनता है वहा भी प्रेस की आजादी में गिरावट की बात सामने आ रही है। इंडेक्स में अमेरिका को 57वें पायदान पर रखा है। जबकि पिछले वर्ष उसकी रैंकिंग 55 थी। रिपोर्ट कहती है कि यह गिरावट डोनाल्ड ट्रम्प के सत्ता में आने के बाद हुई है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि वह 42 देश जिनमें दुनिया की आधी आबादी रहती है वहां प्रेस की स्थिति बेहद गंभीर है और वहां प्रेस को लगभग न के बराबर आजादी है। रिपोर्ट में जहां नार्वे को पहले स्थान पर रखा है तो वही सबसे निचले स्थान पर इरीट्रिया देश है। इस तरह भारत की स्थिति भूटान, पाकिस्तान, चीन, रूस, सीरिया, फलस्तीन, अफगानिस्तान और उत्तर कोरिया से बेहतर है। निश्चित रूप से प्रेस की आजादी वर्तमान समय में काफी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है और इसके पीछे सबसे बड़ा कारण राजनीतिक तो है ही बल्कि आर्थिक भी है। रिपोर्ट में इसी तरफ इशारा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनियाभर का मीडिया फंडिंग की कटौती से जूझ रहा है। सूचना के संसाधनों को गूगल, एप्पल, फेसबुक, एमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसे कंपनियों के दबदबे की वजह से हो रहा है। क्योंकि जो पहले विज्ञापन मीडिया आउटलेट्स को मिलते थे अब वह इनके पास जा रहे है। रिपोर्ट बताती है कि भारत सहित कुछ देशों में मीडिया आउटलेट्स नेताओं और बिजनेसमैन से मिलने वाली सशर्त फंडिंग की वजह से अपना अस्तित्व बचाए हुए है कहने का मतलब साफ है कि मीडिया दिन-प्रतिदिन अपनी साख खो रहा है जिसके लिए वह कभी जाना जाता था और यह सब इस लिए हो रहा है क्योंकि इस पर अब राजनेताओं और पूंजीपतियों का दबाव बन चुका है। चीन, वयतनाम जैसे देशों में तो मीडिया सरकार के मुखपत्र का काम करता है। हाल ही में हम देख रहे है कि फलस्तीन में किस तरह मीडिया को निशाना बनाया जा रहा है अब तो 200 से अधिक पत्रकार वहां अपनी जान गंवा चुके है। इजरायल ने अपनी बमबारी से वहां तमाम मीडिया के ऑफिस बर्बाद कर दिए है। कोई भी देश अपनी मनमानी के चलते किसी भी विदेशी मीडिया को अपने यहां काम करने से रोक देता है। इस तरह हम कह सकते है कि आज के दौर में मीडिया अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है यह स्थिति ठीक नहीं है। सही सूचना आम लोगों तक पहुंचे इसकी व्यवस्था होना बेहद जरूरी है, लेकिन यह तभी संभव होगा। जब मीडिया को शक्ति प्रदान करने के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाए। जो कि आज दूर की कोड़ी की बात लगती है।

## बुजुर्ग परिवार के भावनात्मक स्तंभ



बुजुर्गों के मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए, माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है, आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बहुत सहज होते हैं, बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं, जब बुजुर्ग अपने परिवार को फलते-फूलते देखते हैं, तो वे भी शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हैं, प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिंदगी में वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी है, वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है।

**द्रौपदी मुर्मु**
**राष्ट्रपति**

# एक पादप मॉडल का अनदेखा पहलू...

सरसों परिवार (ब्रेसिकेसी) का एक छोटा सा पौधा है थेल क्रेस (**Arabidopsis thaliana**)। 20-25 से.मी. लंबे इस पौधे में अधिकतर पत्तियां ज़मीन से सटकर, फूलनुमा आकृति बनाते हुए लगती हैं और बहुत थोड़ी पत्तियां ऊपर तने पर भी लगती हैं। इसके फूल सफेद रंग के होते हैं। यह पौधा मूलतः युरेशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में यह हिमालयी क्षेत्र में पाया जाता है। यह खाली पड़े मैदान, सड़क किनारे, रेललाइन किनारे, खेतों में, कहीं भी उगता देखा जा सकता है, इसलिए इसे खरपतवार की तरह देखा जाता है, हालांकि कुछ जगहों पर इसे खाया भी जाता है।

**स्रोत फीसर्च**

थेल क्रेस पौधे की कुछ खास बातें हैं। एक तो इसका जीवन चक्र छोटा होता है, अंकुरण से लेकर वापस बीज बनने तक का इसका चक्र 6 हफ्तों में पूरा हो सकता है, यह खरपतवार की तरह आसानी से फल-फूल जाता है, इसका पौधा साइज़ में छोटा तो होता ही है, साथ ही इसका जीनोम भी सरल होता है। अपनी इन सभी खूबियों के कारण 1900 के दशक से ही पादप विज्ञान में थेल क्रेस पर अध्ययन किए जाने लगे थे। फूलदार पौधों की जेनेटिक, आणविक कार्यप्रणाली को समझने में थेल क्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सबसे पहला संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण भी इसी पौधे का किया गया था। और तो और, पादप विज्ञान का यह मॉडल पौधा 2019 में चांग ई-4 लैंडर के साथ चांद की भी सैर कर चुका है। और अब, इस पौधे के एक अनछुए पहलू का अध्ययन कर पादप विज्ञानी रियुशिरो कासाहारा और उनके दल ने इसकी एक ओर खासियत उजागर की है जो खेती के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। पता चला है कि (कम से कम) यह पौधा बड़ी चतुराई से अपने सिर्फ उन्हीं बीजांडों तक पोषण पहुंचने देता है जो निषेचित हो चुके होते हैं। और, अपने गैर-निषेचित बीजांड तक पोषण पहुंचने से रोकता है, जिससे पोषण का सदुपयोग होता है और बीज बड़ा बनता है। और, बड़ा बीज यानी पैदावार में वृद्धि, लेकिन अन्य फसलों में बीज कैसे बड़ा किया जाए? इस पर बात करने के पहले थोड़ा इस पर बात कर लेते हैं कि शोधकर्ताओं को यह बात पता कैसे चली। दरअसल, कासाहारा यह समझना चाह रहे थे कि पौधे बीज कैसे बनाते हैं? इसके लिए कासाहारा ने थेल क्रेस को अध्ययन के लिए चुना और अपना सारा ध्यान इसके फूल के उस स्थान पर केंद्रित किया जहां कई सारी नलिकाओं (फ्लोएम) के माध्यम से पोषक तत्व पहुंचकर विकासशील भ्रूण को पोषण देते हैं।

नीले रंजक का इस्तेमाल कर उन्होंने इस हिस्से में कैलोस का असर देखा। गौरतलब है कि कैलोस पौधों में अस्थायी कोशिका भित्ति बनाकर पौधों के लिए कई काम करता है और पौधों को सुरक्षा प्रदान करता है, जैसे यह पौधों के घावों को भरने में मदद करता है। पता चला कि फ्लोएम के अंतिम छोर पर बीजांड के पास की कोशिकाओं में कैलोस बन रहा था। कैलोस ने फ्लोएम के सिरे के चारों ओर एक तश्तरी जैसा अवरोध (भित्ति) बना दिया था। फिर, अधिकांश निषेचित बीजांडों से वह अवरोध गायब हो गया था, और वहां मात्र एक छल्ला रह गया था जल्द ही वह छल्ला भी लुप्त हो गया था। लेकिन जो बीजांड निषेचित नहीं हुए थे उनमें अवरोध जस-का-तस बना रहा। इससे समझ आया कि कैलोसयुक्त कोशिकाएं एक दीवार का काम करती हैं, जो फ्लोएम के पोषक तत्वों को गैर-निषेचित बीजांडों में जाने से रोकती हैं। इस तरह पौधा गैर-निषेचित बीजांड में अतिरिक्त पोषण ज़ाया करने से बच जाता है। अब सवाल था कि वह क्या शय है जो निषेचित बीजांड से कैलोस-अवरोध हटा देती है। शोधकर्ताओं की यह




तलाश एक ऐसे एंज़ाइम, **AtBG&ppap**, पर जाकर खत्म हुई जो कैलोस को विघटित करने (या हटाने) की क्षमता रखता है। और इसी एंज़ाइम को बनाने वाले जीन को अधिक सक्रिय कर कुछ फसलों की पैदावार बढ़ाई जा सकती है।

इस बात का खुलासा भी थेल क्रेस पर किए गए अध्ययन से हुआ। शोधकर्ताओं ने जब इस पौधे में **AtBG&ppap** एंज़ाइम को बनाने वाले जीन को शांत किया तो पाया कि पौधे में सभी बीजांड (निषेचित और गैर-निषेचित) पर कैलोस भित्ति काफी हद तक वैसी की वैसी बनी रही थी। इसके कारण इस जीन के प्रभाव से मुक्त पौधों के बीज सामान्य पौधों के बीज के साइज़ की तुलना में 8 प्रतिशत छोटे बने थे। लेकिन जब टीम ने इन पौधों में **AtBG&ppap** एंज़ाइम के जीन को अति सक्रिय किया तो पाया कि ऐसा करने पर बीज सामान्य पौधों के बीजों की तुलना में 17 प्रतिशत बड़े विकसित हुए। संभवतः इसलिए कि निषेचित बीजांड की कैलोस-भित्ति आसानी से टूट गई होगी और अधिक पोषक तत्व निषेचित बीजांड तक पहुंचे होंगे। ऐसा ही उन्होंने धान के पौधों पर भी करके देखा तो उन्हें ऐसे ही नतीजे मिले-**AtBG&ppap** एंज़ाइम के जीन को अधिक व्यक्त करवाने पर चावल के दाने की साइज़ 9 प्रतिशत बढ़ गई थी। लेकिन चावल के बड़े दाने होने से शायद इसके स्वाद पर फर्क पड़े, हालांकि स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ने जैसी बात तो अध्ययन में सामने नहीं आई है। लेकिन बड़े बीज वाली फसलें सोयाबीन, मक्का और गेहूं जैसी फसलों के लिए फायदेमंद हो सकती हैं।

**भारत में यह हिमालयी क्षेत्र में पाया जाता है, यह खाली पड़े मैदान, सड़क किनारे रेललाइन किनारे, खेतों में कहीं भी उगता देखा जा सकता है, इसलिए इसे खरपतवार की तरह देखा जा सकता है हालांकि कुछ जगहों पर इसे खाया भी जाता है, थेल क्रेस पौधे की कुछ खास बातें है, एक तो इसका जीवन चक्र छोटा होता है, अंकुरण से लेकर वापस बीज बनने तक का इसका चक्र 6 हफ्तों में पूरा हो सकता है**

## केवल अधिकार नहीं, जिम्मेदारी भी है पत्रकारिता की स्वतंत्रता

# कलम की आजादी पर कसता शिकंजा





योगेश कुमार गोयल

भारत में प्रेस को सदैव लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की संज्ञा दी जाती रही है क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती में इसकी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यही कारण है कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रेस की स्वतंत्रता को बहुत अहम माना गया है लेकिन विड्म्बना है कि विगत कुछ वर्षों से यहां भी प्रेस स्वतंत्रता के मामले में लगातार कमी देखी जा रही है। इसीलिए प्रतिवर्ष 3 मई को 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' मनाया जाता है। कलम को तलवार से भी ज्यादा ताकतवर और तलवार की धार से भी ज्यादा प्रभावी इसीलिए माना गया है क्योंकि इसी की सजगता के कारण न केवल भारत में बल्कि अनेक देशों में पिछले कुछ दशकों के भीतर बड़े-बड़े घोटालों का पर्दाफाश हो सका, जिसके चलते बड़े-बड़े उद्योगपतियों, नेताओं तथा विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों को एक ही झटके में अर्श से फर्श पर आना पड़ा। यही कारण हैं कि समय-समय पर कलम रूपी इस हथियार को भोथरा बनाने या तोड़ने के कुचक्र होते रहे हैं और विभिन्न अवसरों पर न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में सच की कीमत कुछ पत्रकारों को अपनी जान देकर भी चुकानी पड़ती है।

पिछले दशकों में प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में स्थितियां काफी बदल गई हैं। आज दुनियाभर में पत्रकारों पर राजनीतिक, अपराधिक और आतंकी समूहों का सर्वाधिक खतरा है और भारत भी इस मामले में अछूता नहीं है। विड्म्बना है कि दुनियाभर के न्यूज रूम्स में सरकारी तथा निजी समूहों के कारण भय और तनाव में वृद्धि हुई है। पेरिस स्थित 'रिपोर्टर्स सैन्स फंटियर्स' (आरएसएफ) अथवा 'रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' नामक संस्था द्वारा हर साल अपनी वार्षिक रिपोर्ट में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर जो तथ्य प्रस्तुत किए जाते रहे हैं, वे सदैव चौंकाने वाले होते हैं। हालांकि यह अलग बात है कि कुछ देश इस रिपोर्ट में जारी किए जाने वाले आंकड़ों को पूर्वाग्रह से प्रेरित बताकर खारिज भी करते रहे हैं। 'रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' एक ऐसा गैर-लाभकारी संगठन है, जो विश्वभर के पत्रकारों पर हमलों का दस्तावेजीकरण करने और मुकाबला करने के लिए कार्यरत है और प्रतिवर्ष 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स' अर्थात् 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' नामक रिपोर्ट पेश करता है। 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2019' में उसने भारत सहित विभिन्न देशों में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति की विवेचना करते हुए स्पष्ट किया था कि किस प्रकार विश्वभर में पत्रकारों के खिलाफ घृणा हिंसा में बदल गई है, जिससे दुनियाभर में पत्रकारों में डर बढ़ा है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2024 के मुताबिक भारत 180 देशों में से 159वें स्थान पर है जबकि 2023 में भारत 180 देशों में से 161वें स्थान पर और 2022 में 150वें पायदान पर खड़ा था। यह रिपोर्ट प्रेस स्वतंत्रता के लिए भारत की रैंकिंग में लगातार गिरावट का संकेत देती है। रिपोर्ट के मुताबिक पत्रकारों के साथ व्यवहार के लिए 'संतोषजनक' माने जाने वाले देशों की संख्या बढ़ रही है लेकिन ऐसी संख्या भी कम नहीं है, जहां स्थिति 'बहुत गंभीर' है। रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स द्वारा जारी दुनियाभर के देशों की प्रेस फ्रीडम रैंकिंग में भारत जहां जहां 2024 में 2023 के मुकाबले दो पायदान ऊपर चढ़ा, वहीं 2023 में 2022 के मुकाबले 11 पायदान नीचे गिरा था और 2022 में भी 2021 की रैंकिंग के मुकाबले 8 स्थान नीचे फिसला था। 2021 की रैंकिंग में भारत का स्थान 142वां था। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2024 की सूची में शीर्ष 10 देशों में नॉर्वे, डेनमार्क, स्वीडन, नीदरलैंड, फिनलैंड, एस्तोनिया, पुर्तगाल, आयरलैंड, स्विट्जरलैंड तथा जर्मनी शामिल हैं। भारत के लोकतंत्र को तो दुनिया का सबसे सफल और बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, वहीं अगर नार्वे जैसा छोटा सा देश प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में लगातार शीर्ष स्थान पर विराजमान है तो यह स्थिति भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश के लिए सही स्थिति नहीं है। ऐसे में हमें गंभीरता से मंथन करने की जरूरत है कि हम इस मामले में वर्ष दर वर्ष क्यों फिसल रहे हैं? प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में यह गिरावट स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। प्रेस की स्वतंत्रता में कमी आने का सीधा और स्पष्ट संकेत यही है कि लोकतंत्र की मूल भावना में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो अधिकार निहित है, उसमें धीरे-धीरे कमी आ रही है। समाज में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान रहा है, इसीलिए इसे लोकतंत्र का चौथा मजबूत स्तंभ माना गया है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से जिस प्रकार खासकर इलैक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा बगैर किसी जानकारी को जांचे-परखे केवल अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए झूठ का बवंडर तैयार किया जाता है, उसे देखकर कई बार तो ऐसा प्रतीत होता है मानो टीवी चैनल पर समाचार या कोई न्यूज कार्यक्रम नहीं बल्कि कोई मसालेदार राजनीतिक फिल्म चल रही हो। इसका सबसे बड़ा नुकसान यही हो रहा है कि लोगों का विश्वास मीडिया पर निरंतर कम हो रहा है और लोगों का आकर्षण सोशल मीडिया की ओर बढ़ रहा है, जहां पहले से ही फेक न्यूज बहुत बड़ी समस्या मौजूद है तथा एआई इस समस्या को और ज्यादा बढ़ाने में बड़ा योगदान दे रही है।

भारतीय संविधान में प्रेस को अलग से स्वतंत्रता प्रदान नहीं की गई है बल्कि उसकी स्वतंत्रता भी नागरिकों की अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता में ही निहित है और देश की एकता तथा अखण्डता खतरे में पड़ने की स्थिति में इस स्वतंत्रता को बाधित भी किया जा सकता है किन्तु ऐसी कोई स्थिति निर्मित नहीं होने पर भी देश में पत्रकारिता का चुनौतीपूर्ण बनते जाना लोकतंत्र के हित में कदापि नहीं है बल्कि यह स्पष्ट रूप से कुछ शक्तियों द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था के चौथे स्तंभ को ध्वस्त करने का ही प्रयास माना जाता है। कल्पना की जा सकती है कि प्रेस की स्वतंत्रता अगर इसी प्रकार सवालों के घेरे में रही तो पत्रकार कैसे पारदर्शिता के साथ अपने कार्य को अंजाम देते रहेंगे? प्रेस की स्वतंत्रता को बाधित करने के प्रयासों के चलते कैसे सच को उजागर कर उसे निष्पक्ष तरीके से जनता तक पहुंचाया जाना संभव होगा? देश में प्रेस की स्वतंत्रता बरकरार रहे, इसके लिए किसी मीडिया संस्थान से जुड़े पत्रकार हों या स्वतंत्र पत्रकार, उनकी सुरक्षा को लेकर कड़े कानून बनाए जाने की सख्त दरकार है ताकि बगैर किसी दबाव या भय के पत्रकार अपना कर्त्तव्य बखूबी निभाते रहें।

# गर्मियों में रूटीन में ऐसे शामिल करें चमेली का तेल

## ताजगी से भरपूर होगी आपकी सुबह

गर्मियों की सुबह चिपचिपी और उमस भरी होती है। सुबह उठने के बाद ताजगी नहीं महसूस होती है। ऐसे में अगर आप भी सुबह के समय ताजगी महसूस नहीं करते हैं, तो एक खास तेल आपकी मदद कर सकता है। जो आपकी सुबह शांति और ताजगी से भरपूर बन सकती है। चमेली के तेल को प्रकृति का खजाना कहा जाता है। इस एसेंशियल ऑयल में वह शक्ति छिपी है, जो आपकी इंद्रियों को जगाता है और आपके अंदर एक नई ऊर्जा का संचार कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि चमेली के तेल को अपनी रूटीन में कैसे शामिल कर सकते हैं।

### ऐसे बनाएं रूटीन का हिस्सा

अगर आप अपने दिन की शुरुआत को खुशनुमा बनाना चाहते हैं तो आपको नहाने के पानी में चमेली के तेल की कुछ बूंदे डालनी चाहिए। इसकी भीनी-भीनी खुशबू आपके मन को शांत करने के साथ आपको तरोताजा महसूस कराएगा। इससे आपका मूड पूरा दिन पॉजिटिव बना रहेगा।

सप्ताह में एक बार बॉडी स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके



लिए आप थोड़ी सी चीना, नमक और ग्लिसरीन ले लें। फिर इसमें नींबू का रस मिलाएं और इसमें 2-3 बूंद चमेली के एसेंशियल ऑयल डालें। फिर इसे शरीर पर लगाकर 5-8 मिनट तक स्क्रब करें, जिससे डेड स्किन निकल जाएंगे और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाएगा। इससे भी पॉजिटिव संचार होता है। आप चाहें तो अपने मॉइस्चराइजर में 2-3 बूंद चमेली का तेल और 1 बूंद पेचौली मिलाकर लगा सकते हैं। यह आपके मूड और स्किन दोनों को तरोताजा करेगा और यह त्वचा को जबरदस्त चमक देगा।

चमेली एसेंशियल ऑयल वाली मोमबत्ती जलाकर आप अपने आसपास खुशनुमा माहौल बना सकते हैं और यह आपके मूड को बेहतर बना सकता है। कई बार जब हम सुबह सोकर उठते हैं, तो अजीब सी निराशा होती है। ऐसे में जब भी आप लो फील करने लगें, तो हथेली पर एक बूंद तेल लेकर इसको रब करें और सूंघें।

## बिलावल ने कबूला कड़वा सच

# पाकिस्तान का इतिहास है आतंकवाद को पालना



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो ने आतंकवाद को पालने की बात कबूली है। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए बिलावल ने माना कि पाकिस्तान ने पश्चिमी देशों के साथ मिलकर आतंकी संगठनों को बढ़ावा दिया है। बिलावल ने कहा कि यह पाकिस्तान का एक इतिहास और यह किसी से छुपा नहीं है। इसकी वजह से पाकिस्तान को भी नुकसान उठाना पड़ा है और इस समस्या से निपटने के लिए हमने सुधार किए हैं। बिलावल का यह बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान के बाद आया है। बिलावल से पहले आसिफ भी आतंकवाद को बढ़ावा देने की बात कबूल चुके हैं। पाकिस्तान के रक्षामंत्री पिछले हफ्ते एक बयान में कहा था कि उनका देश पिछले 30 साल से आतंकवादियों का समर्थन कर रहा है और उन्हें ट्रेनिंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने ब्रिटिश अखबार द स्काई को दिए इंटरव्यू में यह बातें कही थीं। ब्रिटिश एंकर यल्दा हकीम ने उनसे सवाल पूछा था कि क्या पाकिस्तान आतंकी गुटों की गति. विधियों के लिए जिम्मेदार है? इस पर उन्होंने कहा था कि दुनिया की बड़ी ताकतों ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया है। उन्होंने माना कि अगर हम, सोवियत यूनियन के खिलाफ जंग में शामिल नहीं होते और 9/11 के हमलों के बाद जो हालात बने, वो न बनते तो पाकिस्तान का रिकार्ड बेदाग होता। ख्वाजा आसिफ ने यह भी माना था कि आतंकियों का समर्थन करना या ट्रेनिंग देना बड़ी गलती थी। हम इसकी सजा भुगत रहे हैं। बिलावल ने गुरुवार को एक बार फिर सिंधु में खून बहाने की धमकी दी। एक रैली को संबोधित करते हुए बिलावल ने कहा कि हम जंग नहीं चाहते हैं, लेकिन अगर उन्होंने सिंधु पर हमला किया तो इससे पानी बहेगा या खून बहेगा। बिलावल ने इससे पहले पिछले हफ्ते शुक्रवार को एक रैली में कहा था कि सिंधु में या तो पानी बहेगा या उनका खून। दरअसल भारत ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते को रोक दिया है। पाकिस्तान ने भारत के इस कदम को एकतरफा बताते हुए फैसले का विरोध किया है। पहलगाम हमले को लेकर भारत की तरफ से पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता खत्म करने के बाद पाकिस्तानी मंत्री और अधिकारी लगातार विवादित बयान दे रहे हैं। शहबाज शरीफ ने शनिवार 26 अप्रैल को पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी में एक परेड को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि पहलगाम हमले का आरोप लगाकर पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। पहले भी पाकिस्तान पर ऐसे हमले के आरोप लगाए जाते रहे हैं। इसे पूरी तरह से बंद किया जाना जाहिए। एक जिम्मेदार देश के तौर पर पाकिस्तान किसी भी तटस्थ और पारदर्शी जांच में हिस्सा लेने के लिए तैयार है। शरीफ ने कहा कि भारत दुनिया को गुमराह कर रहा है। बिना किसी विश्वसनीय जांच और सबूत के पाकिस्तान पर झूठा आरोप लगाकर देश को बदनाम कर रहा है।


## ट्रम्प ने माइक वाल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत नामित किया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र में अगला अमेरिकी राजदूत नामित किया।

ट्रम्प ने कल सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अंतरिम अवधि में, विदेश मंत्री मार्को रुबियो विदेश विभाग में अपना मजबूत नेतृत्व जारी रखते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में भी काम करेंगे। पहले की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, वाल्ट्ज और उनके डिप्टी एलेक्स वोंग दोनों के व्हाइट हाउस में गुरुवार को अपने वर्तमान पद से इस्तीफा देने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में वाल्ट्ज के नामांकन के लिए सीनेट की पुष्टि की आवश्यकता है। ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में रिपब्लिकन एलिस स्टेफनिक के अपने नामांकन को 27 मार्च को वापस ले लिया।

## अर्जेंटीना में 7.5 तीव्रता का आया भूकंप, सूनामी की भी चेतावनी जारी

### लोगों को ऊंची जगहों पर जाने की सलाह दी



**ब्यूनस आयर्स।** साउथ अमेरिकी देश अर्जेंटीना में 7.5 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। इसके चलते सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह भूकंप भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे आया है। भूकंप का केंद्र अर्जेंटीना के दक्षिणी राज्य उशुआइया से 222 किमी दूर समुद्र में ड्रेक पैसेज में था, जिसकी गहराई 10 किमी थी। बता दें कि ड्रेक पैसेज दक्षिण अमेरिका के केप हार्न, चिली, अर्जेंटीना और अंटार्कटिका के दक्षिण शेटलैंड द्वीपों के बीच का समुद्री इलाका है। प्रशासन ने लोगों से ऊंची जगहों पर जाने के लिए कहा है। प्रभावित इलाकों में सुनामी की चेतावनी वाले सायरन बजना शुरू हो गए हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। एक दिन पहले भी अर्जेंटीना में 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था। अर्जेंटीना के पड़ोसी देश चिली के तटीय इलाकों भी को अलर्ट पर रखा गया है। चेतावनी में कहा गया है कि लहरें चिली के प्यूर्टो विलियम्स तक पहुंच सकती हैं। चिली की नेशनल डिजास्टर सर्विस ने पूरे दक्षिणी तट को खाली कराने के लिए कहा है। इसके लिए लोकल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने कहा कि भूकंप से निपटने के लिए देश के पास सभी संसाधन मौजूद हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हम लोगों से अपील करते हैं कि वो मैगलन इलाके में समुद्र तट से दूर चले जाएं। इस समय हमें अधिकारियों के निर्देशों को पूरी तरह फालो करना है। अमेरिका का सुनामी वार्निंग सिस्टम अगले एक घंटे में फिर से चेतावनी जारी करेगा।

## दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के निकट हमला

**यरूशलेम।** इजरायल ने सीरिया में ड्रूज समुदाय के लिए किसी खतरे को रोकने के लिए दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के निकट लक्ष्य पर हमला किया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जानकारी दी है। वाई-नेट ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा, यह सीरियाई शासन के लिए एक स्पष्ट संकेत है।

हम दमिश्क के दक्षिण में सेना की तैनाती और ड्रूज समुदाय के लिए किसी भी तरह के खतरे की अनुमति नही देंगे। सीरिया के गृह मंत्रालय ने बाद में बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात से लेकर आज तक दमिश्क के निकट सीरियाई शहर साहनाया में सशस्त्र समूहों और ड्रूज आत्मरक्षा सेनानियों के बीच झड़पें हुईं, जहां मुख्य रूप से ड्रूज आबादी रहती है। ड्रूज अरबों का एक जातीय-धार्मिक समूह है जो लेबनान, सीरिया, इजरायल और जॉर्डन में रहता है। दिसंबर 2024 में दमिश्क में सत्ता परिवर्तन के बाद इजरायल ने बार-बार सीरियाई ड्रूज की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।



## महामारी प्रवण वायरसः वैक्सीन प्लेटफॉर्म लॉन्च

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका ने महामारी प्रवण वायरस के लिए अगली पीढ़ी का सार्वभौमिक वैक्सीन प्लेटफार्म लांच किया है। अमरीकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग (एचएचएस) और नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ ने गुरुवार को जेनरेशन गोल्ड स्टैंडर्ड के लॉन्च की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह महामारी-प्रवण वायरस से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया एक अगली पीढ़ी का सार्वभौमिक वैक्सीन प्लेटफ़ॉर्म है। एनआईएच के अनुसार यह प्लेटफ़ॉर्म बीटा- प्रोपियो लैक्टोन -निष्क्रिय, संपूर्ण-वायरस दृष्टिकोण पर आधारित है जो पारंपरिक वैक्सीन तकनीक का एक आधुनिक रूप है। एनआईएच ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह पहल पारदर्शिता, प्रभावशीलता और व्यापक तैयारी की ओर एक निर्णायक बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है जो एनआईएच के सार्वभौमिक इन्फ्लूएंजा और कोरोनावायरस टीकों के इन-हाउस विकास को वित्तपोषित करती है जिसमें बीपीएल-1357 और बीपीएल-24910 शामिल हैं। इन टीकों का उद्देश्य महामारी-प्रवण वायरस जैसे एच 5 एन 1 एवियन इन्फ्लूएंजा सहित कोरोनावायरस के कई प्रकारों के खिलाफ व्यापक-स्पेक्ट्रम सुरक्षा प्रदान करना है। एनआईएच के निदेशक डा. जय भट्टाचार्य ने कहा, जनरेशन गोल्ड स्टैंडर्ड एक आदर्श बदलाव है। यह स्ट्रेन-विशिष्ट सीमाओं से परे वैक्सीन सुरक्षा का विस्तार करता है और फ्लू वायरल खतरों के लिए तैयार करता है न केवल आज बल्कि कल भी 21वीं सदी में लाई गई पारंपरिक वैक्सीन तकनीक का उपयोग करके।



## अमेरिका के साथ ईरान की फिर अनबन

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि इटली के रोम में अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का चौथा दौर मध्यस्थ ओमान के प्रस्ताव पर स्थगित कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक बाघई ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नई तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। उन्होंने देश के 'वैध और कानूनी हितों की रक्षा करने और ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों तथा आर्थिक दबाव को समाप्त करने के लिए कूटनीति का उपयोग करने के ईरान के दृढ़ संकल्प की पुष्टि की।

प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल सद्भावना के साथ वार्ता में प्रवेश करने के बाद से परमाणु ऊर्जा का शांतिपूर्ण तरीके से उपयोग करने और अवैध प्रतिबंधों को समाप्त करने के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत देश की सैद्धांतिक स्थिति के आधार पर विशिष्ट रूपरेखाओं पर चर्चा कर रहा है, जो एक न्यायसंगत, तर्कसंगत और टिकाऊ समझौते को प्राप्त करने के उद्देश्य से परिणाम-उन्मुख वार्ता के प्रति अपनी गंभीरता को प्रदर्शित करता है। इससे पहले दिन में, ओमानी विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल बुसैदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आधिकारिक तौर पर घोषणा की कि शनिवार को होने वाली ईरान-अमेरिका वार्ता का चौथा दौर लॉजिस्टिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, पारस्पर तौर पर सहमत होने पर नई तारीखों की घोषणा की जाएगी।

## गाजा को अकालग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का आग्रह

**गाजा।** गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने खाद्य की गंभीर संकट को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र से गाजा को अकाल क्षेत्र घोषित करने का आग्रह किया है। मंत्रालय के महानिदेशक मुनीर अल-बुरश ने गुरुवार को कहा कहा कि गाजा में 91 प्रतिशत गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं, जबकि 65 प्रतिशत लोगों को स्वच्छ पेयजल की पहुंच नही है। 92 प्रतिशत बच्चे व स्तनपान कराने वाली माताएं गंभीर खाद्य संकट से पीड़ति हैं, जो उनके जीवन के लिए सीधा खतरा है। वर्तमान स्थिति संयुक्त राष्ट्र को गाजा पट्टी को अकालग्रस्त क्षेत्र के रूप में मान्यता देने की अनुमति देती है। अल-बरश ने कल अनादोलु समाचार एजेंसी से कहा कि गाजा के लगभग 91 प्रतिशत निवासी गंभीर खाद्यान्न की कमी का सामना कर रहे हैं अन्य 65 प्रतिशत के पास स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नही है। लगभग 92 प्रतिशत बच्चे और स्तनपान कराने वाली माताएं खाद्यान्न की कमी से बुरी तरह पीड़ति हैं जो उनके जीवन के लिए सीधा खतरा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से गाजा पट्टी को आधिकारिक रूप से अकालग्रस्त क्षेत्र के रूप में मान्यता देने का आग्रह किया। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कल चिकित्सा और मानवीय संगठनों के साथ-साथ दुनिया भर के कार्यकर्ताओं से युद्ध क्षेत्र में फिलिस्तीनी बच्चों का समर्थन करने के लिए एक सप्ताह तक चलने वाला अभियान चलाने का आह्वान किया। मंत्रालय ने चिकित्सा संस्थानों से गाजा में आपातकालीन चिकित्सा दल, प्राथमिक चिकित्सा आदि की खेप भेजने और सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों पर एन्क्लेव की नाकाबंदी समाप्त करने के लिए दबाव डालने का भी आग्रह किया।

## हार्वर्ड यूनिः टैक्स फ्री दर्जा खत्म करेंगेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का टैक्स फ्री संस्थान का दर्जा खत्म करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि वे इसी के हकदार हैं। इससे पहले हार्वर्ड की 2.2 अरब डालर फंडिंग पर रोक लगा चुके हैं। दरअसल ट्रम्प प्रशासन ने यूनिवर्सिटी से यह मांग की है कि वह अक्टूबर 2023 के बाद कैंपस में हुई यहूदी विरोधी घटनाओं पर बनी सभी रिपोर्ट और ड्राफ्ट भी सरकार को सौंपे। प्रशासन चाहता है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने वाले सभी लोगों के नाम बताए जाएं और उन्हें संघीय अधिकारियों के इंटरव्यू के लिए उपलब्ध कराया जाए। यूनिवर्सिटी ने इस आदेश के खिलाफ कोर्ट में केस भी किया है।

यूनिवर्सिटी का आरोप है कि ट्रम्प सरकार राजनीतिक दबाव बनाकर शैक्षणिक कामकाज पर कंट्रोल करना चाहती है। हार्वर्ड ने इसे यूनिवर्सिटी के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन का आरोप लगाया है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने भी 12 अप्रैल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया था। को रोकनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया था। दरअसल उस दौरान ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डालर के फंड की समीक्षा कर रहा था। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया कि ट्रम्प का यह फैसला अमेरिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट प्रथम संशोधन का उल्लंघन करता है।

## विदेश मंत्रालय ने नेपाली छात्रा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंग इंस्टीट्यूट आफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एक नेपाली छात्रा के आकस्मिक निधन पर शोक एवं परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में कहा कि हम केआईआईटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के एक नेपाली छात्रा के दुखद निधन से बहुत दुखी हैं। हम इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। इस दुखद घटना के बारे में पता चलने के बाद विदेश मंत्रालय ओडिशा राज्य सरकार के साथ लगातार संपर्क में है। ओडिशा राज्य सरकार छात्रा के परिवार को पूरा सहयोग दे रही है। वर्तमान में ओडिशा पुलिस द्वारा गहन जांच की जा रही है। बयान में कहा गया है कि भारत सरकार सभी अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा, सुरक्षा और कल्याण को बहुत गंभीरता से लेती है।

## नासाः स्फीयरएक्स का विज्ञान संचालन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष वेधशाला स्फीयरएक्स ने आधिकारिक तौर पर विज्ञान संचालन शुरू कर दिया है जो ब्रह्मांड की उत्पत्ति, आकाशगंगाओं के विकास और आकाशगंगा में जीवन के निर्माण खंडों में नई अंतर्दृष्टि को उजागर करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नासा ने गुरुवार को यह घोषणा की। नासा ने बताया कि स्फीयरएक्स अगले दो वर्षों में प्रतिदिन लगभग 3,600 चित्र लेगा एवं पूरे आकाश का व्यवस्थित रूप से सर्वेक्षण करेगा। नासा के अनुसार 11 मार्च को लॉन्च किए गए स्फीयरएक्स ने पिछले छह सप्ताह जांच, अंशांकन और अन्य गतिविधियों से गुजरते हुए बिताए हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह ठीक से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब विज्ञान संचालन शुरू होने के साथ वेधशाला तीन आयामों में करोड़ों आकाशगंगाओं की स्थिति का चार्ट बनाएगी। इसका लक्ष्य ब्रह्मांड विज्ञान में कुछ सबसे गहन प्रश्नों को संबोधित करना है, जैसे कि ब्रह्मांड कैसे शुरू हुआ और इसकी बड़े पैमाने की संरचना कैसे विकसित हुई। वाशिंगटन में नासा मुख्यालय में खगोल भौतिकी प्रभाग के कार्यवाहक निदेशक शॉन डोमागल-गोल्डमैन ने कहा यह नई वेधशाला अंतरिक्ष आधारित खगोल भौतिकी सर्वेक्षण मिशनों के समूह में शामिल हो रही है जो नासा के नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप के प्रक्षेपण की ओर अग्रसर है। इन अन्य मिशनों के साथ वेधशाला ब्रह्मांड के बारे में उन बड़े सवालों के जवाब देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


## इस साल भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता करेंगे



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफकोविक ने वैश्विक व्यापार चुनौतियों के समाधान के लिए एक दूरदर्शी और ठोस वार्ता की और 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता एफटीए संपन्न करने के अपने साझा संकल्प की पुष्टि की। बातचीत में दोनों नेताओं ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन द्वारा फरवरी 2025 में यूरोपीय संघ के आयुक्तों के कॉलेज की नई दिल्ली की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान दोनों पक्षियों के संबंधों को दी गई रणनीतिक दिशा पर आधारित है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गोयल की यूरोप की यात्रा के निष्कर्ष पर शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उच्च स्तरीय सहभागिता इस बात को रेखांकित करती है कि दोनों साझेदार एक व्यावसायिक रूप से सार्थक, पारस्परिक रूप से लाभकारी, संतुलित और निष्पक्ष व्यापार साझेदारी बनाने के लिए रणनीतिक महत्व रखते हैं जो आर्थिक सशक्त और समावेशी विकास का समर्थन करती है। गोयल की यूरोपीय संघ के साथ इस बातचीत में एफटीए वार्ता के विभिन्न पहलुओं पर हुई प्रगति पर प्रकाश डाला गया और मासिक बैठकों और निरंतर आभासी सहभागिता के माध्यम से चल रही गति को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने आपसी सम्मान और व्यावहारिकता की भावना से लंबित मुद्दों को हल करने के अपने उद्देश्य को दोहराया, जिसमें 12-16 मई 2025 को नई दिल्ली में होने वाला अगला दौर भी शामिल है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति के लिए प्रशुल्क कटौती चर्चाओं के साथ-साथ गैर- प्रशुल्कीय बाधाओं पर भी समान ध्यान देने की आवश्यकता है और नियामक ढांचे को समावेशी, आनुपातिक होना चाहिए तथा व्यापार को प्रतिबंधित करने से बचना चाहिए। भारत-यूरोपीय संघ एफटीए डिजिटल संक्रमण का समर्थन करके, विविध और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देकर वैश्विक वाणिज्य की उभरती वास्तविकताओं को प्रतिबिबित करने की आकांक्षा रखता है। विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों पक्षों ने आशा व्यक्त की कि एक बार समझौता हो जाने पर, यह व्यापक भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी के एक परिवर्तनकारी स्तंभ के रूप में काम करेगा, बाजार में प्रवेश की सुगमता को बढ़ाएगा, नियामक सहयोग का समर्थन करेगा और दोनों पक्षों में नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा।

## भारत के निर्यात में 6.01% की वृद्धि

### 824.9 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूआः आरबीआई



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मार्च 2025 के लिए सेवा व्यापार पर जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत का कुल निर्यात (वस्तु एवं सेवा निर्यात सहित) 6.01 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2024.25 में 824.9 अरब डालर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया है। रिजर्व बैंक के आंकडों के अनुसार सेवा निर्यात ने विकास की गति को आगे बढ़ाया, जो 2024.25 में 387.5 अरब डॉलर के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के 341.1 अरब डॉलर से 13.6 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में, सेवा निर्यात 35.6 अरब डॉलर रहा, जो मार्च 2024 में 30.0 अरब डॉलर की तुलना में 18.6 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि दर्शाता है। पिछले वर्ष सकल निर्यात 778.1 अरब डॉलर के बराबर था। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा देश के व्यापार की प्रगति की राह में एक नया मील का पत्थर स्थापित करता है। वर्ष 2024-25 में, पेट्रोलियम उत्पादों को छोड़कर व्यापारिक निर्यात बढ़कर रिकॉर्ड 374.1 अरब डॉलर हो गया, जो 2023.24 में 352.9 अरब डॉलर से 6.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है।

## गिफ्ट निफ्टी ने अप्रैल 2025 में रचा नया कीर्तिमान

**मुंबई।** गिफ्ट निफ्टी ने अप्रैल 2025 में 100-93 अरब डॉलर का अब तक का सबसे उच्च मासिक कारोबार हासिल करके एक नया कीर्तिमान बनाया है। यह उल्लेखनीय यह कीर्तिमान सितंबर 2024 में 100.7 अरब डॉलर के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गई है। यह भारत की विकास कहानी के लिए एक बेंचमार्क के रूप में गिफ्ट निफ्टी में बढ़ती वैश्विक रुचि और विश्वास को दर्शाता है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि हमें गिफ्ट निफ्टी की सफलता को देखकर खुशी हुई है।